फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -194, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 2

एक नजर

आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ''आप'' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया। वरिष्ठ वकील सिंघवी ने ''आप'' के राष्ट्रीय पार्टी होने और आने वाले लोकसभा चुनाव में उसके भाग लेने का हवाला देते हुए दो-तीन महीने की मोहलत देने की गुहार लगाई, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 (अंतरात्मा की स्वतंत्रता एवं धर्म को अपनाने, अनुपालन और प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

आठवें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी

रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी

फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

स्वच्छ राजनीति सुनिश्चत करने वाला फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार

140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'

यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

आपत्तिजनक वीडियो में फंसे बाराबंकी से भाजपा सांसद बोले

निर्दोष साबित होने तक कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- सांसद उपेंद्र रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश

अमृत विचार : बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। कयास लगने लगे हैं कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी बनाएगी?

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रावत का कहना है कि उनका वायरल वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। कुछ ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था। रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

ईंट से चेहरा कूंचकर युवक की हत्या

उन्नाव सदर कोतवाली के अकरमपुर में मिला शव, आरोपी पुलिस हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- पत्नी के प्रेम संबंध का आरोप पुलिस कर रही पूछताछ
- आगरा के सिकंदरा थानांतर्गत जऊपुर गांव निवासी था युवक

अमृत विचार : सदर कोतवाली अंतर्गत अकरमपुर में सोमवार सुबह एक श्रमिक की ईंट से सिर व चेहरा कूंचकर हत्या कर दी गई। शव के पास में खून सनी ईंट भी मिली है। पुलिस, फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। बड़े भाई ने एक युवक पर प्रेम-प्रसंग में शराब पिलाने के बाद छोटे भाई की हत्या करने का आरोप लगाया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

आगरा जिले के सिकंदरा थानांतर्गत जऊपुर गांव निवासी विष्णु जाटव (25) करीब 15 दिन पहले पत्नी काजल व तीन वर्षीय बेटे माहिर के साथ उन्नाव आया था। यहां उसका बड़ा भाई शशी परिवार के साथ जूते के अपर बनाने वाले कारखाने में काम करता है। उसके कहने पर कारखाना संचालक ने विष्णु को भी नौकरी पर रख लिया था। वह किराये का कमरा लेकर भाई से अलग रहता था। रविवार को विष्णु घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह अकरमपुर के विश्वेशर महादेव मंदिर के सामने एक चाय की गुमटी के पास उसका लहूलुहान शव पड़ा मिला। चेहरे व सिर पर गहरी चोटें थीं। पुलिस पहुंची और जांच की तो पास में ही खून सनी ईंट बरामद हुई। फोरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम बुलाई गई। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। भाई शशी ने बताया कि जऊपुर गांव के दीपक कुमार जाटव का भाई की पत्नी से मेलजोल था और वह रविवार को यहां आसपास देखा भी गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दीपक कुमार को पकड़ा और कोतवाली लाई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी कुंदन रोड के पास एक जूता फैक्ट्री में काम करता है।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी का आरोप : लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने की सरकारी धन की हेराफेरी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

सरकारी नल पर पानी भरने के लिए गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- गांव के ही दो किशोरों पर है आरोप, एक गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज
- बेहोशी की हालत में तड़के घर से कुछ दूरी पर डाल गए आरोपी

अमृत विचार : सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम घर से कुछ दूर सरकारी नल पर पानी भरने गई 13 वर्षीया किशोरी को दो किशोरों ने दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ी तो उसके घर से कुछ दूर बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 13 वर्षीया पुत्री रविवार की शाम करीब सात बजे घर से कुछ दूर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। जहां से गांव के ही 15-17 साल के किशोरों ने उसे दबोच लिया। गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग नल पर पहुंचे तो उसकी बाल्टी रखी मिली। गांव के आसपास अक्सर बाघ की चहलकदमी के कारण घरवालों को आशंका हुई। इस पर उसकी ग्रामीणों के साथ तलाश की, सोमवार तड़के करीब तीन बजे पुत्री बेसुध हालत में घर से कुछ दूर पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई। उसे लेकर घर वाले थाना सिंगाही पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया गांव पहुंचे और पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

> दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। - **पवन गौतम**, एएसपी (पूर्वी)

पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदित्य एल-1 की लॉचिंग के दिन चला था पता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

रालोद ने घोषित किए उम्मीदवार

लखनऊ। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

मिसाल पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

सब्जी-फलों की खेती से सालाना 80 लाख का कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

अमृत विचार : न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

पेरिस, एजेंसी

गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता, हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं बल्लेबाज

बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे। रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

- **ओवर स्पिन, साइड स्पिन, स्टंप पर कसी गेंदबाजी के साथ वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करते हैं रविचंद्रन**



रूट ने कहा कि तमिलनाडु का यह गेंदबाज अक्सर एक ओवर में 6 अलग-अलग तरह की गेंद डालता है। अश्विन सुनिश्चित करता है कि आपको पिछली गेंद नहीं खेलनी पड़े। वह आपको क्रीज पर आगे लाने की कोशिश में माहिर है। अश्विन नई और पुरानी गेंद से अलग-अलग तरह का खतरा पेश करता है। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के खिलाफ इस श्रृंखला में कारगर नहीं हो सकी, जिसमें वह अभी मेजबानों से 1-3 से पिछड़ रही है। रूट ने कहा कि इंग्लैंड की टीम इससे हताश नहीं हुई। ऐसा मत सोचिए कि टीम हताश है। हमारा शीर्ष क्रम पिछले समय की तुलना में काफी निरंतर हो गया है। लेकिन दूसरी पारी में यह आक्रामक बल्लेबाजी थोड़ी पेचीदा हो सकती है। ऐसा भी समय होगा जब हमें थोड़ा समझदारी से खेलना होगा लेकिन यह टीम पछतावा नहीं करती। हमें हर मौके से सीख लेने की जरूरत है।

खेल डायरी

अदालत ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव के खिलाफ पहलवानों की याचिका पर केंद्र और महासंघ से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र सरकार, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को इस मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी। इन पहलवानों ने पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 7 महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर प्रदर्शन किया था। पहलवानों के वकील राहुल मेहरा हैं जबकि डब्ल्यूएफआई की ओर से डी कृष्णन पैरवी कर रहे हैं।

सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

सैंटियागो, एजेंसी। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

चिली ओपन

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

वेलिंगटन, एजेंसी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं कैमरन ग्रीन

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ दिसंबर में होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रह सकते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बजाय ग्रीन ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता शैफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भी यही रणनीति थी और ग्रीन ने पहले टेस्ट मैच में 174 रन की नाबाद पारी खेलकर इसे सही साबित किया था। ग्रीन को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रखना बड़ा फैसला होता है वह भी तब जबकि वह आपकी सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल होने की काबिलियत रखता हो। इसलिए मुझे खुशी है कि ग्रीन ने हमारा सुझाव माना और इसके बाद शानदार वापसी की।

मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि

श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

हैदराबाद, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम

क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।

मैनचेस्टर सिटी ने युनाइटेड को हराया

ईपीएल

मैनचेस्टर, एजेंसी। फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हराया। मार्कस रशफोर्ड ने आठवें मिनट में गोल करके मैनचेस्टर युनाइटेड को बढ़त दिलाई। इस गोल से वह मध्यांतर तक 1-0 की बढ़त पर था। सिटी ने दूसरे हाफ में वापसी की। फोडेन ने 56वें मिनट में गोल दागा और फिर 80वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने इंजरी टाइम में सिटी की तरफ से तीसरा गोल किया। इस जीत से सिटी के 27 मैच में 62 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से 1 अंक पीछे है।

बॉलीवुड हलचल

ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है । फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

जमदग्नि आश्रम का शीघ्र होगा सुंदरीकरण

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। रसूलाबाद क्षेत्र के जमथरखेड़ा गांव में स्थित ऐतिहासिक जमदग्नि आश्रम का सुंदरीकरण करने के लिए शासन से 1.25 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। आश्रम का सुंदरीकरण होने के बाद यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

भगवान परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि का आश्रम जमथरखेड़ा में है। इसके करीब तीन किलोमीटर दूर परशुराम जी की जन्मस्थली परसौरा है। जोत गांव के पास ऊंचे टीले पर जमदग्नि आश्रम बना हुआ है। हिंदू आस्था के इस स्थल पर पर्यटन विकास को लेकर सुंदरीकरण की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए प्रदेश शासन की ओर से 1.25 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया गया है।

जोत गांव स्थित ऐतिहासिक जमदग्नि आश्रम। अमृत विचार

सुंदरीकरण का जिम्मा कार्यदायी संस्था उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को दिया गया है। जल्द ही ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद सुंदरीकरण का काम शुरू होगा। सुंदरीकरण के तहत आश्रम स्थल पर स्टोन वर्क, वाटर प्रूफिंग, दीवारों पर प्लास्टर आदि कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही दो वाटर कूलर और 500 लीटर क्षमता के दो वाटर टैंक लगाए जाएंगे। बिजली की वायरिंग से संबंधित काम होंगे। परिसर में सात स्थानों पर एक्जास्ट फैन लगाए जाएंगे। कंक्रीट के पांच कूड़ेदान, रेड स्टोन की दस बेंच रखी जाएंगी।

- आश्रम के सुंदरीकरण के लिए 1.25 करोड़ का बजट जारी
- पर्यटन को बढ़ावा दोने के लिए सुंदरीकरण का हुआ फैसला

राज्य पर्यटन विकास निगम कराएगा काम

राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जमदग्नि आश्रम के सुंदरीकरण और पर्यटकों के लिए जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश शासन से बजट जारी हो गया है। जल्द ही काम शुरू होगा।

फायरिंग की जांच करेगी रूरा पुलिस

फालोअप

संवाददाता, कानपुर देहात

- सिहुराभावन मामले में पूर्व सांसद ने रनियां पुलिस की भूमिका बताई थी संदिग्ध
- बीती 29 फरवरी को खनन के दौरान बवाल मामले को एसपी ने किया स्थानांतरित

अमृत विचार। रनियां क्षेत्र के सिहुराभावन गांव में 29 फरवरी की रात में ग्राम प्रधान ने अवैध खनन व फायरिंग करने का आरोप लगाकर राज्यमंत्री व पूर्व सांसद को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची राज्यमंत्री व पूर्व सांसद ने एसडीएम व पुलिस बुलाकर खनन रुकवा दिया था और रनियां पुलिस पर आरोप लगाया था। एसपी ने मामले की जांच रूरा थाने को दी है।

रनियां क्षेत्र के सिहुराभावन गांव में अवैध खनन का आरोप लगाकर 29 फरवरी की रात करबक प्रधान ओम प्रकाश पहुंचकर रोकने लगे थे। उनका आरोप है कि वहां लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। प्रधान की सूचना पर रात में ही राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी समर्थकों के साथ पहुंच गए थे। खनन कराने वाले भाग निकले थे। मौके पर पहुंचे एसडीएम, सीओ सदर व रनियां थाना पुलिस ने विधायक का स्टीकर लगी एक स्कार्पियो, जेसीबी व दो डंपर कब्जे में लिए थे। राज्यमंत्री व पूर्व सांसद ने अफसरों को फटकार लगाते हुए एसडीएम व सीओ को खनन स्थल भी दिखाया था। इसके बाद ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने रनियां निवासी सरल प्रताप सिंह, पुखरायां निवासी जय कुमार, पेराजोर निवासी रामजी, रनियां निवासी रोहित, व सुधीर अग्रवाल सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। प्रधान का आरोप था कि खनन रोकने पर गाली गलौज और गोली चलाने लगे थे। इसके बाद उन्होंने कुचलने का प्रयास किया था। मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले कई कार भाग गई थी। पूर्व सांसद ने मामले में रनियां पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताया था। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने जांच रूरा थाना ट्रांसफर कर दी है। रनियां एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि मिट्टी खनन मामले की जांच रूरा थानाध्यक्ष करेंगे।

हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

भोगनीपुर थाना क्षेत्र के डींघ गांव के समीप हुआ हादसा, मौत की खबर घर पहुंचने पर परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, पुखरायां

अमृत विचार। डींघ गांव के समीप तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मलासा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कपिल।

हादसे के बाद छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप (35) और गोपालपुर निवासी कपिल (32) रविवार की देर शाम बाइक से पुखरायां की ओर आ रहे थे, तभी भोगनीपुर क्षेत्र के डींघ गांव के समीप उनकी बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उपचार के लिए मलासा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने कपिल को मृत घोषित कर दिया।

दूसरे घायल वीरेंद्र प्रताप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी चौकी इंचार्ज ने मृतक के परिजनों को दी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। चौकी इंचार्ज देवीपुर धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की गई जान

रनियां। विसायकपुर चौराहे पर हाईवे पार कर रहे वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में परिजन वृद्ध को कानपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। रनियां थाना क्षेत्र के फतेपुर रोशनाई के मजरा आर्यनगर द्वितीय निवासी मेवालाल (65) सोमवार को विसायकपुर में हाईवे पार कर मेडिकल स्टोर से दवा लेने जा रहे थे। उसी दौरान अकबरपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेवालाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को हाईवे किनारे बैठाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बेटे जितेंद्र, ब्रजेश वृद्ध को कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने मौत की सूचना रनियां पुलिस को दी। इस संबध में एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मेवालाल।

सार-संक्षेप

छात्रावास का निरीक्षण करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

राजकीय महाविद्यालय के छात्रावास मिले बदहाल

कानपुर देहात। अकबरपुर क्षेत्र के शहजादपुर गांव के समीप स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बालक-बालिका छात्रावासों का रविवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावासों में गंदगी पाई गई। खिड़की के शीशे टूटे थे और दरवाजों की लकड़ी में दीमक लगी पमिली। कमरों में लगी लाईट के तार भी खिंचे हुए पाए गए। सीडीओ ने निर्देशित किया है कि छात्रावासों की साफ-सफाई सुचारू रूप से करा दी जाए। जिन कमरों के खिड़की-दरवाजे सही हैं। उन कमरों में छात्रों को आवासित कराना सुनिश्चित करें।

आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में बढ़े मरीज

मूसानगर। मौसम परिवर्तन का प्रभाव राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मूसानगर में भी देखा गया। बदली होने से मरीजों का पहुंचना कम रहा। हालाकि बदलते मौसम में संक्रामक रोगों के ग्रस्त मरीज बढ़े हैं। इसके साथ ही खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीजों की संख्या भी अधिक रही। सोमवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मूसानगर में 25 मरीज़ आए। जिसमें 19 मरीज जुकाम-बुखार से पीड़ित रहे। उनकी जांच कर दवा का वितरण किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के डॉ. विजय प्रसाद ने कहा कि खराब मौसम के चलते सोमवार को मरीज कम पहुंचे हैं। अन्य दिनों में संक्रामक रोगों के मरीज काफी आ रहे हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि बदलते मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे में सर्दी लगने या बुखार आने पर तत्काल अपने आपसे दवाओं का सेवन न करें। पहले डाक्टर से सलाह लें।

मूंगफली किट के साथ किसान।

किसानों को बांटी गई निशुल्क मूंगफली किट

कानपुर देहात। अकबरपुर विकासखंड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर किसानों को मूंगफली किट का निशुल्क वितरण किया। राजकीय कृषि बीज भंडार के सहायक विकास अधिकारी अमर सिंह पाल ने बताया कि पहले से किसानों की मूंगफली की पैदावार काफी बढ़ चुकी है। प्रत्येक किसान को एक किट में 20 किलो मूंगफली दी गई है, जो दो बीघा के लिए पर्याप्त हैं। किसान श्रीबाबू गुप्ता, नरेश कुमार, सुनील कुमार, बहादुर, गेंदालाल आदि किसानों ने योजना का लाभ लिया। इस दौरान बीज भंडार के बच्चन लाल आदि मौजूद रहे।

बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद रवाना हुए किसान

कानपुर देहात। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंर्तगत न्यूट्रीयीरियल घटक में दो दिवसीय कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण 5 व 6 मार्च तक भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान हैदराबाद एवं भारतीय धान अनुसंधान संस्थान हैदराबाद में होगा। रविवार को सीडीओ लक्ष्मी एन. ने विकास भवन से के लिए 50 किसानों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की उन्नत खेती व इनसे बनने वाले विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, मिलेट्स उत्पाद के विपणन आदि के विषय में कृषि वैज्ञानिक प्रशिक्षण, भ्रमण वं व्याख्यान देंगे। साथ ही कृषकों को धान की उन्नति खेती के विषय में भी जानकारी देने के लिए संवाद स्थापित किया जाएगा। जिससे धान एवं श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन में बढोत्तरी की जा सके। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर उमेश गुप्ता मौजूद रहे।

आगामी चुनाव को लेकर बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

चुनाव में मताधिकार का प्रयोग मौलिक अधिकार

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार। नगर पंचायत सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम व सीओ ने अध्यक्ष, सभासदों व सांभ्रात नागरिकों के साथ बैठक की।

सोमवार को बैठक के दौरान एसडीएम भोगनीपुर राजकुमार चौधरी ने बताया कि मतदान सभी का अधिकार है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करे। वहीं राकेश गुप्ता, पवन चौरसिया, गोविंद गुप्ता, अंकित कौशल आदि ने कहा कि वार्ड नंबर नौ अच्युतानंद शास्त्री नगर व वार्ड नंबर 14 आजाद नगर के लोगों का मतदान केंद्र दूर है। जिससे वोटिंग कम रहने की संभावना हो जाती है। इसके लिए एक अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाया जाए।

सीओ देवेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान अराजक और असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। बैठक में थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक बिंदा प्रसाद, लेखपाल प्रवीन शुक्ला, नय्यूम अली, नसीम, अर्जुन निषाद, सुनील प्रजापति, छोटू आदि मौजूद रहे।

एनएसपी पोर्टल पर 73 कालेजों ने नहीं कराया सत्यापन

कानपुर देहात। जिले के 73 कॉलेज ऐसे हैं, जो एनएसपी (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल) पर पंजीकृत या फिर सत्यापित नहीं है। जिससे आवेदन करने के बाद भी छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति अटक सकती है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने कॉलेजों को सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर कॉलेजों का पंजीयन और सत्यापन जरूरी है। ऐसा न कराने पर इन कॉलेजों की छात्रवृत्ति का सीधा नुकसान छात्रवृत्ति आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ेगा। कॉलेजों को अभी पोर्टल पर सत्यापन व पंजीकरण का मौका है। जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में छात्रवृत्ति पटल लिपिक शैलेंद्र ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया आसान है। कॉलेज के प्राचार्य व नोडल को पंजीकरण व सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर हार्डकॉपी कार्यालय में जमा करानी है। 12 मार्च तक इसके लिए मौका है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि कार्यालय से कॉलेजों को कई बार पत्र भेजे गए हैं। अन्य माध्यम से भी अवगत कराया गया है। सभी को पंजीयन व सत्यापन कराना होगा।

परीक्षा के दो घंटे पहले इंटर की छात्रा ने फंदा लगा दे दी जान

संवाददाता, सिकंदरा

- घटना के समय घर में अकेली ही थी छात्रा
- छानबीन में पैंट से सुसाइड नोट बरामद

अमृत विचार: इंटरमीडिएट की छात्रा ने संदिग्ध हालत में परीक्षा के दो घंटे पहले घर में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय छात्रा घर में अकेली थी। उसके पैंट से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल आत्महत्या की वजह मानसिक तनाव माना जा रहा है।

छात्रा शिवानी।

सिकंदरा कस्बे के जवाहर नगर निवासी संजय दिवाकर की पुत्री शिवानी (17) इंटरमीडिएट की छात्रा थी। सोमवार को उसकी भौतिक विज्ञान की परीक्षा थी, लेकिन परीक्षा देने जाने के बजाय उसने घर के अंदर कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर जान दे दी। घटना के समय मां राखी जूनियर हाईस्कूल में मिडडे मील बनाने गई थी, जबकि पिता संजय दिवाकर मजदूरी करने गया था।

चौदह वर्षीय भाई शिवम दिल्ली में रिश्तेदारों के पास रह रहा है। सबसे छोटा भाई आर्यन स्कूल गया था। बताते हैं कि चचेरे भाई अमन ने घर का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा नहीं खुलने पर कमरे में झांक कर देखा तो शिवानी का शव लटक रहा था। उसने फौरन परिजनों को सूचना दी। पिता संजय दिवाकर की सूचना पर पुलिस ने छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने शिवानी की पैंट के जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। परिजनों ने बोर्ड परीक्षा की वजह से मानसिक तनाव में रहने की बात कही है। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट की पड़ताल की जा रही है।

छात्रा की मौत पर बिलखते परिजन।

कई प्रस्ताव पारित | नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में भवन नक्शा का प्रस्ताव, कैबिनेट मंत्री ने नई जेसीबी का किया पूजन

मूसानगर में मानचित्र नियमावली लागू करने की तैयारी

संवाददाता, मूसानगर

अमृत विचार। नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक का आयोजन अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने नगर पंचायत में आई नई जेसीबी मशीन का पूजन कर मौजूद सभासदों के साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पारित किए।

सोमवार को मूसानगर नगर पंचायत में आयोजित बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष पूजा निषाद समेत 15 वार्डों के सभासद मौजूद रहे। इस दौरान जल निकासी व प्रबंधन, पेयजल योजना, मार्ग प्रकाश, गृह व जल कर के प्रस्ताव बनाए गए। ईओ संजय पटेल ने बताया कि बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव बनाए गए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से भवन निर्माण मानचित्र नियमावली का प्रस्ताव बोर्ड में पारित किया गया। इस नियमावली के लिए आपत्ति व सुझाव गजट के माध्यम से मांगे जाएंगे। इसके बाद नियमावली को शासन के राजकीय मुद्रण प्रिंटिंग प्रेस प्रयागराज से प्रिंट कराया जाएगा। जिससे लोगों को अधिकृत भवन नक्शा पारित किया जा सके। गृह व जलकर नीति का भी प्रस्ताव बनाया गया। जो जल्द ही नियमावली के अनुसार लागू किया जाएगा। सभी वार्डों में मार्ग प्रकाश के लिए विद्युत पोल लगाकर स्ट्रीट लाईट लगाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने नगर पंचायत में आई नई जेसीबी मशीनों का पूजन करते हुए कहा कि सरकार नगर निकायों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद, सभासद सूरज चौहान, अपसाना खातून, रुबी बेगम, आशिया खातून, मतीन अहमद, रागिनी, नौशाद, सज्जन निषाद, उज्ज्वल कौशल, अकरम, सुनील पाल, दिलशाद आदि रहे।

बोर्ड की बैठक में मौजूद कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अध्यक्ष पूजा निषाद।

नगर पंचायत में आई नई जेसीबी की सीट पर बैठे कैबिनेट मंत्री। अमृत विचार

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शटल सेवा के विरोध में ई-रिक्शा चालक सड़क पर उतरे, हंगामा

बाकरगंज चौराहा किया जाम, किदवई नगर से घंटाघर चौराहे तक संचालन की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा चलाए जाने के विरोध में ई-रिक्शा चालक सड़क पर उतरे। किदवई नगर से घंटाघर तक ई-रिक्शा संचालन की मांग पर चालकों ने बाकरगंज चौराहा जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा, एसीपी ट्रैफिक, बाबूपुरवा पुलिस समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। एसीपी ट्रैफिक ने लिखित रूप से समस्याएं मांग कर उसके निदान का आश्वासन दिया, जिसके बाद ई-रिक्शा चालकों ने जाम खोला। इस दौरान पुलिसकर्मियों की ई-रिक्शा चालकों से झड़प भी हुई।

घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए बीते शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने बाकरगंज से घंटाघर तक शटल सेवा शुरू की थी। एडीसीपी ट्रैफिक शिवा सिंह व एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने 45 टेपों में घंटाघर सेवा का लोगो लगाकर शटल सेवा की शुरुआत की थी। बताया था कि घंटाघर को ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के लिए यशोदा नगर, नौबस्ता, किदवई नगर से आकर घंटाघर की ओर जाने वाले ई-रिक्शा बाकरगंज चौराहे तक आएंगे। इसके बाद शटल सेवा में लगी टेपों से राहगीर घंटाघर की ओर जाएंगे और वापस आएंगे। घंटाघर चौराहे पर ई-रिक्शा पर रोक लगने के बाद सोमवार सुबह सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा चालकों ने बाकरगंज चौराहे पर रिक्शा लगाकर जाम कर दिया। रिक्शा चालकों ने किदवई नगर से घंटाघर तक ई-रिक्शा संचालन की मांग की। ई-रिक्शा चालक सैय्यद शाबान, एबाद हसन, नरेंद्र कुमार, सुरेश, महताब आलम, निखिल कुमार, मनीष गुप्ता ने आरोप लगाया कि घंटाघर से किदवई नगर आनी वाली सवारियां बाकरगंज चौराहे पर उतरने के बाद उचित दाम देने से आनाकानी कर रहीं हैं। नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल ई-रिक्शा चालकों पर सख्ती की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। किदवई नगर से घंटाघर वाले रूट पर भारी संख्या में सवारियों का आवागमन होता है। रूट बंद करने से धंधा चौपट हो रहा है। आक्रोशित चालकों ने कहा कि अगर पाबंदी नहीं हटाई गई तो सभी चालक ई-रिक्शा वापस करने को बाध्य होंगे। एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ सिंह, एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह समेत बाबूपुरवा, किदवई नगर, नौबस्ता, गोविंद नगर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ट्रैफिक ने ई-रिक्शा चालकों को लिखित समस्या देने पर निराकरण का आश्वासन दिया।

ई रिक्शा चालकों को समझातीं एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह। अमृत विचार

बाकरगंज में नहीं छोड़ी सवारी तो होगी कार्रवाई

आक्रोशित ई-रिक्शा चालकों ने एसीपी सृष्टि सिंह से बताया कि टेंपो चालक घंटाघर से सवारियां लेकर किदवई नगर व नौबस्ता की ओर जा रहे हैं, जिस कारण उनका धंधा पूरी तरह से चौपट हो रहा है। साथ ही ई-रिक्शा के अलावा अन्य सवारी वाहन मार्ग पर चलने का आरोप लगाया। जिस पर एसीपी ने बताया कि सिर्फ शटल सेवा का लोगो लगे वाहन ही घंटाघर तक जाएंगे। शटल सेवा वाले वाहनों को बाकरगंज में सवारियां उतारने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर टेंपो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घंटाघर से किदवई नगर की ओर सवारियां बढ़ने पर और टेंपो शटल सेवा में शामिल किए जाएंगे।

लोडर लेकर निकला चालक गायब, हत्या की आशंका

संवाददाता, सरसौल

- भागते समय लोडर में ही अपना मोबाइल छोड़ गए आरोपी
- मोबाइल की मदद से बदमाशों तक पहुंच सकती है पुलिस

अमृत विचार: लोडर लेकर निकले चालक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगने पर हत्या की आशंका जताई गई है। हालांकि लोडर बरामद हो गया है। लोडर में एक मोबाइल फोन भी मिला है, जिसके सहारे पुलिस अब बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

कानपुर देहात जिले के देवराहट थाना क्षेत्र के भलार गांव की सपना देवी ने महाराजपुर में तहरीर देकर बताया कि उसके पति अरुण लोडर चालक हैं। 29 फरवरी की सुबह 7 बजे वह भाड़ा लादकर शिकोहाबाद जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उसी दिन शाम को लगभग सात बजे पति ने अपने भाई (देवर) को फोन कर बताया कि उसका अपहरण हो गया है और अब शायद ही वह वापस आ पाएगा। अरुण जिस लोडर यूपी 77एटी-5068 को चलाता था, वह भोगनीपुर के नूरुलहुदा के नाम है।

सपना के मुताबिक फोन आने के बाद उन्होंने फौरन इसकी सूचना लोडर मालिक को दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से लोकेशन ट्रैस की गई तो आखिरी लोकेशन महाराजपुर क्षेत्र में प्रयागराज हाईवे पर नरवल मोड़ के पास मिली। इस सूचना के बाद महाराजपुर थाने की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए लोडर को ट्रैस किया तो उसमें सवार तीन लोग उसे सरसौल कस्बे के पास हाईवे पर लोडर को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने लोडर बरामद किया और उसे थाने ले गई। छानबीन के दौरान लोडर में पुलिस को एक मोबाइल फोन भी मिला है।

अब पुलिस उसी मोबाइल फोन के सहारे बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस में लगा दिया है। उधर, चालक अरुण के परिवार वालों को आशंका है कि लुटेरों ने भाड़े की आड़ में लोडर बुक करने के बाद अरुण की हत्या कर दी और लोडर को लूट लिया। परिवार वाले लोडर मालिक नूरुलहुदा पर भी गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं।

महाराजपुर एसओ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लोडर चालक की पत्नी की तहरीर पर लूट, अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पूरी संभावना है कि जल्द ही लोडर की लूट करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

सार-संक्षेप

मूसानगर में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का स्वागत करते कार्यकर्ता।

तीसरी बार प्रत्याशी बनीं साध्वी का स्वागत

मूसानगर। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फतेहपुर से भाजपा का फिर से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर उनके मूसानगर स्थित अच्युत ब्रम्हधाम अखंड परम धाम आवास पर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री को फूल माला भेंट की और एक-दूसरे को मिठाईयां बांटी। सोमवार को स्वागत के दौरान केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शीर्ष नेतृत्व व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर भरोसा करते हुए तीसरी बार टिकट दिया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार की बात कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने आश्रम में अपने गुरु महाराज अच्युतानंद शास्त्री की मूर्ति का पूजन किया। इसके बाद माता मुक्तेश्वरी मदिर व बालाजी धाम में मत्था टेका। वहीं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के बीच जश्न मनाया। जय श्री राम के उद्घोष से आश्रम परिसर गूंज उठा। इस मौके पर राजेंद्र निषाद, शशी निषाद, नीरज पांडेय, राजीव सोनी, राजेंद्र अग्रवाल, कमलेश गुप्ता, अशोक निषाद, भानू, पंकज राजावत आदि मौजूद रहे।

भाजयुमो के नए पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराते जिलाध्यक्ष परवेश कटियार।

हेमंत त्रिपाठी भाजयुमो के जिला मंत्री बने

मूसानगर। कस्बे के हेमंतराज त्रिपाठी को युवा मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर मिठाईयां बांटी। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परवेज कटियार ने हेमंत राज त्रिपाठी को जिला मंत्री मनोनीत किया है। स्वागत के दौरान अभिनव पाठक, साहू, मधुराज सिंह, राज ठाकुर, अभिषेक चौरसिया, ईश्वर नाथ मिश्रा, हर्षित गुप्ता, चंदन द्विवेदी, दुर्गेश द्विवेदी, रामजी गुप्ता, शुभम सविता, वैभव गुप्ता, अर्पित गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वहीं जिलाध्यक्ष परवेश कटियार ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले में संगठन के रिक्त पदों के क्रम में सत्यम चतुर्वेदी, तिरुप्रेष त्रिपाठी, विपिन दोहरे को जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष व सिप्पू कटियार को जिला मीडिया प्रभारी का नवीन दायित्व दिया गया है।

काशीपुर में निकली गई कलश यात्रा।

काशीपुर में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

रूरा। क्षेत्र के काशीपुर गांव में गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। काशीपुर गांव में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव व गया भोज कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसी के चलते सोमवार को गाजे-बाजे के साथ निकली विशाल कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर रमन सिंह, रामगोपाल सिंह, श्रीप्रताप सिंह गौर, हेमू सिंह, अनिल सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे।

नशे में विवाद के बाद युवक ने कर ली आत्महत्या

कानपुर देहात। डेरापुर थाना क्षेत्र के विसोहा गांव में एक युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता चेतराम ने बताया कि उनका पुत्र अंकित (21) नशे का आदी था। उसकी शादी आठ महीने पहले हुई थी। नशेबाजी की वजह से घर में अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार की देर शाम उसका नशे की हालत में घर आने के बाद परिजनों से विवाद हो गया। इसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गया और खेत में जामुन के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी तलाश करने पर परिजनों को शव पेड़ पर लटका मिला तो कोहराम मच गया। एसओ डेरापुर अनिल कुमार ने बताया कि घरेलू कलह में घटना की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक-अभिभावक बैठक को 9.63 लाख की धनराशि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- प्रति विद्यालय 500 के हिसाब से जारी की गई धनराशि

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ नई गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तरह परिषदीय विद्यालयों में भी शिक्षक-अभिभावक बैठक (टीचर-पैरेंट मीटिंग) व वार्षिकोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्कूलों को 9.63 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

बेसिक शिक्षा निदेशालय ने सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट व केजीबीवी में पहला आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने शिक्षक-अभिभावक बैठक सुबह दस से दोपहर एक बजे तक करने एवं इसकी पूर्व सूचना अभिभावकों को देंने, उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने, विस्तृत जानकारी रजिस्टर पर दर्ज करने व अभिभावकों के सुझाव भी नोट करने के निर्देश दिए थे। साथ ही वार्षिकोत्सव व बैठक में पूर्व छात्रों, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता को भी बुलाकर खेलकूद, दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने, विजेता बच्चों व उनके अभिभावकों को भी सम्मानित करने को कहा गया है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि 1926 स्कूलों को 9.63 लाख रुपये दिए गए हैं।

आरओबी निर्माण से रूरा में लगता जाम

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। क्षेत्र वासियों को आरओबी निर्माण के चलते लगने वाले भीषण जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। रेलवे फाटक को छह माह के लिए बंदकर आवागमन पर रोक लगाई गई है। उसके बाद भी लोगों को जांम में जूझना पड़ रहा है।

रूरा कस्बे में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते एक तरफ के एप्रोच मार्ग पर नाला शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। जबकि दूसरी तरफ रामलीला गली की तरफ से जाने वाले रास्ते में पाइपलाइन खुदाई के कारण रास्ता बंद होने से संकरे एप्रोच मार्ग पर दोनों दिशा से वाहन आ जाने पर सोमवार को भीषण जाम लग गया। जिससे लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल रहा और परेशान रहे। लोगों को आए दिन घंटों जाम में जूझना पड़ता है।

इसके बावजूद समस्या को दूर करने के लिए कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। सोमवार को बाजार का दिन होने के कारण कस्बावासियों व दुकानदारों को जाम के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शाम चार बजे तक भी जाम न खुल सका। कहने के लिए कस्बे में मार्ग परिवर्तन का बोर्ड तो लगा है, लेकिन उसकी उपयोगिता साबित नहीं हो पा रही है।

रूरा में अंडरपास मार्ग पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

होमगार्ड की लगती ड्यूटी

कस्बे में जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने अंडरपास से सीमेंटेड पत्थर लगाए हैं। होमगार्ड को ड्यूटी पर तैनात किया है। इसके बावजूद भयंकर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई लोग सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन निकालते हैं। जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है।

छह दिन बंद रहेगा भाऊपुर का गेट नंबर 86बी

कानपुर देहात। वरिष्ठ खंड अभियंता रेलपथ द्वितीय ने बताया कि किमी 1040/12/10 भाऊपुर के गेट नंबर 86बी (भाऊपुर यार्ड) के रेल पथ की मरम्मत होनी है, जिसके चलते 4 से 9 मार्च तक सड़क यातायात बंद रहेगा। इस दौरान वैकल्पिक यातायात की व्यवस्था गेट नंबर 85 बी व 84 ए के माध्यम से संचालित होगी।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक पिटा

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर राजपुर की भाग निकला। गांव के लोगों ने कार का पीछा किया। इस दौरान बेकाबू हुई कार ने दो अन्य लोगों को टक्कर मार कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने राजपुर में बैरियर लगाकर कार चालक को पकड़ लिया। लोगों ने चालक के साथ मारपीट की। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया है।

जनपद जालौन के बैरई गांव निवासी जाहर सिंह ने बताया कि सोमवार को वह अपने बेटे सचिन (17) को राजपुर के एक कालेज में इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी बेहमई गांव के सामने जालौन की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक कार समेत भाग निकला। ग्रामीणों ने कार चालक का पीछा किया। तभी दमनपुर गांव के सामने अनियंत्रित हुई कार ने बाइक सवार भाल गांव के लक्ष्मण (24) व कालपी थाना क्षेत्र के महेवा निवासी आयुष सिंह (14) को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने राजपुर पुलिस को घटना को सूचना दी। पुलिस ने राजपुर पुलिस चौकी के सामने बैरियर लगाकर कार रोककर चालक को हिरासत में ले लिया। घटना से नाराज लोगों ने पुलिस चौकी के सामने कार चालक की पिटाई कर दी। राजपुर चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि घटना के बाद कार को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं चालक कालपी के काजी पुर्वा निवासी मनीष विश्वकर्मा को हिरासत में ले लिया गया है। दुर्घटना में घायलों को राजपुर पीएचसी में इलाज कराया जा रहा है।

पुलिस चौकी में जुटी भीड़ को समझाती पुलिस। अमृत विचार

परिषदीय स्कूलों के बच्चों के शैक्षिक भ्रमण को एक लाख का बजट जारी

कानपुर देहात। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रूचि पैदा करने के उद्देश्य से सरकारी स्तर पर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूल के बच्चों को भी टूर पर ले जाया जाएगा। यह स्कूल ट्रिप बच्चों के लिए बिल्कुल मुफ्त होंगी। शासन की ओर से ट्रिप के लिए एक लाख रुपये का बजट दिया गया है। इसके तहत बच्चों के वाहन से लेकर नाश्ता-खाने की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान स्टूडेंट्स को ऐतिहासिक इमारतों और धरोहरों का भ्रमण कराया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय का कहना है कि ऐतिहासिक भ्रमण से बच्चे किताबी तनाव से मुक्त होते हैं और तरोताजा होकर फिर से पढ़ाई में जुटते हैं। जिन तथ्यों को वह किताब में देखते हैं। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखने से उनमें रूचि भी जागृत होती है। वह तथ्यों को ठीक से समझ भी पाते हैं।

अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर पर केस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अदालत के आदेश पर दर्ज की गई एफआईआर
- जुलाई में गर्भवती की इलाज के दौरान मौत का मामला

अमृत विचार। अकबरपुर के माती रोड स्थित एक निजी अस्पताल में पिछले साल जुलाई माह में इलाज के दौरान गर्भवती की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक, नर्स व स्टॉफ के खिलाफ लापरवाही की रिपोर्ट दर्ज की है।

अमराहट थाना क्षेत्र के महेशपुर निवासी नरेश ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी छह माह की गर्भवती पत्नी अमरावती की 22 जुलाई 2023 को तबीयत खराब हो गई थी। गांव की आशा के कहने पर उसने पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन उसे आराम नहीं मिला। आशा के कहने पर उसने पत्नी को अकबरपुर के पारस हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया, जहां उससे 20 हजार रुपये लिए गए। फिर 59100 रुपये और लिए गए। एक दिन बाद ऑपरेशन के नाम पर 1.30 लाख रुपये मांगे गए। इंतजाम न होने पर पत्नी का इलाज बंद कर दिया गया। 24 जुलाई को गर्भवती के साथ अस्पताल कर्मचारियों ने मारपीट की, जिससे उसकी शाम को मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस बुलाकर फंसाने की धमकी दी। इसके बाद वह पत्नी का शव लेकर चला गया। पोस्टमार्टम में उसके साथ मारपीट होने की रिपोर्ट आई। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बर्तन बेचने के बहाने लाखों रुपये की ठगी

मूसानगर। देवराहट थाना क्षेत्र के सिमरिया के मलखान सिंह की पत्नी सुशीला देवी ने तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी को दो महिलाएं बर्तन बेचने आईं थीं। महिलाओं ने पुत्री आरती को पुराने बर्तन के बदले एक नया स्टील का डिब्बा दे दिया और कहा कि घर में रखे सोने व चांदी के जेवर का कुछ भी सामान दोगी तो एक दिन बाद जेवर वापस कर कंपनी से नकदी मिलेगी। पुत्री ने चांदी की अंगूठी दे दी। अगले दिन दोनों महिलाओं ने अंगूठी वापस कर चांदी की तोड़िया लेकर सिल्वर की कढ़ाई दी। तीसरे दिन तोड़िया वापस कर सोने का माला लेकर चली गई। एक मार्च को फिर से दोनों आईं और सोने व चांदी के कोई भी 11 नग देने पर एक लाख रुपये नकदी का झांसा देकर लगभग तीन लाख रुपये का जेवर लेकर चली गई, लेकिन फिर वापस नहीं आईं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं अजीजुल हक पुत्र समीउल्लाह सिद्दीकी मेरे फ्लैट नं. 105 प्रथम तल परिसर सं. 14/138, 14/143, 14/144, 14/144ए. व 14/144 बी, चक नं. 14 चुन्नीगंज कानपुर का निष्पादन दिनांक 29/06/2010 को बहीं सं. 1 जिल्द सं. 5172 पृष्ठ सं. 399 से 436 पर क्रमांक 2143 आत्माराम खत्री द्वारा क्रय किया गया है जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है जिसका उपयोग अवैधानिक माना जायेगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं SANJAY LOHIA पुत्र RAJENDRA KUMAR LOHIA निवासी– 1061, बाधमण्डी खैराबाद सुलतानपुर। कुछ अभिलेखों में मेरा नाम SANJAY LOHIYA है। जिस SANJAY LOHIA के नाम से जाना और समझा जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैनें अपना नाम KHURSHID BANO JEELANI से बदलकर KHURSHID AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। KHURSHID AHMAD D/O MISQEEN ALI, 55,ELDECO GREENS, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, 226010, U.P.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राम सुंदर भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 213963223 के नामित रूप में रामावती अंकित हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेख में मेरा नाम मायावती है। मैं मायावती व रामावती दोनों ही नाम से जानी जाती हूं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। – मायावती रामावती पत्नी स्व0 राम सुंदर, निवासी– ग्राम– सेमरहवा, पोस्ट – राजापुर परसौरा, जिला– गोंडा

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 T0275197 में मेरा नाम TAUQIR S/O TAUFAIK दर्ज है जो कि गलत है, मेरे प्रमाणपत्र आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम TOQEER ALAM S/O TAUFEEK KHAN दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। –तौकीर आलम पुत्र तौफीक खान नि0– ग्रा0 दक्खिन गांव धनेशा राजपूत तहसील मुसाफ़िर खाना जिला अमेठी।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' कानपुर नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र-4

1. प्रकाशन का स्थान	: लखनऊ
2. प्रकाशन की अवधि	: दैनिक
3. मुद्रक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली
4. प्रकाशक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: 14/76- एल सिविल लाइन्स कानपुर नगर, उ0प्र0- 208001
5. सम्पादक का नाम	: शंभू दयाल वाजपेयी
क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
पता	: 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों।	: रुहेलखंड इंण्टरप्राइजेज बरेली

मैं शंभू दयाल वाजपेयी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

तारीख: 5 मार्च, 2024

हस्ताक्षर
शंभू दयाल वाजपेयी
मुद्रक/प्रकाशक

फूल बचे न बीज, खेतों में बिछ गई गेहूं की फसल

बारिश और ओले ने फसलों को किया बर्बाद, तीन दिन से बारिश और कुछ स्थानों पर हुई ओलावृष्टि

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बीते तीन दिन से बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को भी भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट भी हो रही है। जिससे लोगों को सुबह-शाम सर्दी का एहसास हो रहा है। इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं।

बेमौसम बारिश से जिले में गेहूं, सरसों और आलू की फसलों में नुकसान की आशंका जताई जा रही है। जिल के कई गांव में ओलावृष्टि हुई है। जिसमें सरसों में लगभग 25 प्रतिशत नुकसान होने का फिलहाल अनुमान है। किसानों ने इस नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। जिले में लगातार तीन दिन से मौसम खराब है। मार्च में तेज हवाओं के साथ बारिश, ओलावृष्टि ने जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। रविवार की रात तेज गरज के साथ बारिश और जिले के विभिन्न स्थानों पर ओलावृष्टि हुई है। बेमौसम बारिश ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। नुकसान का अभी आकलन नहीं किया जा सका है लेकिन कृषि विभाग टीमें भेजकर सर्वे करवाने में जुट गया है। जिन स्थानों पर ओले गिरे हैं। इससे खेती पर खराब प्रभाव पड़ेगा। बीते शनिवार से जिले में बरसात हो रही है। आमतौर पर मार्च में बरसात और ओलावृष्टि नहीं होती लेकिन इस बार बारिश हो रही है जो खेती के लिए ठीक नहीं है। इस बेमौसम बारिश से आलू, गेहूं व लाही की फसल बर्बाद हो रही है। सरसों के फूल झड़ रहे हैं तो तेज हवा के कारण गेहूं की फसल खेतों में ही बिछ गई हैं। जिससे इनके अच्छादन पर खासा प्रभाव पड़ेगा।

बारिश व ओलावृष्टि से गिरी गेंहू की फसल। अमृत विचार

खेतों में बर्बाद हो गई सरसों की फसल। अमृत विचार

- सुबह-शाम सर्दी का एहसास हो रहा है, ऐसे मौसम से लोग बीमार भी हो रहे

किसान निहार रहे आसमान की ओर

- किसान मोहित यादव, राजू, शिरोमणि सिंह आदि का कहना है कि इस साल बेमौसम बरसात ने परेशान किया है। मेहनत पर पानी फेर दिया है। सरसों की फसल पककर तैयार है। बारिश और तेज हवाओं से खड़ी फसल खेतों में बिछ गई हैं। हो रहे नुकसान की भरपाई होना सम्भव नहीं दिख रहा है।

सरसों की फसल को हुआ भारी नुकसान

किसानों की मानें तो इस साल फरवरी एवं मार्च में बारिश होने से मेहनत पर पानी फेर दिया है। सरसों और आलू की फसल तैयार थी। बारिश से आलू की खुदाई रुक गई और सरसों की फलियां टूट कर खेतों में ही बिछ गईं हैं। सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह से आलू खेत में पानी भर जाने से आलू सड़ने की आशंका बढ़ गई है।

> अभी तक तीन बार बारिश हुई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे हैं। फसलों के नुकसान का अनुमान है। इसके मद्देनजर टीमें सर्वे कर रही हैं। बीमा कंपनी को भी निर्देशित किया जा चुका है।
>
> –राम मिलन सिंह, कृषि उपनिदेशक

बेमौसम बारिश से शहर की गलियां बन गईं तालाब, लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कई मोहल्लों में जलभराव होने से नगर निकायों के सफाई के दावे की खुल गई पोल
- पालिका को जलभराव की सूचना देने के बाद भी सफाई करने नहीं पहुंचे कर्मचारी

अमृत विचार। बीते तीन दिनों से कभी झमाझम तो कहीं मध्यम एवं हल्की बारिश ने शहर समेत कस्बों की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। ज्यादातर इलाको में पानी भर गया। कई मोहल्लों की नई बस्तियों की गलियां पूरी तरह से पानी से लबालब हो गईं। इसी तरह से जहानाबाद, बिंदकी एवं अन्य नगर निकाय क्षेत्रों के हाल रहे।

शहर के 34 वार्डो में करीब आधा सैकड़ा नालों से निकासी की व्यवस्था है। पुरानी बस्तियों के कई वार्ड जलजमाव से तंग रहते हैं। रात में हुई बरसात ने इनकी समस्याएं और बढ़ा दी। राधानगर नई बस्ती, श्यामनगर, खम्भापुर, बाकरगंज आदि इलाकों में जलभराव की स्थिति रही। पालिका को सूचना देने पर भी कर्मी नहीं पहुंचें। कई प्रमुख सड़कों पर कीचड़ फैलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसमें फिसल कर कई वाहन सवार चुटहिल हो चुके हैं।

इसी तरह से जहानाबाद नगर पंचायत में बारिश होने से नालियों से पानी ऊपर रोड में बहने लगा। जहानाबाद के मलिकपुर, लालूगंज, बस स्टॉप, केवटरा, दारागंज आदि जगह में सफाई ना होने से नालियां कीचड़ से भरी पड़ी हैं। पानी पूरे रोड में फैला रहा। जिससे स्थानीय लोगों में नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ रोष देखने को मिला।

जहानाबाद नगर में सड़क पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

गल गईं ईंटें, भट्ठा मालिक परेशान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- बारिश से कच्ची ईंट पिघल कर हो गई बर्बाद
- क्षेत्र के कई भट्ठों में चल रहा था पथाई का कार्य

अमृत विचार। क्षेत्र में हो रही बेमौसम बारिश ने जहां किसानों को रुलाया तो दूसरी तरफ भट्ठा मालिकों के भी पसीने छुड़ा दिए। इस समय खखरेरु क्षेत्र के कई भट्ठों में ईंट की पथाई का काम जोरो पर चल रहा था। कई दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश व ओलावृष्टि से भट्टे में पड़ी कच्ची ईंट पूरी तरह मिट्टी के ढेर में बदल गई। जिससे ईंट मालिकों को बहुत बड़ी चपत लगी है।

खखरेरु क्षेत्र में संचालित दर्जनों ब्रिक फिल्ड के मालिकों ने बताया कि बेमौसम बारिश से लाखों का नुकसान पहुंचा है, इन्होंने बताया कि यह समय कच्ची ईंट का पथाई समय होता है। इसके बाद कुछ दिनों के लिए सूखने के लिए छोड़ी जाती है। जहां अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश व ओलावृष्टि से सारी की सारी कच्ची ईंट खराब हो गईं। जिससे काफी नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्र के ब्रिक फिल्ड संचालकों में काका, सुपर, बिरला, हीरो, टाटा एवं बीबीएफ, इन सभी का कहना था कि बारिश की भेंट चढ़ी कच्ची ईंट से भारी नुकसान हुआ है। एक तरफ सरकार को देने वाला जानलेवा टैक्स व कोयले की किल्लत से पहले जूझ रहे थे। रही सही कसर थी वह बारिश आंधी व ओलावृष्टि ने सारा खेल ही बिगाड़ दिया है।

बारिश से कच्ची ईटें हुईं खराब। अमृत विचार

भाकियू का धरना स्थगित होने से प्रशासन को राहत

असोथर फतेहपुर। भाकियू अराजनैतिक और किसानों ने 5 मार्च को ट्रैक्टर मार्च और प्रताप नगर झाल तिराहे को जाम करने का आंदोलन स्थगित कर दिया है। इससे प्रशासन को राहत मिली है। भाकियू किसानों, क्षेत्रीय जनता और शासन-प्रशासन के कुछ खामियों और व्यवस्थाओं को लेकर यह आंदोलन कर रही थी।

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम, उपाध्यक्ष रविदेव सिंह गौतम और महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 5 मार्च को लखनऊ स्थित शक्ति भवन में किसान महापंचायत को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर होने के कारण ब्लॉक मुख्यालय स्थित प्रताप नगर झाल तिराहे का आंदोलन रद्द कर दिया गया है।

तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर साध्वी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- समर्थक तीसरे दिन भी मनाते रहे खुशियां, बांटी मिठाई
- भाजपा ने जिले की सांसद पर ही फिर जताया है भरोसा

अमृत विचार। फतेहपुर लोकसभा सीट से दो बार लगातार सांसद रहीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को तीसरी बार भाजपा हाई कमान द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर जिले आगमन में जिले की कानपुर सीमा पर भाजपाईयों एवं उनके समर्थकों ने जबरजस्त स्वागत किया। इसके बाद जहानाबाद कस्बे में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जहानाबाद के बाद तेजानगर, करनपुर गोपालपुर मोड व बकेवर कस्बे में भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा व वरिष्ठ नेता सुतीक्षण सिंह की अगुवाई में माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और मौजूद समर्थकों ने अबकी बार फिर निरंजन ज्योति के नारे लगाकल भारी बहुत से जिताने की आवाज बुलंद की।

बकेवर में स्वागत के साध्वी निरंजन ज्योति तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर उनका स्वागत किया गया। यहां पर ढोल बजाकर, माला फूल पहनाकर स्वागत हुआ। स्वागत करने वालों में बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह, आलोक गौड़, राजाभान सिंह, उदयभान गुप्ता, रुद्रपाल सिंह, शिव शंकर सिंह, रिंकू परिहार, अरुण शुक्ला, अखिलेश सिंह सहित सैकडों लोग रहे। यहां कार्यकर्ताओं के स्वागत से गदगद साध्वी ने कहा कि केंद्रीय समिति ने तीसरी बार प्रत्याशी बना कर आप सबके बीच सेवा का मौका देकर विश्वास जताया है। इसी क्रम में भाजपाइयों ने रेवाड़ी मोड पर 51 किलो का माला पहनाकर व पगड़ी बाध कर स्वागत किया। मलवां, अल्लीपुर, नउवाबाग में साध्वी का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बडी संख्या मे कार्यकर्ता रहे।

जगह-जगह स्वागत में भाग लेते भाजपाई। अमृत विचार

जेबकतरो ने भीड़ में पार कर दिया पर्स

चौडगरा में स्वागत के दौरान जेबकतरे भी हावी रहे। एक शक्ति केंद्र के संयोजक कार्यकर्ता का पर्स निकल गया। इससे मायूस पीड़ित कार्यकर्ता ने बताया कि पर्स में नौ हजार रुपये व एटीएम कार्ड तथा दिव्यांग प्रमाणपत्र सहित रेलवे टिकट भी थी। वहीं स्वागत के साथ भीड़ का जत्था फोटो खिचाने के लिए एक दूसरे के बीच धक्का मुक्की करते रहे।

गर्मी से पहले ही रुलाने लगा बिजली का संकट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हल्की बारिश में ही फाल्ट की लग जाती झड़ी

अमृत विचार। गर्मी की शुरुआत होने से पहले ही बिजली आपूर्ति में होने वाली फाल्ट बाधा बनने लगी है। लगातार होने वाली फाल्ट के कारण घंटों आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय कर्मियों के तमाम प्रयासों के बावजूद फाल्टों में कमी नहीं आ पा रही, लोग आंखें खुलते ही पीने के पानी की व्यवस्था करने लगते हैं।

तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण बिजली का संकट झेलने वाले उपभोक्ताओं की हालत खराब है। आलम यह है कि आंखें खुलते ही उपभोक्ता पानी की व्यवस्था करने के लिए दौड़ लगाना शुरू कर देते हैं। गर्मी से पूर्व ही बिजली व्यवस्था पंगु होने के कारण उपभोक्ताओं में गर्मी को लेकर चिंताए बढ़ती जा रही हैं। राधानगर उपकेंद्र में लगातार होने वाली विभिन्न फाल्टों के चलते घंटों आपूर्ति बाधित रहती है। इसी तरह से हरिहरगंज, मुराइनटोला उपकेंद्र, आबूनगर उपकेन्द्र से पोषित होने वाले फीडरों की आपूर्ति भी उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात को अंधेरे में सोने वाले उपभोक्ताओं की हालत इस कदर खराब हो चुकी है कि कभी भी होने वाली फाल्ट की आशंकाओं के चलते सुबह बिजली आपूर्ति देखकर सबसे पहले मोटर का स्विच खोलने के लिए दौड़ लगा रहे हैं।

ससुर खदेरी पुल के निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव के पहले कार्य होगा पूरा
- कोट-खागा मार्ग में किया जा रहा पुल निर्माण

अमृत विचार। खखरेरु क्षेत्र के दरियापुर समीप ससुर खदेरी नदी नंबर-दो में पुल का निर्माण लगभग एक वर्ष से चल रहा है। कार्य लगभग अब समाप्ति की ओर आ जाने से क्षेत्रीय लोगों में सहुलियत मिलने को लेकर खुश नजर आ रहे हैं। सरकार के मानक अनुसार इस पुल का निर्माण बड़े पैमाने की लागत से तैयार किया जा रहा है। जैसे जैसे पुल के निर्माण में तेजी आ रहीं है तो दूसरी तरफ क्षेत्रीय लोगों में एक अलग ही खुशी दिखाई दे रही है।

कोट-खागा मार्ग के दरियापुर गांव करीब ससुर खदेरी नदी पर बड़े पुल का कार्य तेजी से हो रहा है। बताते चलें कि इससे पहले पक्के पुल के न होने से लगभग तीन दर्जन गांव का आवागमन बरसात के समय बाढ़ का पानी आने से ठप हो जाता था। यह समस्या क्षेत्रीय लोगों के लिए सदियों से चली आ रही थी।

अब पक्का पुल बन जाने से लोगों को कई तरह की सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। जैसे एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व तहसील मुख्यालय का आवागमन तथा खखरेरु, रहमतपुर बाजार करना आसान हो जाएगा। सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों के साथ थी जिनकी पढ़ाई लिखाई पूरी तरह चौपट हो जाती थी।

खागा-कोट मार्ग में पुल का हो रहा तेजी से निर्माण। अमृत विचार

इन गांव को मिलेगी राहत

पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों को सहुलियत मिल सकेगी। जिसमें कोट, चंदनमऊ, मकसूदपुर, दौलतपुर, मीनातारा, गाजीपुर, दरियापुर, बरार, रोशनपुर, बलवंतपुर, चंदनापुर, चंदापुर, गढ़ा समेत अन्य गांव शामिल हैं।

मई माह में हो जाएगा निर्माण पूरा

इंजी. ध्रुव तिवारी

पुल निर्माण करा रहीं संस्था के मॉडर्न कंस्ट्रक्शन इंजीनियर ध्रुव तिवारी ने बताया कि पुल निर्माण की सीमा सरकार की तरफ से मात्र एक वर्ष दी गई थी। कुछ विशेष त्रुटियां होने की वजह से कार्य में देरी हुई है। अब निर्माणाधीन पुल का कार्य रातों दिन कराया जा रहा है। मई माह में पुल का कार्य पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया जाएगा। लोगों का आवागमन सुचारू रूप से चालू हो जाएगा। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि पुल निर्माण करा रही संस्था के जेई आज तक साइड पर दिखाई नहीं दिए।

सार-संक्षेप

सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो...

फतेहपुर। शहर के डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्राम गढ़ीवा में आगामी लोकसभा चुनाव मे शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकाली। छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट देने जाना है, अपना फर्ज निभाना है जैसे नारे लगाते हुए क्षेत्रीय लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली प्राथमिक विद्यालय गढ़ीवा से होते हुए वर्मा चौराहे पहुंची और फिर गांव से घूम कर प्राथमिक विद्यालय गढ़ीवा पर जाकर समाप्त हुई। रैली में डा. गुलशन सक्सेना, डॉ. मीरा पाल, डॉ. शकुंतला, डॉ. लक्ष्मीना भारती, डॉ. प्रशान्त द्विवेदी, शरद चंद्र राय, डॉ. अजय, डॉ. राम दर्शन, डॉ. रमेश, डॉ. चंद्रभूषण, अनुष्का छौंकर आदि शामिल रहे। वहीं छात्राओं ने वॉल पेंटिंग के जरिए भी क्षेत्रीय लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बौद्धिक सत्र में विधिक सहायता प्राधिकरण की सदस्य एवं सीनियर एडवोकेट संतोष कुमारी शुक्ला मुख्य अतिथि एवं अरुण जायसवाल एडवोकेट विशिष्ट अतिथि रहे।

शिक्षकों की लगी ड्यूटी, कैसे निपटेगा शिक्षण का कार्य

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय शिक्षकों से विद्यालय अवधि में भले ही पठन पाठन के अलावा कोई अन्य कार्य न कराये जाने को लेकर समय समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बाद भी शिक्षकों को विभिन्न कार्यों में ड्यूटी मुश्किल पैदा कर रही है। 31 मार्च को समाप्त होने वाले शैक्षणिक वर्ष में छात्रों को टीसी देने से लेकर नवीन प्रवेश को भी ऑनलाइन किए जाने की योजना है। ऐसे में शिक्षक इस बात से परेशान हैं कि वह विभिन्न प्रकार की अन्य ड्यूटी लगने पर ऐसे कार्य कैसे निपटायेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से भी लोक सभा चुनाव के लिए स्थापित काल सेंटर में परिषदीय अध्यापकों की तैनाती की जा रही है। यह अध्यापक निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने से अधिसूचना समाप्ति तक विद्यालय से कार्यमुक्त होकर जिला मुख्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में बिना अवकाश के कार्य करेंगे। अधिसूचना की अवधि सामान्यता ढाई से तीन माह तक होती है। जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें कई शिक्षक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। तीन सत्रों में जो ड्यूटी लगायी गयी है।

ग्रामीणा क्षेत्रों के अस्पतालों में नहीं जा रहे डॉक्टर

फतेहपुर। ग्रामीणों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्र के लोगों को रविवार के दिन भी उपचार उपलब्ध कराने के लिये शासन की ओर से सीएचसी पर आयुष्मान मेला व पीएचसी पर आरोग्य मेलों को आयोजन किया जा रहा है। सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के भी जाने के निर्देश हैं। बावजूद अधिकांश मेलों में डाक्टरों की मौजूदगी नहीं रहती है। रविवार के दिन ग्रामीण लोगों को बीमारी की जांच और उपचार की सुविधा के लिये पीएचसी स्तर पर आरोग्य मेला व सीएचसी स्तर पर आयुष्मान भव : मेलों का आयोजन किया जाता है। सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पहुंचने के निर्देश के बाद भी रविवार को लगने वाले स्वास्थ्य मेलों में विशेषज्ञ डाक्टर गायब नजर आते हैं। यही कारण है कि हालांकि समुचित उपचार न मिलने के कारण अब इन मेलों में मरीजों की संख्या घट रही है।

झाड़- फूंक के चक्कर में गई युवक की जान

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित जिला अस्पताल में रोडवेज बस से उतार कर एक मरीज को पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के करकछन कोरीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय हरिशंकर पाल व उसकी पत्नी चिरौंजी 10 दिन पूर्व कानपुर एक ओझा के यहां गए थे। वहां तबियत बिगड़ने पर पत्नी अपने पति को वापस रोडवेज बस से घर जा रही थी। तभी रास्ते मे उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई तो बस चालक ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद हरिशंकर को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पत्नी चिरौंजी ने अपने परिजनों को दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक का पिता सुखराज पाल जिला अस्पताल पहुंचा। उसने बताया कि पुत्र हरि शंकर की तबियत खराब रहा करती थी। उसके उपर ऊपरी फेर था। लोगो ने बताया कि इसको कानपुर में एक ओझा के यहां लेकर जाओ तो यह ठीक हो जाएगा। हमने अपनी बहु के साथ अपने पुत्र को कानपुर 10 दिन पूर्व भेजा था। वहां इसकी तबियत बिगड़ गई तो लोगों ने घर ले जाने की सलाह दिया। वापस जाते समय ज्यादा हालत बिगड़ने पर यहां लाया गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हाल- बेहाल | अधिकांश आवंटियों ने किराए पर उठा दी कॉलोनी, सत्यापन में हुआ खुलासा

कांशीराम कॉलोनी में समस्याओं का लगा अंबार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बसपा सरकार ने कांशीराम शहरी आवास योजना के तहत गरीबों को आवास आवंटित किए थे। अब कॉलोनी के अधिकांश मालिकों ने इन आवासों को किराए पर उठा दिया है। कॉलोनी में पानी, बिजली, जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी की गई थी, लेकिन अब यहां रहने वाले लोग बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। आवासों के दरवाजे टूट चुके हैं, सीवर चोक होने से सीटों के ऊपर से पानी बहता है। आवास में पानी की जबरदस्त किल्लत देखने को मिल रही है।

कांशीराम शहरी कॉलोनी में रहने वाले बाशिंदे सालों से बदहाली से जूझ रहे हैं। यहां के लोग साफ सफाई, पानी, जल निकासी आदि समस्याओं से परेशान हैं। वह अपनी समस्याओं को लेकर पालिका प्रशासन के पास पहुंचे लेकिन समस्या जस का तस बनी हुई है।

गंदा पानी पीने को मजबूर गड़रियन पुरवा कॉलोनी की हालत बद से बदतर है। पानी टंकी शो-पीस मात्र है, हैण्डपंपों से कीचड़ युक्त गंदा पानी निकल रहा है। यहां पर सेफ्टी टैंक भर जाने से महिलाओं व बच्चों को खुले में शौच को जाना पड़ता है। कई आवास में किराएदार या रसूखदारों का कब्जा है।

कांशीराम कालोनी में सड़क पर जमा पानी से होकर गुजरते लोग। अमृत विचार

- कॉलोनी में जलभराव व पीने के पानी की गंभीर समस्या

अवैध लोगों का रहता कब्जा

महर्षि विद्या मंदिर के आगे व पीछे बनी दोनों कांशीराम कॉलोनियों के बाशिंदे गंदगी में रह रहे हैं। यहां पर बने एक चौथाई आवासों पर अवैध लोगों का कब्जा है। कॉलोनी के सेफ्टी टैंक भरे हुए हैं और नालियां बजबजा रही हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी नहीं आते, कूड़ा करकट व दुर्गन्ध का अंबार लगा हुआ है, कई हैंडपंप भी खराब है।

बिंदकी आवास की हालत बेहद दयनीय

इसी तरह बिंदकी कांशीराम कॉलोनी की हालत भी दयनीय है। यहां की पेयजल व्यवस्था बिजली के आने और हैण्डपंपों पर पीने के पानी की निर्भरता है। सीवर चोक हो चुके है तथा सीट के ऊपर पानी उफना रहा है। लोगों के लिए खुले में शौच को जाना मजबूरी है। बिंदकी कॉलोनी में भी कई किरायेदारों के रहने की बात सामने आई है। इलाकाई लोगों का कहना है कि अब तो लगता है कि कालोनी में रहने से बेहतर है कि कहीं और जाकर रहा जाए। जहां कम से कम पानी सड़क और रास्ते तो ठीक मिलें। यहां पर समस्याओं की तरफ कोई ध्यान तक नहीं देता है।

लकड़बग्घे ने 22 भेड़ बकरियों की ली जान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जंगली जानवर ने युवक पर भी हमला कर किया घायल
- वन विभाग की टीम ने बकेवर में चलाया सर्च अभियान

अमृत विचार। बकेवर क्षेत्र में कई दिनों से लकडबग्घा जोडे. की चहल-कदमी देखी जा रही है। वे दिन में खेत में बकरी आदि जानवरों को अपना निवाला बना रहे हैं। बकेवर में रहने वाले 15 वर्षीय युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। चार दिनों के अंदर 14 भेड़ और 8 बकरी को निवाला बना चुके हैं। सूचना मिलने पर बिंदकी वन रेंज टीम पहुंची और सर्च अभियान चला ग्रामीणों से सहयोग की अपील की है।

सरायं बकेवर निवासी मोतीलाल पाल के हाते में लकडबग्घे घुस गए, 14 भेडों को निवाला बनाया। सुबह भेड़ पालक हाते पहुंचा तो देखा तो सभी भेड़ों के सिर्फ अस्थिपंजर ही बचे हैं। लकडबग्घे ने बीओबी शाखा के पास दो कुत्तों को भी निवाला बनाया। इसी तरह बरिगवां व कंशमीरीपुर गांव के हमले में बकरियां शिकार बन गई। बकेवर निवासी हनी (15) के घर के बाहर ही भोर पहर लकडबग्घे ने झपट्टा मार दिया, चीख पुकार मचते आसपास के लोग आये दोनों लकडबग्घे भाग गए। इनके आंतक का खौफ क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। लोग अकेले खेत जाने से कतरा रहे हैं।

लोगों को सबसे ज्यादा भय बच्चों को लेकर सता रहा है। बच्चे स्कूल आदि जगहों के लिए जाने पर इनका शिकार न हो जाये सभी सशंकित है। वन विभाग की टीम बकेवर पहुंची। खेतों में सर्च अभियान चलाया गया। वन दरोगा रवींद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी जुटा कर स्थानों को चिन्हित करने के बाद रात में सर्च अभियान चलाया जाएगा। लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण की फोटो डाली, ग्रामीणों ने कहा धोखाधड़ी

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के नाम पर एक बार फिर से पीडब्लूडी ने धोखा किया। लोक निर्माण मंत्री के समक्ष लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा था कि तीन मार्च से विजयीपुर-गाजीपुर रोड का निर्माण शुरू हो जाएगा। दो मार्च को ही विभागीय अधिकारी दावा करते हैं कि तीन स्थानों पर निर्माण सामग्री पहुंच चुकी है रविवार से काम शुरू होगा।

विजयीपुर, मोगरिहापुर व नरैनी गांव के आसपास निर्माण का झूठा दावा करते हुए फोटो प्रसारित होती है। सोमवार को ग्रामीण उन्हीं जगहों पर खड़े होकर विभागीय झूठ का पर्दाफाश करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था विभाग ने यदि एक बार पुनः उनके साथ धोखा किया तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन-सत्ता में बैठे लोग भी जनता के साथ धोखा करने का खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें।

गाजीपुर विजयीपुर का बदहाल मार्ग। अमृत विचार

विजयीपुर, मोगरिहापुर, नरैनी, मनावां, जागेश्वरधाम, असोथर आदि स्थानों पर ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था मार्ग निर्माण के लिए सामग्री लेकर कोई गाड़ी आई ही नहीं। कहीं पर कोई मशीनरी दिखाई नहीं दे रही है। विभागीय अधिकारी बोल्डर-गिट्टी उतारते हुए ट्रकों की फोटो दिखाकर शासन-सत्ता में बैठे लोगों को कागजी सड़क बनाकर दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अच्छी सड़क के लिए उनके बच्चे विगत तीन दशक से इंतजार कर रहे हैं। एक पीढ़ी अच्छी सड़क के इंतजार में समाप्त होने के कगार पर पहुंच गई। रोड और रोडवेज की सुविधा कल्पना साबित हो रही है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी इस सड़क पर रोडवेज बस देखने को नहीं मिली। एक बार फिर से पीडब्ल्यूडी विभाग मनमानी पर उतारू है और जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी तथा सत्तासीन सफेदपोश शांत बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सत्तासीन कुछ लोग हैं जो विभागीय अधिकारियों को शह दे रहे हैं। गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण की अफवाह फैलाकर विभाग ने साबित कर दिया कि वह सबसे भ्रष्ट है।

- सड़कों पर सोमवार को किया गया विरोध प्रदर्शन
- मामला गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के निर्माण का

हर वर्ग के लोग प्रदर्शन में शामिल

लोक निर्माण विभाग के खिलाफ सोमवार को विजयीपुर, मोगरिहापुर, नरैनी, मनावा, असोथर तथा गाजीपुर कस्बा में लोगों ने सड़क पर खड़े होकर पीडब्लूडी विभाग झूठा है, लिखी तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में किसान, नौजवान, बच्चे और बुजुर्ग सभी सम्मिलित रहे।

बर्दाश्त की भी होती है हद

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने उक्त मामले में कहा कि बर्दाश्त की भी हद होती है। बार-बार झूठ बोलकर विभाग के अधिकारी लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आखिर क्षेत्र के लोग ही क्यों बार-बार अग्नि परीक्षा दे रहे हैं। शासन-सत्ता में बैठे लोगों की बारी आती है तो अधिकारी ऐसे झूठे और भ्रामक दावे करने लगते हैं। कहा कि जनता के पास वोट की ताकत है, वह अपने सुख-सुविधाओं के लिए इसका उपयोग करना जानती है।

मार्ग का हो चुका है दो बार शिलान्यास

गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग का इससे पहले भी दो बार शिलान्यास हो चुका है। पूर्व में शिलान्यास के बाद विभाग ने करोड़ों का खेल कर दिया। सड़क बनकर फिर भी नहीं तैयार हो सकी। रोड और रोडवेज की उम्मीद संजोए 400 गांवों के लोगों की उम्मीद को एक बार फिर से झटका देने को तैयार विभाग के प्रति लोगों में जबरदस्त नाराजगी है।

> सड़क सत्याग्रह से जुड़े सभी कार्यकर्ता, ग्रामीण व समाजसेवी लोग, विभाग की धोखेबाजी से बेहद आहत हैं। 30 साल इंतजार करने वाले लोग, सड़क के लिए और भी कुछ दिन बदहाली में गुजार सकते हैं। जनता के साथ छलावा करने से पहले विभाग के अधिकारी और सत्ता का सुख भोगने वालों को अंजाम की चिंता करनी चाहिए।
>
> -धर्मेंद्र दीक्षित, संयोजक सड़क संघर्ष समिति

'सर्वे करा कर किसानों के नुकसान की करें भरपाई'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विकास भवन सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने की।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में ओलावृष्टि, पानी से किसानों की फसल नष्ट हुई है उनका सर्वे कराकर किसानों को लाभान्वित कराया जाए। जनपद में गौशालाएं बनाई जानी है, वहां कार्य कराया जाय उन्होंने कहा कि जिन विभागों के कार्य पूर्ण हो गए या कराया जाना है उनका आचार संहिता के पहले शिलान्यास, लोकार्पण करा लिया जाय। सिद्धपीठ ताम्बेश्वर मंदिर के पास जलभराव है, अधिशाषी अधिकारी महाशिवरात्रि पर्व से पहले ठीक करा दें। ताकि भक्तों को परिक्रमा करने में कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि नागेश्वर मंदिर के लिए पांच करोड़ स्वीकृत हो गए हैं। देवमयी पुल निचली गंगा नहर वाली सड़क की जांच कराई जाए। बिन्दकी कैची मोड़ के पास जल भराव साफ कराया जाए। बताया कि पीएमजेएसवाई के तहत मुत्तौर से सांखा व ललौली से मुत्तौर की सड़क का कार्य शुरू कराने के निर्देश संबंधित को दिए। डीएमसी.इंदुमती ने कहा कि समिति के अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराया जाएगा। विधायक कृष्णा पासवान, जय कुमार सिंह जैकी, अयाह शाह विकास गुप्ता, राजेन्द्र सिंह पटेल, ऊषा मौर्या, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के अध्यक्ष समेत अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

गुम हुए बालक को पुलिस ने किया बरामद

असोथर। असोथर थाना क्षेत्र के कस्बे से रविवार की शाम एक बालक अचानक गायब हो गया था। जिससे परिजन काफी परेशान थे, बालक के गुम होने की सूचना पुलिस को हुई तो पुलिस ने खोजबीन शुरू करते हुए बालक को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा झाल तिराहे से थाना क्षेत्र के छेदीपुर मजरे कंधिया गांव निवासी विनोद कुमार का 9 वर्षीय पुत्र शनी कुमार जो कहीं गुम हो गया था। जिसको स्थानीय पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके पिता विनोद कुमार को सुपुर्द कर दिया।

डिवाइडर से टकराकर बाइक चालक घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड आबूनगर डाक बंगले के समीप बाइक चालक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी राजेन्द्र का 23 वर्षीय पुत्र चन्द्रभान किसी काम से शहर आया था। जब वह बीती रात वापस घर जा रहा था तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। उसको जिला अस्पताल भेजा।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरे शिक्षकों ने उठाई 'आवाज'

बच्चों की उपस्थिति और एमडीएम डाटा ऑनलाइन दर्ज करने की मुखालफत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को मध्यान्ह भोजन का डाटा एवं छात्र उपस्थिति को ऑनलाइन दर्ज करने के विरोध में सोमवार को मुख्यालय से लेकर सभी ब्लाक मुख्यालयों में शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को सम्बोधित एक ज्ञापन स्थानीय अधिकारी को सौंपा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में विरोध दर्ज कराया गया। मुख्यालय में संघ के महामंत्री विजय त्रिपाठी की अगुवई में बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन हुआ। इसी तरह से असोथर ब्लाक में अध्यक्ष अनुराग मिश्रा की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। ऐसे ही विकास खण्ड देवमई के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ देवमई के अध्यक्ष एवं मंत्री के द्वारा बीआरसी देवमई में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवमई के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन सौंपा गया।

असोथर ब्लाक में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

वक्ताओं ने कहा कि बेसिक शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्यान्ह भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है, विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की धमकी दी जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, परन्तु टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिमकार्ड नहीं उपलब्ध कराया गया है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी से सिम खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है जो नियमानुकूल नहीं है एवं शिक्षकों का उत्पीडन है। ब्लाक अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ प्रथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय प्रातिनिधि मण्डल की बीते साल 30 अक्टूबर 2023 व 9 नवंबर 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किए जाने के लिए समिति बनाई गयी थी लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी शिक्षकों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया। अब शिक्षकों का उत्पीड़न करना शुरू किया जा रहा है। यदि शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण समय से नहीं किया गया तो प्रान्तीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ में धरना देना शिक्षकों की बाध्यता होगी।

- जिला मुख्यालय से लेकर ब्लाक स्तर पर हुए प्रदर्शन

हाईस्कूल अंग्रेजी में 2104 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कड़ी निगरानी के बीच सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा कराई गई। जिसमें 2104 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा सकुशल सम्पादित होने से माध्यमिक शिक्षा विभाग राहत की सांस ले रहा है। कारण है कि अंग्रेजी की परीक्षा में ही नकल या फिर मुन्नाभाई मिलने की सम्भावना अधिक रहती है।

अंग्रेजी की परीक्षा को लेकर काफी सतर्कता रही। आला अफसरों ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। हालांकि किसी भी परीक्षार्थी को नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया। प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित की परीक्षा में पंजीकृत 35738 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 33634 ने परीक्षा दी जबकि 2104 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। इसी तरह से इसी पाली में इंटरमीडियट की कम्पयूटर एवं शस्य विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 612 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 20 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। शेष ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडियट की भौतिक विज्ञान, शिक्षाशास्त्र आदि विषयों की परीक्षा कराई गई। जिसमें पंजीकृत 19585 परीक्षार्थियों में 928 ने परीक्षा छोड़ दी और शेष ने परीक्षा दी। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी एवं बीएसए पंकज यादव समेत अन्य अधिकारियों के सचल दल सुबह से इस केन्द्र से उस केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा की शुचिता जांचते रहे।

- इंटरमीडियट में भी विभिन्न विषयों में 948 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर
- परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए केन्द्रों की दौड़ लगाते रहे सचल दल

परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। अमृत विचार

नहीं थम रही कक्ष निरीक्षकों की मनमानी

तमाम सख्ती के बाद भी कई कक्ष निरीक्षक अपनी ड्यूटी में नहीं जा रहे हैं। डीआईओएस ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि आपके केंद्र पर जिन अन्य विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा कक्ष निरीक्षक कार्य के लिए उपस्थिति दर्ज कराई गई है और उपस्थिति दर्ज कराने के बाद से आपके केंद्र पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं, ऐसे विद्यालयों के अध्यापकों का नाम एवं विद्यालय का नाम परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव को तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

हे राष्ट्रकवि ! तेरी वाणी नई चेतना भरती...

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। साहित्य विकास समिति बिन्दकी के बैनर तले राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी-अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के महरहा रोड स्थित कवि मृत्युंजय पाण्डेय के आवास पर राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी स्मृति में वासंतिक काव्य-समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई कवियों और शायरों ने शिरकत की। राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत वाणी-वंदना से हुई। संचालन हयातउल्लाह नजमी व अध्यक्षता वेदप्रकाश मिश्र ने की।

काव्य संध्या कार्यक्रम में भाग लेते कवि। अमृत विचार

मुख्य अतिथि लोकनाथ पाण्डेय रहे। आगन्तुकों का सुरेश अवस्थी, रामबली सिंह, राजकुमार सोनी ने स्वागत किया। मृत्युजंय पाण्डेय ने पढ़ा कि रचा गौरव बेमिसाल। वहीं उमाशंकर ओमर ने सुनाया हे राष्ट्राकवि तेरी वाणी, नित नई चेतना भरती। हयातउल्ला नजमी ने पढ़ा झूठ के दाम हैं... राजकुमार कुमार गुप्त नलिन ने पपड़ाये अधर पर जागी अनुबुझी प्यास व सीमा मिश्रा ने पढ़ा बन्जारा मन खोज रहा है,। आकांक्षा द्विवेदी ने पढ़ा हे युगदृष्टा, हे युग नायक। वेद प्रकाश मिश्र ने पढ़ा कि थे विभूति बिन्दकी मेरे पं. सोहनलाल द्विवेदी। रज्जनलाल श्रीवास्तव, भईया जी अवस्थी, आरती गुप्ता, चंद्रशेखर बेदी, सईदा खान, अरूण कुमार द्विवेदी, सुनील पुरी, ज्ञानेन्द्रण प्रकाश, गौरव सिंह अबोध, कृष्ण कुमार नवीन ने भी काव्य-पाठ किया।

पत्थर से टकराकर दो बाइक सवार घायल

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र बाईपास नेशनल हाइवे-2 पर स्थित साईं ढाबा के समीप बाइक सवार डाइवर्जन के लिए रखे पत्थर से टकरा गया। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। इलाज के लिए उनको नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचा गया। जहां डॉक्टर ने रेफर कर दिया। आगरा जनपद के एदमाद दौली थाना क्षेत्र के राम बाग निवासी लखन कश्यप व वायु कश्यप बाइक से कौशांबी के सैनी जा रहे थे। जब उनकी बाइक रात 1.30 बजे खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-2 बाईपास स्थित साईं ढाबा के समीप पहुंची तभी डाइवर्जन के लिए रखे पत्थर से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार दोनो घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया।

ट्रैक्टर से गिरी चप्पल उठाने में बच्ची की कुचल कर मौत

संवाददाता, बहुआ फतेहपुर

अमृत विचार। ट्रैक्टर में बैठ अपने मौसी के गांव जा रही आठ वर्षीय उसी ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। ललौली थाना क्षेत्र के ललौली अढ़ावल मार्ग के ललौली मजरे चमारन डेरा के पास ट्रैक्टर से उतरने के बाद चप्पल उठाते समय मासूम पर ट्रैक्टर चढ़ जाने से दर्दनाक हादसा हो गया। राबिया (8) निवासी सताना ललौली अपनी मां नाजिया के साथ अपनी मौसी के यहां ग्राम सबादा जनपद बांदा जा रही थी। तभी चमारनडेरा के पास मां और बेटी उतरकर जाने लगी। तभी बच्ची गिरी चप्पल उठाने लगी चलक ने ट्रैक्टर ने आगे बढ़ा दिया और बच्ची कुचल गई।

- उसी ट्रैक्टर पर परिवार वालों के साथ बैठी थी बच्ची

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

जाफरगंज। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मोटर साइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के बाबादीन का डेरा मजरे भारत पुर निवासी विजय निषाद उम्र लगभग 45 वर्ष पेशे से इलेक्ट्रोनिक मिस्त्री है। सोमवार को गांव से बाइक से किसी काम से मांझेपुर बाजार जा रहा था। बाबा कुटी के पास अमौली की तरफ से जोनिहा की तरफ जा रही खिला दाना लदी पिकप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटना स्थल में ही मौत हो गई।

सार-संक्षेप

बारिश से गिरा मकान, तीन लोग दब कर घायल

असोथर फतेहपुर। थाना क्षेत्र में बारिश के चलते एक मकान गिर गया। जिससे मकान के अंदर सो रहे तीन लोग घायल हो गए। जबकि एक महिला गंभीर है, जिसका इलाज अस्पताल में भर्ती कर चल रहा है। जब ग्रामीणों को मकान गिरने के बारे में पता चला तो घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। असोथर क्षेत्र के खदरहा मोहल्ले में रविवार रात 11 बजे के करीब सत्यनारायण सिंह उम्र 80 साल के घर की दीवार और छत ढह गई। परिवार के सभी लोग सो रहे थे। सत्यनारायण सिंह और उनकी पत्नी रूपरानी 75 वर्ष और बहू पार्वती 45 वर्ष भी घर में सोए हुए थे। जिससे ये सभी तीनों लोग मकान के मलबे में दब गए। अचानक मकान गिरने की आवाज से सभी ग्रामीण जाग गए। ग्रमीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच ग्रामीणों ने घर के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है कि यहां मौके पर मुआयना करने के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। गांव वालों से फोन पर बात कर कानूनगो ने सूचना प्राप्त की है। अधिकारियों को फोन भी किया गया था, लेकिन कोई भी अधिकारी नहीं आया। वहीं कानून-गो रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि रात में कोठरी गिरी थी। घायलों को अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिनका मौके पर पहुंच कर हाल जानते हुए मौका मुआयना किया गया है। हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

आकाशीय बिजली गिरने से परिवार बाल-बाल बचा

असोथर। थाना क्षेत्र के बेरुई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से घर के अंदर सो रहा परिवार बाल-बाल बच गया। रविवार की रात गरज चमक के साथ बारिश हो रही थी। तभी अचानक मेवा लाल साहू के घर में आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे बिजली की चपेट में एक भैंस आ गई, जिससे भैंस बुरी तरह से झुलस गई। वहीं दूसरे कमरे में पूरा परिवार सो रहा था, कहीं कमरे की तरफ गिरती तो आकाशीय बिजली के चपेट में पूरा परिवार आ सकता था। गांव में चर्चा है कि बहुत बड़ी घटना होने से टल गई।

देहदानी को मरणोपरांत मिला वैश्य रत्न सम्मान

फतेहपुर। कानपुर के एक होटल में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक कार्यकारिणी के अधिवेशन में परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त के पिता के निधन के बाद मेडिकल कालेज को देहदान करने पर उनके परिजनों को वैश्य रत्न सम्मान से नवाजा गया। उनके पिता का स्वर्गवास 24 फरवरी को हो गया था। जिनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कालेज कन्नौज को दान किया गया था। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमन्त गुप्त, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, शाह अयाह विधायक विकास गुप्ता, प्रयागराज के महापौर राजेश केशरवानी, विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता आदि ने देहदानी परिवार के सदस्यों को मरणोपरांत वैश्य रत्न से सम्मानित करते हुये अंगवस्त्र तथा सम्मान पत्र देते हुये परिवार को इस पुनीत कार्य करने पर आभार प्रकट किया। डा. सुमंत गुप्त ने कहा कि देहदान से बडा कोई दान नहीं है, मरणोपरांत देह को दान करना चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत बडा योगदान है। देहदानी परिवार बधाई का पात्र है। इससे समाज को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर अजय गुप्ता, नरेश माहेश्वरी, हरिओम अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, अरूण जायसवाल, मनीष गुप्ता, विवेका गुप्ता, विजय गुप्ता, कविता रस्तोगी, वंदना गुप्ता, सरोज गुप्ता, रागिनी गुप्ता, गायत्री गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, हरिओम गुप्ता, आरती गुप्ता, रेखा गुप्ता एवं तमाम पदाधिकारी एवं वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

वाहन की टक्कर से किसान जख्मी, रेफर

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के कमलापुर चौराहे के समीप चार पहिया वाहन की टक्कर से पैदल जा रहा किसान घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के बरौंहा गांव निवासी राम प्रकाश का 25 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार रविवार की शाम पैदल गांव के समीप स्थित अपने खेत गया था। जब वापस घर लौट रहा था तभी थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के कमलापुर चौराहे के समीप चार पहिया वाहन ने उसको टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए बहुआ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बारे में घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके भाई सुग्रीव कुमार ने जानकारी दी।

लोकसभा चुनाव-2024 लोकसभा चुनाव को लेकर मंडलायुक्त और अपर पुलिस महानिदेशक ने अफसरों के साथ की बैठक

चुनाव में ईमानदारी से निभाएं जिम्मेदारियां : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयुक्त प्रयागराज मंडल विजय विश्वास पंत, अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानू भास्कर के संयुक्त तत्वाधान में निर्वाचन में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों, नोडल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें जिले में बनाए गए 2143 बूथों में मतदान कराने के लिए तैनात किए गए प्रभारियों से उनको दिए गए दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी के साथ टीम भावना से करते हुए निर्वाचन संपन्न कराएं।

मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन को पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार संवेदनशीलता के साथ कराएं। साथ ही प्रशिक्षण कराने के बाद उनके दायित्वों का परीक्षण अवश्य लें। कहा कि सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के दायित्वों के लिए आयोग के दिशा निर्देश पर एक प्रारूप तैयार कराएं। उसी के अनुसार कार्य कराएं। सभी विधानसभाओं के एआरओ सभी मतदान केंद्रों के बूथों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं समय रहते सही करा दें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृहद प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान, मतगणना को संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम का संचालन संवेदनशीलता के साथ कराया जाए।

कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक करते मंडलायुक्त। अमृत विचार

वहीं अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था कर ली जाए। एआरओ के साथ पुलिस अधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों के आने जाने के मार्गो व पूर्व के निर्वाचनों के आधार पर संवेदनशीलता, अतिसंवेदनशील बूथों वाले क्षेत्र में निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अपराधिक किस्म के लोगों को सुसंगत धाराओं में पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में पैनी नज़र बनाए रखने के लिए व्हाट्स एप, यू-ट्यूब, फेसबुक, एक्स, इंस्ट्राग्राम आदि पर नजर रखें। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दें। पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद में कहीं भी अवैध शराब न बनने पाए। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कहा कि दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम गौतम, सीडीओ पवन कुमार मीना, एडीएम वित्त/राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- निर्वाचन में लगाए गए अफसरों को पढ़ाया शुचिता का पाठ, दिए दिशा निर्देश
- व्हाट्स एप, यू-ट्यूब, एक्स फेसबुक, इंस्ट्राग्राम पर नजर रखने के निर्देश

समर्थन मूल्य से अधिक बाजार में गेहूं महंगा

फतेहपुर। गेहूं की खरीद के लिए एक मार्च से जिले में 42 केन्द्र खोल दिए गए हैं। अभी क्रय केंद्रों को एक महीने तक गेहूं का इंतजार करना होगा। इसके अलावा मंडी में अधिक भाव मिलने और सरकारी क्रय केंद्र पर भाव कम होने का भी मामला सामने आएगा। इसकी वजह से केंद्र को खरीद के लिए जूझना पड़ेगा।

जानकारों ने बताया कि रबी की फसल की बुवाई लेट हुई थी। अभी किसी भी हालत में 25 मार्च तक गेहूं काटने के लायक नहीं होगा। होली के बाद ही गेहूं की कटाई शुरू होगी। तब जाकर कभी मंडी में गेहूं पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय मंडी में करीब 2400 रुपए प्रति कुंटल का भाव मिल रहा है। जबकि सरकारी समर्थन मूल्य 2275 रुपए ही है। किसान पिछले साल भी सरकारी क्रय केंद्रों पर नहीं गए थे।

बाबू को फंसाने के बाद खुद जाल में फंसी एंटी करप्शन टीम

वायरल सीसीटीवी फुटेज को लेकर लखनऊ से आईं एएसपी ने की जांच, बंद कमरे में टीम व बीएसए दफ्तर के कर्मियों से की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर के वरिष्ठ लिपिक को रिश्वत लेने के आरोप में जेल भेजने वाली एंटीकरप्शन टीम अपने ही बुने जाल में खुद फंस गई है। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक एंटी करप्शन लखनऊ ने सोमवार को जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को बीएसए दफ्तर भेजा। एएसपी ने कार्रवाई करने वाली टीम और विभाग के कर्मचारियों से बंद कमरे में काफी देर तक पूछताछ की। बाद में उन्होंने संकेत दिए कि इस प्रकरण में ट्रैप टीम पर कार्रवाई हो सकती है।

सोमवार दोपहर भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ की अपर पुलिस अधीक्षक इंदुप्रभा सिंह बीएसए कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ कानपुर मंडल ट्रैप टीम के प्रभारी मृत्युंजय कुमार मिश्रा भी थे। बीएसए उपासना रानी वर्मा ऑफिस में नहीं थीं। वहां मौजूद कर्मचारियों ने जैसे ही एंटी करप्शन टीम को देखा तो वह दफ्तर छोड़कर भाग गए। इस पर एएसपी ने बीएसए से फोन पर वार्ता की और वायरल सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की बात कही। इसके बाद वरिष्ठ लिपिक प्रदीप सक्सेना पहुंचे और एएसपी को उस दिन की कार्रवाई के बारे में बताया। उन्होंने अन्य कर्मचारियों से पूछा तो सभी ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को गलत ठहराया। सभी के बयान बंद कमरे में मोबाइल में रिकॉर्ड किए गए। एएसपी (एंटी करप्शन) ने पत्रकारों को बताया कि बीएसए कार्यालय के लिपिक विमल पांडेय को ट्रैप करने वाली टीम का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इसकी सत्यता की जांच करने वह आईं हैं। दफ्तर में कर्मचारी कम मिले हैं, इसलिए वह दोबारा जांच करने आएंगीं।

पत्रकारों को जानकारी देतीं एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह। बीएसए कार्यालय में कर्मचारियों व ट्रैप टीम से पूछताछ करतीं एएसपी।

एंटी करप्शन टीम के खिलाफ दर्ज कराएंगे मुकदमा

बीएसए दफ्तर पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश चंद्र तिवारी ने पत्रकारों को बताया कि वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्होंने प्रकरण को स्वत: संज्ञान लिया है। वह एंटी करप्शन टीम व इसमें शामिल शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे। जब एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह ने उनसे आने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि जब आप साक्ष्य संकलन के लिए आईं हैं, वह भी यहां आए हैं।

लिपिक बलवीर की ट्रैपिंग भी पर उठे सवाल

18 अप्रैल 2022 को बीएसए दफ्तर के वरिष्ठ लिपिक बलवीर सिंह यादव को भी कानपुर की एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। उस समय भी बलवीर ने कोतवाली में जबरन रुपये पकड़ाने का आरोप एंटी करप्शन टीम पर लगाया था। बीएसए कार्यालय के कर्मचारी अब भी कह रहे हैं कि उस समय बलवीर सिंह को भी जबरन पकड़ कर ले जाया गया था। वरिष्ठ लिपिक प्रदीप सक्सेना कहना था कि इस तरह की कार्रवाई से कर्मचारियों में दहशत है।

ट्रैप टीम के चेहरे की उड़ी रंगत

बीएसए कार्यालय में जांच करने पहुंची एएसपी इंदुप्रभा सिंह के साथ ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्रा समेत अन्य कई लोग थे। सभी के चेहरे की रंगत उड़ी थी। पूछताछ के दौरान एएसपी ने कई बार प्रभारी को फटकार भी लगाई। माना जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज से करतूत की पोल खुलने के बाद एंटी करप्शन टीम पर कार्रवाई हो सकती है। जब पत्रकारों ने बताया कि ट्रैप टीम का एक होटल में स्थानीय लोगों और शिक्षकों के साथ एक वीडियो और वायरल हो रहा है, तो एएसपी ने इसकी भी जांच करने की बात कही।

...जब एएसपी को बुलानी पड़ी पुलिस

एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह मीडिया कर्मियों के सवालों से बचतीं नजर आईं। बीएसए दफ्तर में भीड़ देख उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से बात की, जिस पर जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रोहित सिंह मौके पर पहुंचे। काफी देर तक वह बाहर का दरवाजा तलाशतीं रहीं, लेकिन पिछला दरवाजा बंद होने के कारण वह मुख्य द्वार से ही निकलीं। उसी समय पत्रकारों ने उन्हें घेर कर सवालों की झड़ी लगा दी। हालांकि वह जांच करने की बात कहने के अतिरिक्त अन्य सवालों से बचतीं रहीं।

जांच एजेंसी दूसरे पर नहीं दर्ज कर सकती रिपोर्ट

बेसिक शिक्षा अधिकारी के दफ्तर में जांच के बाद एंटी करप्शन विभाग की अपर पुलिस अधीक्षक इंदुप्रभा शिष्टाचार भेंट करने जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के पास पहुंचीं थीं। उधर, मामले में कर्मचारियों की तहरीर पर रिपोर्ट न दर्ज करने के सवाल पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एंटी करप्शन एक स्वतंत्र संस्था है और यूपी पुलिस अलग। एक जांच एजेंसी दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कर सकती है। संबंधित विभाग ही मामले में कोई कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।

...तो शिक्षकों ने की थी बाबू से मारपीट !

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद एक-एक की पहचान हो रही उजागर
- अपने बचाव के लिए एंटी करप्शन टीम ने बताए नाम, होटल में बनी थी रणनीति

अमृत विचार। बीएसए दफ्तर में वरिष्ठ लिपिक के पैरों पर रुपये फेंकने के बाद मारपीट करने वाले एंटी करप्शन टीम के सदस्य नहीं, बल्कि शिक्षक थे। सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब एक-एक की पहचान उजागर हो रही है। अब ट्रैप टीम के सदस्य अपने बचाव के लिए इनके नाम बता रहे हैं, जो एक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी भी बताए जा रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इन आरोपों और वायरल फुटेज वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बीएसए दफ्तर के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद एंटीकरप्शन के अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। अब कानपुर मंडल की ट्रैप टीम खुद कठघरे में आ गई है। जांच करने आईं एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह को टीम के साथ आने वाले कुछ शिक्षकों के नाम मिले हैं, जिनकी फुटेज में पहचान कर ली गई है। बताया जा रहा है कि शिक्षक अनुराग के साथ एक उन्नाव जिले का शिक्षक भी लिपिक विमल पांडेय के कमरे में गया था और उसी ने फाइल में रुपये नीचे गिराकर बाबू की पिटाई की। कई अन्य शिक्षकों ने बाबू को बेरहमी से पीटा और कार्यालय से बाहर खींच लाए थे।

बीएसए कार्यालय में डीवीआर खोलते तथाकथित शिक्षक। लिपिक प्रदीप सक्सेना के साथ एंटी करप्शन इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्रा। अमृत विचार

डीवीआर खोलकर ले जाने वाले भी शिक्षक!

बताया गया कि बाबू को पकड़ने के बाद बीएसए कक्ष में लगे डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) को खोलकर ले जाने वाले भी शिक्षक है जो आगरा जिले का रहने वाला है। उसने ही बीएसए की टेबल की रैक भी खंगाली थी। यह शख्स भी एक शिक्षक संगठन का पदाधिकारी बताया जा रहा है। एंटी करप्शन टीम के साथ जिले के शिक्षकों के अलावा आगरा, उन्नाव, फर्रुखाबाद व औरैया जिले के शिक्षक भी आए थे। सूत्रों के मुताबिक एक रात पहले शहर के होटल में रणनीति बनाई गई थी। ट्रैप टीम के साथ यूपी 74 नंबर वाली भी एक कार थी, जो वायरल वीडियो में साफ दिख रही है, वह भी एक शिक्षक की बताई जा रही है।

जल्द गिरेगी साजिशकर्ताओं पर गाज, तैयार हो रहा खाका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को गलत तरीके से बाबू को पकड़ने का मामला

अमृत विचार। एंटीकरप्शन टीम के कारनामे की गूंज शासन तक हुई है। कहा जा रहा है कि जल्द ही साजिशकर्ताओं पर गाज गिरेगी। इसका खाका तैयार किया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भरोसेमंद सूत्रों की माने तो 29 फरवरी को जिन लोगों ने बाबू विमल पांडेय को फंसाया गया है विभाग ने तकरीबन सभी की शिनाख्त कर ली है। उन सभी के खिलाफ जल्द कार्रवाई होगी।

बताया यह भी गया है कि कानपुर से आई जिस एंटीकरप्शन टीम ने खुद की पीठ थपथपाई है, उसके काले कारनामे की गूंज प्रदेश शासन तक हुई है। बेसिक शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया है।

मारपीट करने वाले की इंस्पेक्टर ने की शिनाख्त

बाबू विमल पांडेय पर सबसे पहले कथित शिक्षक ने ही मारपीट शुरू की थी, उसके बाद एंटी करप्शन टीम से जुड़े एक अन्य व्यक्ति ने जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है ने मारापीटा था। सोमवार को जब टीम का नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र को उसकी फोटो दिखाई गई तो पीठ पर बैग टांगे व्यक्ति का टीम का सदस्य बताया है।

आसपास जिले के शिक्षक भी रहे मौजूद

घटनाक्रम वाले दिन उन्नाव, आगरा समेत अन्य जनपदों के भी शिक्षक मौजूद रहे। कयास लगाए जा रहे हैं कि एंटीकरप्शन की टीम से उनकी मिलीभगत होगी, तभी दूसरे जिले के शिक्षक मौके पर मौजूद बताए गए हैं।

> कन्नौज में जो भी कुछ हुआ है वह एक सोची समझी रणनीति व साजिश के तहत किया गया कारनामा है। सीसीटीवी फुटेज से सच्चाई सामने आ गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। जल्द ही पर्दे के पीछे छिपे आरोपियों पर कार्रवाई होगी।
>
> **कौस्तुभ सिंह, पीईएस संघ के प्रदेश अध्यक्ष (कन्नौज के पूर्व बीएसए वर्तमान में गाजीपुर के डीआईओएस)**

एएसपी बोलीं, चल रही जांच अभी साक्ष्य नहीं मिले

एंटीकरप्शन टीम के कारनामे की जांच करने आईं एएसपी इंदुप्रभा ने बताया कि पहले दिन जांच में कोई साक्ष्य नहीं है अभी बताने को कुछ भी नहीं है। पूछने पर उन्होंने बताया कि जो वीडियो वायरल हुआ है उसकी जांच करने आईं हूं। पूरी जांच होने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी और उसके बारे में सभी को बता दिया जाएगा। उन्होंने यह जरूर कहा कि शिकायतकर्ता के आधार पर एंटीकरप्शन की टीम आई थी। टीम के साथ जो लोग सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे हैं उसकी भी जांच कराने की बात एएसपी ने कही है। आगे कहा कि फुटेज की सच्चाई अगर पता होती तो वह क्यों आतीं। स्थानीय लोगों के साथ का वीडियो वायरल होने की बात पर कहा कि इसकी भी जांच होगी।

मकान ढहाने से भड़के अधिवक्ता

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। तहसील प्रशासन पर वकील के सहायक का मकान गिराने का आरोप लगाकर वकीलों ने तहसील प्रशासन विरोधी नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही तीन दिन कार्य बहिष्कार कर एलान कर दिया।

वरिष्ठ वकील दिगंबर सिंह के सहायक सुरेश पुत्र राम सिंह का मकान ध्वस्त कराने की जानकारी पर वकीलों मे आक्रोश हो गया। सोमवार को वकीलों ने तहसील प्रशासन का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की और तीन दिन न्यायालय कार्य बहिष्कार का एलान कर दिया। सुरेश ने बताया कि उसने इंदरगढ़ में 2010 में पत्नी सरोज के नाम जमीन का बैनामा कराया था। इस मकान पर पत्नी के नाम सॉल्वेंसी भी बनी है जबकि वह जिला पंचायत में रजिस्टर्ड ठेकेदार भी है। दिगबंर सिंह का आरोप है कि सत्तापक्ष के कुछ लोगों के कहने पर तहसील प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। न्यू बार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह ने बताया कि अगर मकान सरकारी जमीन पर था तो नोटिस देना चाहिए। इसके बाद कार्रवाई करनी थी। संजय शुक्ला ने बताया कि 2012 से पहले किसी जमीन पर आवास बनाकर रह रहा है तो उसे हटाया नहीं जाएगा।

एसडीएम अशोक कुमार से बात करते वकील। अमृत विचार

- तहसील प्रशासन का विरोध कर किया कार्य बहिष्कार

कोटेदार पर दर्ज हुई कालाबाजारी की रिपोर्ट

गुरसहायगंज। पूर्ति निरीक्षक ने सरकारी राशन की दुकान पर जांच की थी। इसमें खाद्यान्न की कालाबाजारी सामने आई थी। पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को कोटेदार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सदर कन्नौज के पूर्ति निरीक्षक अंकित अग्रवाल ने रिपोर्ट में बताया है कि ग्राम जलालाबाद के कोटेदार राजेंद्र कुमार के कालाबाजारी करने की शिकायत मिली थी। इस पर उन्होंने दुकान पर जाकर जांच की थी। इसमें 34 क्विंटल गेहूं व 45 क्विंटल चावल की कालाबाजारी पाई गई थी। मामले में पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को कोटेदार के विरुद्ध तहरीर दी।

पीड़ित लिपिक के पक्ष में उतरे राज्य कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दिया अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन
- उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन ने बनाई रणनीति

अमृत विचार। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय के पक्ष में राज्य कर्मचारियों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। उन्होंने एडीएम से प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की तथा षड़यंत्रकारियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन ने भी आंदोलन की रणनीति बनाई तथा कानपुर मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) से हस्तक्षेप की मांग की।

सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सविता व उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार ने कई राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों के साथ अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि बीएसए के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत लेने के आरोप में निर्दोष फंसाया गया है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जेल में बंद लिपिक को रिहा करवाया जाए। साथ ही उन्हें फंसाने वाले षड़यंत्रकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया कि बीएसए कार्यालय में आने वाले सभी आगंतुकों की पहचान दर्ज की जाए तथा डीवीआर को लोहे के मजबूत बॉक्स में रखा जाए। कोई भी शिक्षक या व्यक्ति पटल के बाबू से सीधे संपर्क न करे। शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से उसकी जांच कराई जाए और आख्या भी दी जाए।

एडीएम आशीष कुमार सिंह को ज्ञापन देते राज्य कर्मचारी। अमृत विचार

दुर्घटना में बाइक सवार मां-बेटी हुईं घायल

सौरिख-कन्नौज। जनपद मैनपुरी के ग्राम रौरी निवासी रानी देवी पत्नी श्याम सिंह (35) अपने भाई अवनीश के मायके शेरपुर से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे सर्विस लेन से अपनी ससुराल मोटरसाइकिल द्वारा जा रही थी। जैसे ही झाबर के सामने पहुंची तभी कार की टक्कर से बाइक सवार माँ बेटी घायल हो गईं। दोनों को सौरिख सीएचसी ले जाया गया।

सांसद ने इतिहास बता युवाओं में किया ऊर्जा का संचार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के जीटी रोड स्थित गेस्ट हाउस में सोमवार को भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता के नेतृत्व में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। इससे पहले युवाओं ने नगर में बाइक रैली निकाली और सांसद का नगर सीमा से कार्यक्रम स्थल तक स्वागत किया। सांसद ने मुगल शासन काल और पिछली सरकारों के द्वारा जाति, धर्म के नाम पर किए गए शोषण और उत्पीड़न का इतिहास युवाओं को बताकर उर्जा का संचार किया।

सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि पहले की सरकार घोटालों और धर्म, जाति की राजनीति करती थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने घोटाला, भ्रष्टाचार, शोषण पर लगाम लगाई है।

युवाओं ने भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद प्रथम आगमन पर सांसद का स्वागत किया।

नमो युवा चौपाल को संबोधित करते सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

नारी शक्ति वंदन जागरुकता रैली निकाली

तिर्वा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा त्रिपाठी की अगुवाई में सोमवार को नारी शक्ति वंदन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से सरकार में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाते हुए 33 प्रतिशत का आरक्षण देने समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर सासंद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, श्यामू राजपूत, सौरभ गुप्ता, सुमन परासर व महामंत्री रजनी पाल आदि रहीं।

सार-संक्षेप

आक्रोशित भाजपाइयों ने फूंका लालू यादव का पुतला

छिबरामऊ। भाजपाइयों ने नगर के पूर्वी बाईपास पर देश के प्रधानमंत्री व उनकी माता पर अमर्यादित बयानबाजी करने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का पुतला फूंक कर रोष जताया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव दुबे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी माता पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमर्यादित बयानबाजी की जिससे लोगों में आक्रोश है। इसी क्रम में सोमवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर के पूर्वी बाईपास पर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंक दिया। इस दौरान मुकेश पांडेय, पंकज दुबे, अनुज दुबे, शैलेंद्र सिंह, अंकित दुबे, दीपक दुबे, उपेंद्र दुबे, सिक्कू, प्रदीप कुमार, अजय व अंकित सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लालू प्रसाद यादव का पुतला फूंकते भाजपाई।

आवारा कुत्तों का आतंक, हफ्ते भर में कई बच्चों को काटा

तिर्वा, कन्नौज। गांव में आवारा घूम रहे कुत्ते बच्चों के लिए आतंक की वजह बने हैं। एक सप्ताह के भीतर छह से अधिक बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। थाना इंदरगढ़ के कलसान व भगवंतपुर गांव में दर्जनों आवारा कुत्ते घूम रहे हैं। जरा सी चूक होते ही वह बच्चों पर हमला करके घायल कर देते हैं। आवारा कुत्तों ने गांव के कई लोगों को काट लेने के बाद मासूम बच्चों को भी शिकार बनाया है। बच्चे अपने घर के बाहर खेल रहे थे तभी कुत्तों ने उन पर हमला बोल दिया। लोगों ने जब तक उनको भगाया तब तक वह जख्मी हो चुके थे। एक सप्ताह के भीतर सुंदर, शुभी त्रिपाठी, संध्या, अवनीश कुमार, बबलू, नगमा समेत कई बच्चों को कुत्तों ने काटा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ कर गांव के बाहर करने की मांग की है।

मारपीट की घटनाओं में पिता-पुत्री सहित चार घायल

गुरसहायगंज। अलग-अलग स्थानों पर रंजिश व मामूली विवाद को लेकर गालीगलौज के बाद हुई मारपीट में पिता-पुत्री सहित चार लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम विशंभरपुर निवासी विक्रम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव के गिरीश, सर्वेश, अनिकेत व नितिन कुमार ने रंजिश को लेकर 03 मार्च की रात लगभग 08.30 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव करने आई पुत्री भावना को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कस्बा समधन के मोहल्ला अशफाक उल्ला खान नगर निवासी माया देवी का कहना है कि मोहल्ले के शालू ने मामूली विवाद को लेकर 02 मार्च को लगभग 07 बजे उसके पुत्र मोहित के साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम बनियानी निवासी नीरज का कहना है कि गांव के पंकज व दीपक ने 03 मार्च की रात लगभग 08 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

आयोग के निर्देश | चुनावी व्यवस्था में लगाए जाने वाले साढ़े चार हजार कर्मचारी मतदान से रह जाते थे वंचित

इस बार लेखपाल, वाहनों के चालक-परिचालक भी डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कवायद शुरू हो गए है। निर्वाचन आयोग के आदेशों के क्रम में इस बार व्यवस्था में लगाए जाने वाले ऐसे कर्मचारियों जो वोट डालने से वंचित रह जाते थे को भी मतदान कराने की तैयारी है। ऐसा होने पर करीब साढ़े चार हजार वोट बढ़ जाएंगे।

जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सोमवार को अपने कक्ष में निर्वाचन से जुड़े जिम्मेदारों संग बैठक ली। इस दौरान निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशों के क्रम में बताया कि हर बार के चुनाव में व्यवस्था से जुड़े काफी लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। इनको इस बार प्रक्रिया में शामिल किया जाना है। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। बताया कि मतदान की प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियों को लगने वाले वाहनों के चालक व क्लीनर भी मतदान नहीं कर पाते हैं।

इसके साथ ही लेखपाल, पीआरडी जवान, होमगार्ड, बीएलओ के अलावा सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेट के साथ लगे कर्मचारी मतदान से वंचित हो जाते हैं। कुछेक जो संबंधित क्षेत्र के हैं वे ही वोट डाल पाते हैं। इससे कहीं न कहीं उनके मूल अधिकार का हनन होता है। डीएम ने जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार से ऐसे लोगों का आंकड़ा तैयार करने को कहा है जो इस जिले के हैं या कहीं और के।

बताया कि चुनाव में 400 भारी तो 200 हल्के वाहन लगते हैं जिन पर करीब 1000-1200 चालक-क्लीनर रहते हैं। यह भी मतदान नहीं कर पाते। प्रशिक्षण से पहले ऐसे लोगों को फार्म 12 क दिया जाएगा। यह फार्म भरकर प्रशिक्षण के दौरान देना होगा। इससे उनका मतदान सुनिश्चित कराया जा सकेगा। ऐसा करा लिया जाता है तो मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो जाएगा। जानकारी दी कि वर्ष 2014 में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 62.72 प्रतिशत के करीब रहा था।

यह 2019 में घटकर 60.12 प्रतिशत हो गया। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर मतदान का प्रतिशत 67 रहा था। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी की प्राथमिकता इस स्तर तक मतदान प्रतिशत पहुंचाने की है जिसको लेकर मशीनरी सक्रिय हो गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह, वरिष्ठ सहायक निर्वाचन कार्यालय संजीव विसारिया भी मौजूद रहे।

बैठक लेते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, साथ में एडीएम आशीष सिंह, जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार। अमृत विचार

दहेज में बाइक न देने पर घर से निकाला

तिर्वा, कन्नौज। अतिरिक्त दहेज में बाइक न मिलने से नाराज ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ठठिया के सिमुआपुर गांव निवासी सुहागनी पुत्री रामकिसन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पिता ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर उसकी शादी सन् 2020 में थाना क्षेत्र के हरेईपुर गांव निवासी संजीव पुत्र महेश के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद पति संजीव, ससुर महेश, सास कमला, चचिया ससुर सुरेश अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करके उसका उत्पीड़न करने लगे। उसने यह बात परिजनों को बताई तो उन्होंने बाइक की जगह एक भैंस दे दी। इसके बाद भी ससुराली संतुष्ट नहीं हुए।

धर्म छिपाकर शादी का झांसा युवती से सामूहिक दुष्कर्म

पीड़िता ने सांसद से की शिकायत, आरोपी युवक हिरासत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शिकायत पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

अमृत विचार। धर्म छिपा कर युवती को शादी का झांसा देकर साथी के साथ मिलकर बलात्कार किया गया। अब धर्म बदलने का दबाव बना कर शादी कर दिया। शिकायत करने की बात कहने पर जाति सूचक गाली देकर जान से मार देने की धमकी दी गई। युवती ने मामले की सांसद से शिकायत की है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट दर्ज करने के लिये पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई रोड के एक गांव की निवासी युवती ने सांसद व कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी मुलाकात चार वर्ष पहले हरदोई जनपद के थाना सुरसा के एक गांव निवासी मुस्लिम युवक से हुई। इसके बाद जान पहचान हो गई। उस समय उसने अपना नाम राजू बताया। कहा कि वह हिंदू है। वह शादी के लिये भी तैयार हो गया। दोस्ती के चलते आये दिन मुलाकात होने लगी। उसने शादी का झांसा दे कर उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद शादी से इंकार करने लगा। कहा कि उसे बिना शादी के ही रखेगा। यदि रहना है तो रहो। कहीं शिकायत की तो उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। खौफ के चलते वह मुस्लिम युवक से बच कर सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई रोड के एक गांव में अपनी सहेली के मकान में किराये पर कमरा लेकर रहने लगी। इसकी जानकारी होने पर युवक ने उक्त सहेली का नंबर पता कर उससे बात की। इस दौरान बताया कि वह मुस्लिम है। यदि वह मुस्लिम धर्म स्वीकार कर ले तो वह शादी कर लेगा। इस पर उसने धर्म परिवर्तन व शादी से इंकार किया तो एक नवंबर 2023 को उक्त युवक अपने एक साथी के साथ उसके किराये के मकान में आया जहां वह सहेली के साथ रह रही थी। कुछ देर के बाद सहेली के बच्चे की तबीयत खराब हो गई और वह उसे लेकर डाक्टर के पास चली गई। मौका पाकर उक्त मुस्लिम युवक ने साथी के साथ कमरे का दरवाजा बंद कर उससे बारी-बारी बलात्कार किया। शिकायत करने पर जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। सांसद से शिकायत के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के लिये कोतवाली पुलिस ने तहरीर मांगी है।

दो छात्राओं समेत तीन नकलची पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीआईओएस के सचल दल ने दो और प्रधानाचार्य जसोदा ने एक परीक्षार्थी पर की कार्रवाई
- जनपद में अब तक पांच छात्र-छात्राओं पर हो चुकी है कार्रवाई

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में सोमवार को दो छात्राओ समेत तीन नकलची पकड़े गए। बताया गया है कि हाथों से लिखीं नकल की पर्चियों के अलावा प्रवेश व पंजीकरण पत्र पर भी नकल का जिक्र था।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि सुबह की पाली में स्वामी बेधड़क हायर सेकेंडरी स्कूल नदसिया में उनकी टीम ने एक छात्रा को अंग्रेजी के हाईस्कूल के पेपर में नकल करते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह पर्ची बनाकर ले गई थी।

इसी तरह पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज जसोदा के प्रभारी प्रधानाचार्य शिव मोहन कुशवाहा के नेतृत्व वाले सचल दल ने राजकुमार इंटर कॉलेज डिब्बापुर्वा में भी अंग्रेजी की परीक्षा में एक छात्रा को नकल करते पकड़ा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कागज व प्रवेश पत्र उसके पीछे नकल लिखकर लाई गई थी। शाम की पाली में इंटरमीडिएट में भौतिक विज्ञान के पेपर में भी डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह के सचल दल ने रामभजन सूर्या देवी इंटर कॉलेज गागेमऊ में एक छात्र नकल करते हुए पकड़ा।

कई परीक्षार्थी गैरहाजिर

डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि हाई स्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में कुल 26,898 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, उसके सापेक्ष 23,914 शामिल हुए और 2984 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान/ शिक्षा शास्त्र में पंजीकृत 19261 परीक्षार्थियों में से 17,970 छात्र-छात्राएं शामिल हुए और 1291 अनुपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार तेज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

कलक्ट्रेट से राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला न्यायालय में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसका प्रचार प्रसार करने के लिये न्यायालय परिसर से जिला जज, एसपी कार्यालय से पुलिस अधीक्षक, कलक्ट्रेट से जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर प्रचार वाहन को रवाना किया।

सोमवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के जागरूकता वाहन को जपनद न्यायालय से अपर जिला जज प्रथम एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लोकेश वरूण हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर अपर जिला जज लवली जायसवाल मौजूद रहीं। इसी तरह डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कलक्ट्रेट से, एसपी अमित कुमार आनन्द ने कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झंड़ी दिखाई। प्रचार वाहन परिवार न्यायालय, एमएसीटी कोर्ट, विकास भवन, जिला अस्पताल से होते हुये पाल चौराहा, तहसील सदर, ग्राम न्यायालय तिर्वा, तहसील तिर्वा, एवं बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, तहसील छिबरामऊ के कई गांव में गांवों के साथ ही साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोक अदालत के व्यापक प्रचार किया।

छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार बाह्य न्यायालय छिबरामऊ में लगने वाली लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन अनूप उपाध्याय ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन ने क्षेत्र में निकल कर लोगों को जागरुक किया।

अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ने बताया नौ मार्च दिन शनिवार को कोर्ट परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके प्रचार प्रसार को लेकर वाहन को रवाना किया गया। इस दौरान न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

किसान खुद कर सकेंगे कीट, रोगों की पहचान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन पी एस एस) एप के माध्यम से प्रगतिशील किसान अब खुद ही फसल में लगने वाले रोगों व कीटों की पहचान कर सकेंगे। इसको लेकर सोमवार को उप-कृषि निदेशक कार्यालय में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए हुए किसानों को प्रशिक्षित किया गया।

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं प्रमोद सिरोही, उप-निदेशक कृषि के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने कीड़े - बीमारियों की पहचान के बारे में बताया। रीजनल सेंट्रल आई पी एम सेंटर लखनऊ के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. राहुल सुतार ने एप की उपयोगिता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी धर्मराज सिंह ने कहा कि इस एप से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-बीमारियों की पहचान के साथ किसान उनकी फोटो के साथ सीधे भारसरकार को सूचना भेज सकते हैं।

खरीद केंद्र का धान खा गये चूहे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

मंडी समिति धान खरीद केंद्र पर लगे धान के पैकेट। अमृत विचार

- जिले के अधिकतर धान खरीद केंद्रों का हाल खराब

अमृत विचार। सरकारी केंद्रों पर धान की आवक बंद हो गई। इसके बाद भी केंद्रों पर हजारों टन धान डंप है। उठान न होने से बंदर, चूहे, गिलहरी व पक्षी इसे नष्ट कर रहे हैं।

जिले के धान खरीद केंद्र पर भले ही अब धान की आवक नहीं हो रही है पर खरीदा गया धान अभी तक पूरी तरह से नहीं उठाया गया है। इससे धान के पैकेट अभी भी केंद्रों पर बनी गोदामों में पड़ा है। इन धान के पैकेटों को चूहों ने कुतर कर धान को नष्ट कर दिया है।

क्विंटलों धान चूहों, बंदरों, गिलहरी व पक्षियों ने नष्ट करदी है। इसके बाद भी धान को राइस मिलों में नहीं भेजा गया है। जब मिलों को प्रति पैकेट पचास किलो के हिसाब से धान भेजी जानी है। चूहों के खा जाने से अब इन पैकेटों का वजन कम हो गया है।

इस दशा में तौल होने पर धान के वजन में कमी हुई तो इसका दंड सरकारी धान खरीद केंद्र के प्रभारी को अपनी जेब से भुगतना पड़ेगा। इस संबंध में विपणन शाखा के निरीक्षक अरविंद कुमार का कहना है कि धान की उठान समय समय पर किया जाता है पर अधिक धान होने से एक साथ उठान नहीं की जा रही है। राइस मिलों की मांग के अनुसार ही धान ट्रांसपोर्ट कंपनी के लोग ले जा रहे हैं।

जिला अस्पताल में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें

कन्नौज। जिला अस्पताल दूधिया रोशनी से जगमग होगा। इसके लिये मुख्य गेट के निकट हाईमास्ट लाइटों का पोल स्थापित किया जायेगा। कर्मचारियों ने पोल लगाने का काम तेज कर दिया है।

जिला अस्पताल के मुख्य गेट के निकट परिसर में अब रात को अंधेरा नहीं रहेगा। इसकी व्यवस्था कर दी गई है। अस्पताल के मुख्य गेट के निकट लाइटों का पोल लगाया जायेगा। इसे लगाने के लिये कार्यदायी संस्था ने काम तेज कर दिया है। गेट के निकट पोल लगाने के लिये खुदाई की जा रही है। इसी स्थान पर सीमेंट का फाउंडेशन बनाया जायेगा। इसी में ऊंचे पोल को बोल्ट लगा कर फिट किया जायेगा। इसी पोल पर चार से आठ लाइटें लगाई जायेंगी। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि स्ट्रीट लाइटें लगवाने के लिये शासन को पत्र भेजा गया था। इसी के तहत काम किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

टिशू कल्चर विधि से तैयार किया आलू का बीज

तिर्वा। यहा स्थित एक्सीलेंस सेंटर में आलू की तीन किस्मों का बीज टिशू कल्चर विधि से तैयार किया गया है। इस बीज को बड़े पैमाने पर उत्पादित करके किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह जानकारी केंद्र के पूर्व प्रभारी व तकनीकी सहायक डॉ. डीएस यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सेंटर से किसानों को अगेती सब्जियों की खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बेमौसम सब्जी और फलों की पौध तैयार करके प्रगतिशील किसानों को दी जा रही है जिससे वे उन्नत खेती करके अधिक पैदावार प्राप्त कर सकें। जनपद समेत गैरजनपदीय किसानों की आय बढ़ाने के लिए पौध तैयार की जा रही है। कन्नौज में आलू की फसल बहुतायत में की जाती है। इसको देखते हुए टिशू कल्चर विधि से आलू की प्रजाति कुफरी, मोहन, संगम का बीज तैयार किया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को अच्छा बीज मिल सके इसलिए टिशू कल्चर पद्धति को अपनाया गया है। इन बीजों को फार्म पर भेजकर बड़ी मात्रा में उत्पादन किया जाएगा तथा फिर यही बीज किसानों को दिया जाएगा। इससे किसान अच्छी क्वालिटी का आलू अधिक मात्रा में उपजाकर आय बढ़ा सकेंगे।

लिपिक के खिलाफ निष्पक्ष जांच हो

कानपुर। कन्नौज में बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ लिपिक को एंटी करप्शन टीम की ओर से पकड़े जाने के मामले पर सोमवार को कर्मचारी नेताओं ने एडी बेसिक को ज्ञापन दिया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन के दौरान उन लोगों ने विभाग में कार्यरत कर्मचारी के खिलाफ साजिश की भी बात कही है। ज्ञापन देने वालों में उप्र बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष तापस कुमार मिश्रा ने कहा कि एंटी करप्शन टीम की ओर से वरिष्ठ लिपिक को गलत तरह से फंसाया गया है। इसके अलावा घटना का जारी वीडियो इस बात को भी साफ करता है कि लिपिक की ओर से रुपये को न लिए जाने पर उसके साथ मारपीट की गई जो गलत है। ज्ञापन से पहले कर्मचारी नेताओं ने एडी बेसिक कार्यालय में एक बैठक भी की। बैठक के दौरान कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में आगन्तुक पंजिका रखी जाए। इस पंजिका में कार्यालय आने वाले लोगों की पूरी जानकारी लिखी जानी चाहिए। इस दौरान प्रांतीय महामन्त्री शहाब सरताज, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, प्रदेश संयुक्त मंत्री इंद्रमणि मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कानपुर मंडलन मो परवेज आलम, जिलाध्यक्ष कानपुर नगर सुखेन्द्र यादय सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में जानकारी देती सुमनलता यादव। अमृत विचार

नेहरू महाविद्यालय में तीन दिवसीय शिविर शुरू

छिबरामऊ। नेहरू महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रवेश व निपुण जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें प्राचार्य ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स से हम अनुशासन, सेवा भावना, टीमवर्क व सहयोग भावना आदि सीखते हैं।इससे पहले प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह, प्रशिक्षक जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुमनलता यादव एवं जिला संगठन कमिश्नर परशुराम पाल ने ध्वजारोहण के साथ किया। संयोजक रेंजर्स डॉ. प्रियंका ने बताया कि स्काउट गाइड निस्वार्थ भावना से कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है। संयोजक रोवर्स मनीष कुमार ने आपदा के समय रोवर्स रेंजर्स के योगदान के महत्व को बताया। प्रशिक्षकों ने रोवर्स रेंजर्स प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियम,ध्वज के प्रकार, सीटी संकेत आदि के बारे में सिखाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

शनि देव की पत्नी ने क्रोधित होकर दिया था श्राप

जलालाबाद-कन्नौज। कस्बा के पठकाना मोहल्ला स्थित प्राचीन बाबा बर्फानी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर सोमवार को कथा व्यास रामानंद तिवारी ने शनि देव की कथा सुनाई। कथावाचक ने बताया कि शनिदेव साक्षात रुद्र है। उनका शरीर क्रांति इन्द्रनील मणि के समान है। युवावस्था में उनके पिता ने चित्ररथा की कन्या ने उनका विवाह करा दिया। उनकी पत्नी सती, सावित्री और तेजस्विनी थी। एक रात्रि उनकी पत्नी ऋतु स्नान कर पुत्री प्राप्ति के लिए शनिदेव के पास पहुंची। लेकिन शनिदेव श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थे और उन्होने ध्यान नहीं दिया। इससे क्रोधित होकर उन्होंने शनिदेव को श्राप दे दिया कि जिसे भी देखोगे वह नष्ट हो जाएगा। इस दौरान परीक्षित रामरूप दुबे, आशा दुबे, श्याम किशोर पाठक, अवधेश चंद्र मिश्रा, राजेश पाठक, सुशील पप्पू तिवारी, संजय दुबे, शिव स्वरूप दुबे, विश्वनाथ, होरीलाल दुबे, अजीत दुबे, बृजेश शुक्ला, विवेक तिवारी, रेखा अग्निहोत्री, मीनू पाठक, नेहा पाठक, रजनी पाठक, भोला पाठक, मुनीश अवस्थी, विनोद वर्मा, अखिलेश पाठक, सुनीता, आराधना, मालती, केतकी, रेखा दुबे, पारुल आदि मौजूद रहे।

श्मशान घाट से बाइक चोरी

कन्नौज। इंदरगढ़ थाना के गांव मवई विलबारी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम वरन ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि एक मार्च को वह करीब दो बजे महादेवी गंगा तट श्मशान घाट पर शव के अंतिम संस्कार में आया था। मोटर साइकिल गंगा तट के ऊपर खड़ी कर नीचे चला गया। लौट कर आया तो देखा उसकी बाइक गायब है। खोज करने पर भी नहीं मिली।

डायट परिसर में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

डायट में प्रदर्शन के साथ आंदोलन की दी चेतावनी

छिबरामऊ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप मिश्रा व मंत्री ओमकार सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने डायट परिसर में प्रदर्शन किया और ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी डा. विमल तिवारी को दिया। शिक्षकों ने मांग करते हुए कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिमकार्ड उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस पर उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। उत्पीड़न बंद न किये जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

बंद घर में लगी आग गृहस्थी जलकर राख

छिबरामऊ। अज्ञात कारणों से बंद घर में आग लग गई। लोगों ने ताला तोड़कर आग पर काबू पाया। घर में रखा गृहस्थी का सामान जल गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खल्ला रूपमंगदपुर निवासी सौरभ शाक्य पुत्र गौरीशंकर परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए फर्रुखाबाद गए थे। घर में ताला लगा हुआ था। सोमवार की शाम किसी तरह घर में अचानक आग लग गई। घर से आग की लपटें उठती देख आस पास के ग्रामीणों ने ताला तोड़कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा बेड, रजाई, गद्दा व अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सौरभ को मोबाइल फोन पर घटना की दे दी गई है।

कन्नौज सीट पर पहले स्थानीय सांसद बने थे सुब्रत पाठक

लोकसभा चुनाव 2024
अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 1967 से लेकर 2019 तक गैर जनपदों के सांसदों का रहा कब्जा
- समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक बार दर्ज की थी इस सीट पर जीत

अमृत विचार। इत्रनगरी के नाम से प्रसिद्ध कन्नौज लोकसभा सीट पर स्थानीय सांसद बनने वाले सुब्रत पाठक दूसरे कार्यकर्ता हैं। इससे पहले 1967 से लेकर 2019 तक इस सीट पर गैर जनपदों के प्रतिनिधियों का कब्जा रहा है। हालांकि 1977 में रामप्रकाश त्रिपाठी छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के रहने वाले थे, लेकिन उस समय जिला फर्रुखाबाद था। 1997 में कन्नौज जिला बनाया गया, जिसके बाद स्थानीय सांसद बनने वाले सुब्रत पाठक पहले कार्यकर्ता हैं।

कन्नौज लोकसभा सीट को 1967 में बनाया गया था, तब प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से डॉ. राममनोहर लोहिया पहले सांसद बने थे, जो अयोध्या (अब आंबेडकर नगर) के मूल निवासी थे। इसके बाद कांग्रेस से हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण मिश्र 1971 में सांसद चुने गए, जो प्रयागराज के मूल निवासी थे। 1977 में जनता पार्टी से रामप्रकाश त्रिपाठी सांसद बने, जो छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के उधरनपुर हरिबल्लभपुर गांव के मूल निवासी थे, लेकिन उस समय जिला फर्रुखाबाद था। उनके बाद 1984 में उन्नाव की मूल निवासी शीला दीक्षित सांसद बनीं थीं और 1989 में फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के मूल निवासी छोटे सिंह यादव यहां से सांसद चुने गए थे। साल 1991 में भाजपा ने खाता खोला और फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के ग्राम धीरपुर के निवासी चंद्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नूबाबू यहां से सांसद चुने गए। 1998 में इटावा जनपद के मूल निवासी प्रदीप यादव यहां से सांसद चुने गए थे। 1999 में मुलायम सिंह यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद इस सीट पर 20 साल तक लगातार सैफई परिवार का कब्जा रहा। उनके पुत्र अखिलेश यादव व पुत्रवधू डिंपल यादव सांसद रहीं। 2019 में कन्नौज शहर के मोहल्ला पठकाना के मूल निवासी सुब्रत पाठक ने इस मिथक को तोड़ा और पहली बार कन्नौज को उसका सांसद मिला। इस बार भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सुब्रत को फिर से मैदान में उतारा है।

सुब्रत पाठक, सांसद। अमृत विचार

तिर्वा से विधायक छिबरामऊ के रहने वाले

जनपद में तीन विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें कन्नौज व छिबरामऊ में तो स्थानीय विधायक हैं, जबकि तिर्वा क्षेत्र से विधायक कैलाश सिंह राजपूत छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम मेरापुर गढ़िया के मूल निवासी हैं और वर्तमान में आवास-विकास कॉलोनी छिबरामऊ में रह रहे हैं। कन्नौज सदर सीट से विधायक असीम अरुण भी ठठिया क्षेत्र गौरनपुरवा गांव के मूल निवासी हैं तो छिबरामऊ से विधायक अर्चना पांडेय भी उधरनपुर गांव की रहने वालीं हैं और वर्तमान में बजरिया मोहल्ला छिबरामऊ में रह रहीं हैं। हालांकि उनकी ससुराल इटावा में है, लेकिन वह पिता की विरासत संभाल रहीं हैं।

मुखालफत — समस्या का निदान होने पर शिक्षकों ने धरना-प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

प्राथमिक शिक्षक संघ ने डिजिटलाइजेशन के विरोध में दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

बीईओ विपिन कुमार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष उदय नरायन यादव। अमृत विचार

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति व डिजिटलाइजेशन के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। समस्या का निदान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

सोमवार को संघ के जिलाध्यक्ष उदय नरायन सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष विजय कटियार ने कई शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, लेकिन उसे सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिमकार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। चार माह बीत जाने के उपरान्त भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण न कर केवल शिक्षको का उत्पीड़न किया जा रहा है। इस दौरान कई शिक्षक उपस्थित रहे।

जलालाबाद में बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

जलालाबाद में भी शिक्षकों ने उठाई आवाज

जलालाबाद। ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद पर भी उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में बीईओ खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आलोक कुमार कनौजिया, अजय पाठक, प्रवर्तक शुक्ला, अमन राव, सूरज कुमार सोनी, निशू सिंह, कंचन शेखर, ज्योति चंद्रा, अंकिता दीक्षित, अखिलेश, जितेंद्र यादव, बुद्ध प्रकाश, राकेश कुमार, अवनीश कुमार, रामकुमार, सुमन गौतम, राजेश कुमार, इशिका शुक्ला, अंकित कुमार, मोहित कुमार राठौर, गौश अली आदि मौजूद रहे।

उपार्जित व द्वितीय शनिवार के अवकाश की उठाई मांग

गुरसहायगंज-कन्नौज। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर ब्लॉक तालग्राम इकाई के द्वारा शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इसमें शिक्षकों ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों को टेबलेट उपलब्ध कराए गए थे। इसके माध्यम से अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार कर वेतन रोकने जैसी कार्रवाई भी की जा रही है। टेबलेट के संचालन में सिम कार्ड, ट्रेनिंग, डाटा आदि व्यवहारिक समस्याएं आ रही हैं। शिक्षकों ने वर्ष में 31 उपार्जित अवकाश देने और द्वितीय शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राव अभिषेक सिंह, मंत्री सोनपाल सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, अभिजीत यादव, तस्लीम अहमद, नजर नियाजी, रेवती रमन, मलिखान सिंह, अरविंद चौहान, डॉ. पंकज यादव, सुदीप पटेल, अंकित कटियार, वीरपाल, विजय कुमार, अनुराग कुशवाह, मुकेश यादव, अनुज बाजपेई, रुचि कुशवाहा, रजनीश द्विवेदी, सुनील, आशीष कुमार, रंजना पाठक, मोनिका गौतम, रेखा, फरजाना बेगम राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

गुरसहायगंज में बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

एक नजर

मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर शुरू हो गई है। प्रारंभिक तौर में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए सोमवार को मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए जनपद में 56 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा नें नामित सभी 56 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया। यह मास्टर ट्रेनर लोकसभा चुनाव में लगनें वाले मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। सीडीओ नें बताया कि मास्टर ट्रेनर को लोकसभा चुनाव को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया।

डीएम ने दोबारा बैठक बुलाने का दिया निर्देश

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग विकास की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने प्राथमिकता के कार्यों को लेकर जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में सभी कार्यवाही कर दोबारा बैठक आयोजित कराए। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित गांवो की कार्ययोजना अनुमोदन के लिए रखी गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बड़े प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाय कि प्रोजेक्ट उचित है या नहीं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैठकों का कार्यवृत्त जारी किया जाय। कार्यों में देरी होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर सड़क पर गिरी गर्भवती को रौंदा

कायमगंज से अल्ट्रासाउंड कराकर जेठ के साथ लौट रही थी घर, रास्ते में हादसा

घटनास्थल पर लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

मौके पर दो ट्राली बांधे खड़ा ट्रैक्टर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ हुआ फरार
- मौके पर भीड़ देख कई थानों की पुलिस पहुंची

अमृत विचार। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत हो गई। चालक घटनास्थल पर ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक्टर से दो ट्रालियां जुड़ी थीं।

शिखा।

थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगवा निवासी गिरन्द सिंह की पुत्री शिखा की शादी थाना मेंरापुर के ग्राम रुखइया निवासी जगदीश राजपूत के पुत्र धर्मेंद्र के साथ 2020 में हुई थी। सोमवार को कायमगंज में फरीदी अल्ट्रासाउंड सेंटर से अल्ट्रासाउंड करा कर अपने जेठ पुष्पेंद्र के साथ बाइक से वापस आ रही थी। जब यह लुधइया चौराहे पर पहुंचे तभी सामने से आ रहे आलू से लदे हुए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक से महिला सड़क पर जा गिरी। बाइक चालक पुष्पेंद्र ने बताया कि ट्रैक्टर का पहिया शिखा के ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। इस पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि शिखा 7 माह की गर्भवती थी, जिसका इलाज कराने क़ायमगंज गई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल रामावतार ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटना की खबर फैलते ही भारी भीड़ जमा हो गई। मौके की नजाकत को देखते हुए एसडीएम यदुवंश कुमार, थानाध्यक्ष शमसाबाद बलराज भाटी व आसपास के थानों का पुलिस बल बुला लिया गया।

एक ट्रैक्टर से बंधी थी आलू भरी दो ट्रालियां

- फर्रुखाबाद। ट्रैक्टर चालक की घोर लापरवाही के चलते गर्भवती महिला की जान चली गई। ट्रैक्टर चालक एक ट्रैक्टर में दो ट्राली बांध कर ले जा रहा था। दोनों ट्रालियों में ओवर लोड आलू के पैकेट लदे हुए थे। ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन इनके विरुद्ध कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

बच्चों को प्रगति के पंख पुस्तिका वितरित की

कायमगंज- फर्रुखाबाद। ब्लॉक संसाधन केंद्र कायमगंज पर जेंडर इक्विटी अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण की कार्यशाला के तृतीय एवं समापन दिवस पर सभी प्रतिभागियों को क्लास 6 -7 व 8 की पावर एंजिल द्वारा प्रगति के पंख नामक पुस्तिका दी गई। इसमें 12 सत्र संचालन के बारे में विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर ट्रेनर भारती मिश्रा ने सत्र संचालन में सुगमकर्त्ता की तथा पावर एंजिल की भूमिका को विस्तार से स्पष्ट करने हेतु सहयोगी ट्रेनर पूनम ओझा, सुधा वर्मा एवं सुनीता चौहान के साथ मंचन करते हुए स्पष्ट रूप से समझाने का प्रयास किया। साथ ही पावर एंजिल के नाम चिट्ठी का वाचन भी किया गया। स्टीरियो टाइप सोच पर विस्तृत चर्चा की गई। समापन सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूनिसेफ की तरह से प्रेरणा से संचालित मीना पात्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। साथ ही अभिभावकों की सोच में भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से अब इस टीम से प्रेरणा लेकर बच्चे समाज की स्टीरियो टाइप सोच को बदलने में सफल होंगे। शिक्षक प्रशिक्षण में बताई गई विधियों को विद्यालय में में अवश्य उतारेंगे।

आमरण अनशन पर किसान नेता। अमृत विचार

भाकियू भानू गूट ने शुरू किया आमरण अनशन

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- धर्मपुर मढ़ी में महापंचायत आठवें दिन भी जारी
- आंदोलनकारी वृद्ध किसान ने शुरू किया अनशन

अमृत विचार। किसान यूनियन (भानू गुट) की सात दिन से धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान मे चल रही बेमियादी महापंचायत आज आठवें दिन भी जारी रही। आंदोलन मे शामिल किसान छोटे सिंह (73) निवासी हरिहरपुर ने सोमवार से बेमियादी आमरण अनशन आन्दोलन स्थल पर शुरू कर दिया है।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य द्वारा किसानों के तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की तीन दिन के अंदर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कराने का आश्वाशन दिया गया था। तीन दिन गुजर जाने के बाद किसान यूनियन ने अपने आंदोलन को धार देना शुरू कर दिया है। छोटे सिंह ने बताया केवल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भरोसा है। किसान नेताओं की मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद ही अन्न ग्रहण करेंगे। वहीं किसानों का कहना है हम लोगों की समस्याओं का समाधान न होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन(भानू गुट) धर्मपुर मढ़ी के पास बदायूं मुख्य मार्ग पर महापंचायत कर रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात तक यह आंदोलन जारी रहेगा। महापंचायत मे उमाशंकर मिश्र, संजय सिंह, मनोज सिंह, आकाश सिंह, रक्षपाल सिंह, हरनाम सिंह, प्रेमलता, सावित्री आदि लोग मौजूद रहे।

रैली निकाल दिया पर्यावरण और स्वच्छता का संदेश

रैली निकालते डीएन कालेज के अध्यापक व छात्र। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। दुर्गा नारायण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी के तत्वाधान में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर मनोज गर्ग प्रधानाचार्य डी एन पी जी कालेज कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. शालिनी सिंह प्राचार्या काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ विशिष्ट अतिथि डॉ मुकेश सिंह राठौर पूर्व प्राचार्य ,डी एन पी जी कॉलेज डॉ रमन प्रकाश प्राचार्य भारतीय महाविद्यालय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। नरेंद्र सिंह यादव सभासद शिविर क्षेत्र ग्वालटोली भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एच एस एन गुप्ता व कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं सार्थकता विषय पर विशेष सतर्कता विषय पर विशेष अतिथि डॉ मुकेश सिंह राठौड़ ने विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ रमन प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण पर व्यापक जानकारी दी। डॉक्टर शालिनी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉक्टर मनोज गर्ग ने सप्त दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से स्वयं सेवकों को अवगत कराया। द्वितीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया। तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण पर एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।जिसमें प्रथम स्थान कुमारी प्रियांशी राजपूत द्वितीय स्थान नारायण वर्मा सह्याद्री चौहान एवं तृतीय स्थान अखंड प्रताप सिंह ने प्राप्त किया ।अंत में चयनित बस्ती ग्वालटोली से पर्यावरण संरक्षण से संबंधित एक जागरूकता रैली निकाली गई ।राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखा गया ।अंत में एन एस एस के लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर पीके तिवारी ,डॉक्टर सत्येंद्र मिश्रा ,डॉक्टर अजय जुनेद आलम, डॉक्टर राम नरेश सिंह डॉक्टर पंचम कुमार, डॉक्टर मोहम्मद अमीन , विनय कुमार बाथम आदि रहे।

शिक्षकों का बीआरसी पर प्रदर्शन, ज्ञापन

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर संघ के पदाधिकारियों के निर्देशन में वीआरसी केंद्र कायमगंज, नवाबगंज, शमशाबाद, बढ़पुर, राजेपुर, कमालगंज व मोहम्मदाबाद पर परिषदीय शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। बाद में महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाए। वहीं शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश एवं प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए। ज्ञापन में झलकते आक्रोश के साथ शिक्षकों ने कहा है कि उनका उत्पीड़न बंद करते हुए उनकी इन सभी मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर धरना देना शिक्षकों की बाध्यता बन जाएगी , और इसके लिए विभाग ही पूरी तरह जिम्मेदार होगा।

आज के कार्यक्रम ज्ञापन प्रेषण तथा प्रदर्शन का अलग-अलग केंद्रों पर नेतृत्व संगठन जिला अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह यादव -जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने करते हुए शिक्षकों के सामने उत्पन्न समस्याओं तथा अधिकारियों द्वारा की जा रही अव्यवहारिकता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया। राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि कायमगंज केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट पर लगी होने के कारण यहां ज्ञापन बीआरसी कार्यालय के एआरपी संदीप वर्धन को सौंपा गया है। ज्ञापन अवसर पर शिक्षक विनोद गंगवार , योगेंद्र कुमार, कुलदीप यादव, जसविंदर, ओम दत्त शर्मा, राजवीर, प्रमोद यादव, लक्ष्मी देवी, चंद्रकांत दुबे, सत्य प्रकाश, नीरज, आकांक्षा, प्रियंका, अलका, अंजलि, रुचि, मालती, उपासना, कमलेश, शिवेश शर्मा, प्रबल प्रताप, सौरभ, मनोज, अशोक, अश्वनी, विनोद, आरिफ जमाल, रहबर हुसैन सहित बडी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जिले के अन्य विकास खण्डों के बीआरसी केन्द्रों पर भी अधिकांश शिक्षकों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर अपनी मांगों का समर्थन करते हुए भावी रणनीति के अनुसार सामंजस्य बनाए रखते हुए सहयोग का संकल्प लिया।

वसूली से त्रस्त आशा बहुओं ने सीएमओ को घेरा, आरोपी हटा

फर्रुखाबाद। वसूली के विरोध में सोमवार को आशा बहुओं ने सीएमओ कार्यालय का घेराव कर लिया। आशा बहुओं का रुख देखकर सीएमओ को बसूली करने वाले का तबादला राजेपुर सीएचसी से मोहम्मदाबाद सीएचसी करना पड़ा।

सीएचसी राजेपुर में तैनात वीसीपीएम विजय कुमार पर आशा बहुओं ने अवैध वसूली का अरोप लगाया। आशा प्रीति ने आरोप लगाया कि विजय कुमार खाते में उन्हीं के पैसे भेजने का उनसे सुविधा शुल्क लेते हैं। आशा बहुओं ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट के नाम वसूली होती है। आशा बहुओं के हंगामे के बाद सीएमओ अवनींद्र कुमार ने आरोपी विजय कुमार का तबादला सीएचसी राजेपुर से मोहम्दाबाद सीएचसी कर दिया।

सार-संक्षेप

निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह व एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

चुनाव पूर्व सीएम के संभावित दौरे को लेकर अफसर अलर्ट

फर्रुखाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों के संभावित दौरे को लेकर अफसर अलर्ट मोड में आ गए हैं। डीएम व एसपी ने सोमवार को शहर के क्रिश्चियन ग्राउंड में पहुंचकर सभा स्थल हेलीपैड के लिए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि चुनाव की घोषणा होने से पहले ही मंत्रियों की आवाजाही को लेकर जिला प्रशासन चौकन्ना हो गया है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर विकास कार्यालय में कागजी खानापूर्ति तेज कर दी गई है। वहीं उनकी सभा के लिए स्थल का चयन किया जा रहा है। इसी को लेकर जिलाधिकारी वीके सिंह, पुलिस कप्तान विकास कुमार और सांसद मुकेश राजपूत ने क्रिश्चियन ग्राउंड पहुंचकर सभा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड के लिए भी जगह देखी। मौजूद पुलिस एवं लोक निर्माण के अधिकारियों को हेलीपैड के निर्माण और सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ी व अतिथि। अमृत विचार

नेशनल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद। नेशन खिलाड़ियों का सम्मान समारोह घरमपुर स्थिति सर्वेन्द्र सिंह के आवास पर सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी संजय सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार वंशल मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने नेशनल खिलाड़ियों जिन्होंने हिन्दू विश्व विद्यालय वनारस नेशनल प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया को सम्मानित किया। जिसमे सर्वेदर सिंह, सोनू ठाकुर, लाल जी सक्सेना, शिवांगी मिश्रा, सतीश तिवारी, मनीश वर्मा जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, पप्पी गुप्ता, मुख्य प्रशिक्षक सेंसई आरती भारद्वाज, सेंसई पुष्कर भारद्वाज, सेंसई योगेंदर शर्मा, अरविन्द कुमार को सम्मानित किया गया।

जांच में शिकायत असत्य पाई गई

फर्रुखाबाद। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला जसमई निवासी पीड़ित महिलाओं ने एसडीएम गजराज सिंह को शिकायती पत्र दिया। एसडीएम सदर ने जांच कराई तो शिकायत झूठी पाई गई।

शिकायत में कहा था कि कब्रिस्तान जसमई दरवाजा पर मुस्लिम समाज के लगभग 20 वर्षों से शव दफन हो रहे हैं। लेखपाल संजीव दुबे कब्रिस्तान को खुदवा कर जेसीबी चलवा रहे हैं। एसडीएम गजराज सिंह ने बताया कि यह महिलाएं सरकारी भूमि पर अबैध रूप से कब्जा किये है। अब वहां पानी की टंकी बन रही है।

काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद बनेगा

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन को लेकर हुई बैठक हुई। कंपिल में साप्ताहिक 20 हजार पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास पर जोर दिया गया।

सोमवार को काम्पिल्य पुरी तीर्थ स्थिति पौराणिक रामेश्वर नाथ शिवालय के सभागार मे काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र(सम्पूर्ण पांचाल प्रदेश) को विश्व के तीर्थ पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से परिषद के गठन के उद्देश्य को लेकर स्वामी आनंद गिरि महाराज के संरक्षण में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख वक्ता नूतन चतुर्वेदी ने पांचाल राज्य के मानव सभ्यता में विकास मे योगदान का वर्णन किया। इस दौरान काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र में एक वर्ष के दौरान साप्ताहिक 20 हजार पर्यटकों को आकर्षित करने के लक्ष्य को हासिल करने को काम्पिल्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन की कवायद की गई। इसके लिए नूतन चतुवेर्दी को को दायित्व दिया गया। स्वामी आनंदगिरि महाराज के दिशा निर्देशन मे इस संस्था का वे गठन करके इस कार्य को आगे बढ़ाए। बैठक में प्रशांत पाठक ने संपूर्ण पांचाल क्षेत्र के मंदिरों के सर्वे का सुझाव दिया और लोगों को मंदिरो पर मंगल अवसरो पर जाने हेतु जन जागरण अभियान का कार्यक्रम तय करने को कहा। अनुभव चतुवेर्दी ने तीर्थ स्थलों पर प्रति सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाने का सुझाव दिया। नितिन मिश्रा ने कंपिल मे पूर्व में हुये पुरातात्विक उत्खननों के बारे में जानकारी दी। सभा में शिवस्वरूप चतुर्वेदी, आमोद पांडेय, डॉ. रामवीर, जगजीवन राम पांडेय, शिव शंकर दीक्षित आदि ने अपने सुझाव दिए। बैठक का संचालन विनायक तिवारी ने किया। इस अवसर पर बैठक में अगामी 31 मार्च दिन रविवार को परिषद के तत्वावधान मे होली मिलन कार्यक्रम का आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

निकाली भड़ास | गांव में विद्युतीकरण न होने से नाराज होकर मुख्यालय पहुंचे

ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। विकासखंड कमालगंज के गांव महरुपुर बिजल के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। यह ग्रामीण मतदाता भी हैं। जिलाधिकारी से भेंट करने पहुंचे गांव के मतदाताओं ने नारा दिया कि वोट वही पाएगा जो विद्युतीकरण करवाएगा। विद्युतीकरण नहीं होगा तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर देंगे।

जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

जिला मुख्यालय पर अपनी समस्या को लेकर पहुंचे अनिरुद्ध सिंह, विमलेश पाल ,उदयवीर, अनुज कुमार, धीरेंद्र पाल ,प्रवीण ,पुनीत, शेर सिंह आदि ने बताया कि आज तक उनके गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है ।जिन लोगों के पास कनेक्शन है उन्होंने अपने-अपने ट्यूब बैलों से कनेक्शन ले लिए हैं। रात के समय उनके ट्यूबवेलों पर भी बिजली नहीं आती है। गांव वालों ने बताया कि इस संबंध में वह कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। सोमवार को वह जिलाधिकारी से गांव में विद्युतीकरण की मांग करने आए हैं। इसके बाद भी विद्युतीकरण नहीं हुआ तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर देंगे। इस मौके पर सैकड़ो गांव वाले मौजूद रहे। गांव वालों का कहना है कि 21वीं सदी में प्रदेश में यही गांव ऐसा है जहां विद्युतीकरण नहीं है।

अनिरुद्ध सिंह का कहना कि उनके गांव के बाशिंदों की राते घोर अंधकार में कट रही है। तकरीबन 700 मतदाताओं वाले इस गांव में चुनाव के समय तो जन प्रतिनिधि दिखाई देते है इसके बाद वह 5 साल तक नजर नही आते। इस बार गांव वालों ने सभी की सहमति से निर्णय लिया है कि यदि चुनाव से पहले उनके गांव में विद्युतीकरण न हुआ तो वह वोट नही डालेंगे। डीएम को अपनी व्यथा कथा सुनाने आये धीरेंद्र ने बताया कि शासन प्रशासन उन्हें भारत का नागरिक नही समझ रहा है ।यही बजह है कि आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाएं भी उन्हें मिल नही पा रही है। जन प्रतिनिधि चुनाव के समय तो विद्युतीकरण कराने का वायदा कर देते है बाद में वह भूल जाते हैं। इस बार वह अपने हक की लड़ाई चुनाव का बहिष्कार करके लड़ेंगे। विमलेश ने बताया कि विजली न होने की बजह से हमेशा चोर उचक्कों का भय सताता रहता है ।अंधेरे का लाभ उठा कर चोर कई बार चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है। उनका कहना है कि उनके गांव के प्रधान भी विद्युतीकरण कराए जाने के लिए पहल नही कर रहे हैं। जिससे यहां के बाशिंदों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रैली-चौपाल में मतदान करने का संदेश

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मतदाता जागरुकता को लेकर अताईपुर में मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। वहीं मतदाता चौपाल भी लगाई गई।

स्वीप कार्यक्रम के तहत अताईपुर जदीद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कायमगंज प्रभारी भारती मिश्रा व ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति के निर्देशन मे मतदाता रैली व मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारती मिश्रा द्वारा मतदाता चौपाल में उपस्थित मतदाताओं को शपथ कराते हुए यह भी समझाया गया कि मतदान सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। और नवीन मतदाताओं के लिए यह तो पर्व है।

ज्योति ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि मतदान दिवस पर मतदान अवश्य करें। साथ ही मतदाता जागरूक नारे भी सभी ने लगाएं। इस अवसर पर आकांक्षा, उदय यादव अश्विनी ,अनुराग पाठक ,मुकेश कुमार ,शिव प्रताप, निधि सक्सेना राजवती, सत्यवती, अभिषेक कौशल लालू, गुड्डू ,पारुल, आमिर, धर्मेंद्र, ऋतिक, अर्जुन, योगेश कुमार सोनू, जावेद, विवेक सक्सेना, विमल राजपूत, दीपक, महेश गुप्ता, धर्मेंद्र राजपूत, सतीश चंद्र, श्याम बाबू, चरण सिंह, शाहिद, रमेश, नरेश आदि मौजूद रहे।

मतदाता रैली निकालती महिलाएं। अमृत विचार

- अताईपुर में मतदान को लेकर दिलाई शपथ
- मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगो नारे

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

संपादकीय

बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

> बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

प्रसंगवश

न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

सोशल फोरम

अपनी मिट्टी का संगीतकार

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

> जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

थार की टक्कर से कार सवार युवक की मौत, तीन घायल

शादी समारोह में आए थे कार सवार, बारात की खुशियां गम के माहौल में बदलीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शादी समारोह में उस समय खलल पड़ गया जब सड़क किनारे खड़ी कार में तेज रफ्तार थार जीप ने टक्कर मार दी। इसमें कार सवार एक युवक की मौत गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना से हड़कंप मच गया और बारात की खुशियां गम के माहौल में बदल गईं।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र में लुहन्ना चौराहा के पास रविवार रात 11 बजे भूप सिंह गार्डन में आयोजित शादी समारोह में कार सवार बाराती कार को सड़क किनारे खड़ी करके उतर ही रहे थे कि तभी सरैया गांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार थार जीप ने कार में जबरदस्त टक्कर मार दी और उछलकर थोड़ी दूरी पर नाली में गिरकर फंस गई। वहीं कार में सवार तीन लोग बुरी घायल होकर चीखपुकार मचाने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर डाक्टरों ने कार सवार मध्य प्रदेश के थाना मुरैना के गांव करहनी के 25 साल के अंकित को मृत घोषित कर दिया, ग्वालियर गोहद के 22 साल के अर्जुन तोमर तथा इसी थाना के गांव राहतपुरा के 30 साल के पीयूष चौधरी को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थार सवार मध्यप्रदेश अंबा मंडेला के गोलू तोमर को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी होने पर मृतक के घर में कोहराम मच गया और बारात में खुशियों का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

जानबूझकर घटना को अंजाम देने का लगाया आरोप

बारात में शामिल कुछ लोगों ने थार सवार पर जानबूझकर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया, इसको लेकर बवाल मचा रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने इस आरोप को निराधार बताते हुए तेज रफ्तार को हादसे का कारण बताया है। उन्होंने कहा कि यह सभी लोग बारात में आए थे, कार सड़क किनारे खड़ी थी, थार जीप का ड्राइवर तेज रफ्तार के चलते थार को कंट्रोल नहीं कर पाया ओर कार में टक्कर मार दी, उन्होंने कहा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

पोल से टकराई बाइक, एक बाराती की मौत

चकरनगर, इटावा। जालौन के कुठौंद से बढ़पुरा गांव जा रही बारात में शामिल बाइक सवार दो बाराती रविवार रात बिजली के पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों की टीम ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज जारी है। जालौन कुठौंद के बरी पुरा गांव से रविवार रात एक बजे बढ़पुरा के जरौली गांव में बरात जा रही थी। थाना चकरनगर क्षेत्र के फूटाताल गांव के समीप दो बारातियों की बाइक बिजली पोल से टकरा गई, जिसमें जालौन कुठौंद के अभय सिंह दोहरे के 24 साल का बेटा कप्तान सिंह व संतोष दोहरे का 35 साल का बेटा करुणाकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार फोर्स के साथ पहुंचे, दोनों घायलों को पुलिस एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां डॉक्टरों की टीम ने कप्तान सिंह को मृत घोषित कर दिया जबक दूसरे घायल का इलाज जारी है।

नेत्र चिकित्सा शिविर नौ को

इटावा। चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान इटावा के तत्वावधान में पूर्व सांसद रहे स्व. चौ रघुराज सिंह की स्मृति में 9 मार्च को प्रातः 9 बजे से भरथना नगर के राजागंज (पाली बंबा के पास, बकेवर रोड) स्थित शशिप्रभा मैरिज होम में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे ने नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष राजेश नारायण दुबे के आवास पर बैठक की। जिसमें शाखा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राठौर, सचिव राम प्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार पोरवाल, उप कोषाध्यक्ष संजय माधवानी, संयोजक मंडल के सदस्य आदित्य पांडे के अलावा श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी ने मौजूद रहकर शिविर का अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयासों पर विचार विमर्श किया। शिविर संयोजक मंडल के श्री भगवान पोरवाल, रवि मिश्रा, आदित्य पांडे, चंद्रोदय डा. दीपक दुबे तथा स्व. सांसद की पुत्रवधु ममता चौधरी ने जनता से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

500 बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन कल

संवाददाता सैफई, इटावा

- सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन
- सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत निर्माण अधीन 500 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का काम निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब 6 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। जिसके बाद सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं का लाभ आम जनता को मिलना शुरू हो जाएगा।

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के शुरू होते ही यहां पर 14 विभागों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग संचालित होते। जिनमें अंकोलाजी, कार्डियोलाजी, गैस्ट्रो, पलमोनरी, नेफ्रोलाजी, यूरोलाजी, मेडिसिन सर्जरी, पीडियाट्रिक वार्ड, एंडेफिनोलाजी वार्ड, क्लीनिकल हीमोटोलाजी, कैंसर आदि प्रमुख हैं। यहां इटावा ही नहीं कानपुर देहात, औरैया, मैनपुरी, जालौन, फिरोजाबाद, कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत कई जिलों के मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं।

बताते चलें सपा शासनकाल में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्ष 2014 में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने का फैसला लिया गया था। उस समय इसकी लागत 333.56 करोड़ थी, जो 2016 में बढ़कर 463.28 करोड़ रुपये हो गई थी। वर्ष 2018 में इस योजना की लागत 537.26 करोड़ रुपये बढ़कर हो गई। यह संशोधित लागत काफी अधिक थी।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सैफई में विकास कार्य रोक दिए गए। बाद में इसकी लागत को कम करने के लिए 25 मार्च 2019 को शासन स्तर पर एक समिति का गठन किया गया था। समिति की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर योजना का फिर परीक्षण किया गया। इसके बाद परीयोजना की लागत घटकर 489.88 करोड़ रह गई थी। शासन ने 29 नवंबर 2021 को 25 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। बाद में करीब 60 करोड रुपए की और जरूरत थी। अप्रैल 2023 में शासन से बजट मिलने के बाद निर्माण कार्य दोबारा से शुरू किया गया था। जिसको मई 2023 को अस्पताल का निर्माण कार्य का दौरा करने आए प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नें कार्यदाई संस्था को नवंबर 2023 में ही चालू करने के निर्देश दिए थे। जिसके लिए कार्यदाई संस्था ने बड़े ही तेजी कार्य शुरू किया था। उस समय 80 फीसदी निर्माण कर पूर्ण हो चुका था।

लेकिन बजट के अभाव में कार्य एक बार फिर से रुक गया था। परियोजना में 2015-2017 के बीच काटी गई वैट की 14.82 करोड़ रुपये की धनराशि फंसी होने से बजट न मिलने के कारण निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया था। बाद में कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण ने बजट की व्यवस्था करके कार्य के निर्माण कार्य में तेजी लाई और कार्य पूर्ण हो चुका है।

सब वेदों का सार है श्रीमद्भागवत कथा

संवाददाता बकेवर, इटावा

- श्रीमदभागवत् कथा सुनने को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

अमृत विचार। महेवा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम नगरिया में चल रही श्रीमदभागवत् कथा के दौरान सरस कथा वाचक नरेंद्र आचार्य ने श्री कृष्ण सुदामा चरित्र सुनाया। कहा कि मित्र वही है जो सुख-दुख में साथ दे । आज के भौतिकवादी युग में लोग स्वार्थ की मित्रता कर रहे हैं। पत्नी के कहने पर सुदामा भगवान श्री कृष्ण से मिलने द्वारका गए। द्वारकाधीश से मिलने पर उनके सब दुख दूर हो गए।

आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सब वेदों का सार है ।इसके श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्त होती है। श्रीमद् भागवत कथा कल्पवृक्ष है जो सभी मनोकामनाओं की पूर्ण होने के साथ आनंद की अनुभूति होती है । कथा समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के आसपास के ग्राम वासियों ने भागवत कथा का प्रसाद ग्रहण किया। परीक्षित सुरेंद्र तिवारी एवं शकुंतला देवी ,देवेंद्र नारायण, सतीश चंद्र, सुशील, अशोक, आशीष, शिवांग एवं कार्तिकेय तिवारी ने श्रीमद्भागवत के कार्यक्रम को सफल बनाया ।

शिवरात्रि पर व्यसनों को छोड़ें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- विकास नगर में हुआ शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

अमृत विचार। प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विकास नगर स्थित प्रांगण में शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने जिला समंवयक समेकित शिक्षा अर्चना सिंह, रिसोर्स टीचर प्रहलाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इटावा सेवा केंद्र संचालिका नम्रता, करहल से निधि, भरथना से अनिता, छिबरामऊ से नीरज, किरण, सैफई से तेजस्विनी बहन सम्मिलित हुई। बहनों ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हम यह संकल्प लें कि सारे व्यसन छोड़ सादा जीवन व्यतीत करेंगे । अपने आप को ईश्वर को समर्पित कर अच्छा आचरण करेंगे। शिवरात्रि के अध्यात्मिक महत्व को समझेंगे ।

इस अवसर पर कैलाश चंद्र यादव ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया । समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने हेतु अपने प्रयास करते रहने का आश्वासन दिया । इस कार्यक्रम में भूमि बहन ,रूपाली बहन ,प्राची आशीष भाई आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

व्यसनों को त्यागने का संकल्प लेते अतिथि। अमृत विचार

बारिश से बर्बाद किसानों ने मांगा मुआवजा

इटावा। उ प्र किसान सभा ने उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से हो रही बेमौसम बरसात, तेज हवाओं, ओला वृष्टि, बिजली गिरने से हुई दस से ज्यादा मौतों और फसलों की बर्बादी पर गहर दुःख और चिंता प्रकट की है। किसान सभा के प्रदेश महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि मृतकों के आश्रितों को 20-20 लाख, पशुओं की मौतों का उचित मुआवजा तथा फसलों के नुकसान का कम से कम 30000 एकड़ तथा क्षतिग्रस्त मकानों का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। किसान सभा ने अपनी सभी जिला, मंडल और गांव इकाइयों से आग्रह किया है कि हर स्तर पर प्रभावित जनता से सीधा संपर्क स्थापित कर उनसे मिलें।

सार-संक्षेप

जसवंतनगर में फ्लैग मार्च करते एसपी सिटी अभयनाथ एवं एसडीएम दीपशिखा।

आईटीबीपी और पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

जसवंतनगर, इटावा। जसवंतनगर में थाना पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी और एसडीएम दीपशिखा सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे व पुलिस बल सहित आईटीबीपी के प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद समीर के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से भी अधिक आईटीबीपी जवानों ने संयुक्त रूप फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से कराने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नगर के आबादी व सदर बाजार में यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च बस स्टैंड चौराहे से नगर की आबादी क्षेत्र व सदर बाजार की प्रमुख मार्गों से गुजरा।

ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद यादव एवं अन्य ।

समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने जताया आक्रोश

इटावा। शिक्षकों की समस्याओं के निदान को लेकर सोमवार को जिले के सभी ब्लाकों में प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए। ब्लॉक इकाई जसवंतनगर में प्रांतीय मंत्री जिलाध्यक्ष विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर अलकेश कुमार सकलेचा को ज्ञापन सौंप गया। जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि ऑनलाइन अटेंडेंस में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण किया जाए। विभाग द्वारा सरकारी सिम उपलब्ध कराई जाए तथा शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह द्वितीय शनिवार अवकाश तथा हाफ डे लीव अनुमन्य किए जाएं। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव , ब्लॉक मंत्री हरिमोहन राजपूत, नीरज बॉबी यादव, नितिन यादव, नीरज राजपूत उपस्थित रहे। ताखा में ब्लॉक अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी बीरेंद्र सिंह पटेल को सौंपा गया। ब्लॉक इकाई बसरेहर में ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास यादव, ब्लॉक इकाई भरथना में ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में ब्लॉक इकाई महेवा में ब्लॉक अध्यक्ष संजीव यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक इकाई सैफई में ब्लॉक अध्यक्ष प्रद्युम्न यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

लापता युवक का शव कुएं में मिला

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। लवेदी थाना क्षेत्र के गांव धौरखा से तीन दिन पहले लापता हुए युवक का शव कुएं में मिला। मृतक के परिजन घर से अगवा कर हत्या करके शव को कुएं में डालने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस आत्म हत्या का मामला मान रही है।

क्षेत्र के गांव धौरखा में रहने वाला 40 साल का छोटे लाल 29 फरवरी रात अपने घर से लापता हो गया। आधी रात बाद पत्नी जागी तो कमरे में पति को गायब पाकर शोर मचाया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। रविवार शाम एक ग्रामीण गांव से एक किलोमीटर दूरी पर धनीराम के खेत के पास कुएं के पास ही रखी रस्सी और बाल्टी से कुएं से पानी निकालने के लिए कुएं की ओर झुका तो शव तैरता नजर आया जिस पर उसने गांव आकर मामले की जानकारी दी। सूचना लवेदी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला तो उसकी पहचान लापता हुए छोटे लाल के रुप में की गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि उसकी गांव में किसी से भी रंजिश नहीं है, अज्ञात लोग उनको घर से अगवा कर ले गए, हत्या करने के बाद उसके शव को कुएं में डाल गए। मृतक चार भाई है जिसमें तीन भाई लवेदी थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में रहकर मजदूरी करते हैं। छोटे लाल अपनी पत्नी पूनम बेटी काजल 16, पायल 14, वैष्णवी 07, जाह्नवी 05 के साथ अपने पैतृक गांव धौरखा में ही रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी संदिग्ध हालात में मौत से पत्नी और बेटियों के सिर से भरण-पोषण करने वाले का साया छिन गया। काफी लोगों ने शोक व्यक्त किया।थाना प्रभारी सनत कुमार ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।

छोटे लाल।

लूट की टेस्ट रिपोर्ट में फिर पास हुई पुलिस

बकेवर। औरैया के गांव डिकौली के मोहन सिंह ने बकेवर थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह इटावा से बाइक पर अपने घर जा रहे थे कि तभी काली पल्सर बाइक सवार दो लड़के बगल में आकर गले में पड़ी सोने की चेन छीनकर भाग गये। थाना कार्यालय में मौजूद मुंशी मनमोहन तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक को सूचना दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो पता चला कि लूट की वारदात टेस्ट रिपोर्ट है। सीओ माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी ने थाना आकर लूट की वारदात को टेस्ट रिपोर्ट में बदलकर मुंशी को शाबाशी दी।

दर्दनाक : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बसरेहर, इटावा। चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत खेड़ाहेलू गांव के रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका।

जानकारी के अनुसार सत्येंद्र उर्फ पिंटू उम्र 35 वर्ष पुत्र रमन यादव निवासी खेड़ा हेलू रविवार की शाम को एक शादी समारोह में गया था। वह रात तीन बजे वापस घर लौटा और सुबह पांच बजे दूध लेने के लिए निकला। लेकिन वह दूध लेने नहीं पहुंचा । उसने खेड़ा हेलू से मसनाई मार्ग पर अन्हैया नदी पुल के समीप बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । वह दूध बेचने का काम करता था वह अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गया है। आत्महत्या किस कारण से की इसका अभी तक पता नहीं चल सका है ग्रामीणों ने बताया उसकी पत्नी के साथ कोई विवाद भी नहीं था। ग्रामीणों ने पिंटू को बबूल के पेड़ पर लटका देखा तो घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सियासत

संचालन समिति की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में भरा गया जोश

नये रिकार्ड के साथ जीतने के लिए लड़ रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भाजपा की सदर विधानसभा संचालन समिति की बैठक में नए रिकॉर्ड के साथ जीतने का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने कहा कि पहले हम पहचान बनाने के लिए चुनाव लड़े, फिर दूसरे नंबर पर आने के लिए, उसके बाद जीतने के लिए और अब हमें नए रिकॉर्ड के साथ लगातार जीतने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें सभी लोकसभा सीटों को पांच लाख से अधिक मतों से जीतने के लक्ष्य को पूरा करना है। हमें सुनिश्चित करना है कि सभी बूथों पर धारा 370 के अनुरूप पहले से 370 वोट अधिक हासिल करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरना है। क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू ने संचालन समिति के सभी 38 विभागों के प्रमुख एवं सह प्रमुखों के साथ चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठनात्मक जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि ये चुनाव 2047 के विकसित भारत की नींव रखने, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, जाति और पंथ विहीन समाज खड़ा करने और प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनने के लिए हैं।

जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर आपको आश्वस्त करता हूं है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जनपद की दोनों विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया रिकार्ड मतों से विजयी होंगे। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया।

बैठक में सदर विधायक सरिता भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, ब्लॉक प्रमुख बसरेहर दिलीप यादव 'बबलू', जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह, देवप्रताप भदौरिया, सुबोध तिवारी, दीपक नाथ चौधरी, शिवकिशोर धनगर, रोहित शाक्य मौजूद रहे।

एमएलसी अनूप गुप्ता व कमलावती सिंह का स्वागत करते पदाधिकारी।

नारी शक्ति वंदन मैराथन का हुआ आयोजन

इटावा। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सोमवार को नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने मैराथन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मातृशक्ति में बहुत उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो संकल्प है कि नारी शक्ति मजबूत हो उसकी एक झलक इस मैराथन में देखने को मिल रही है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में आयोजित शक्ति वंदन दौड़ में विधायक ने कहा कि जिस हिसाब से आज यहां माताएं बहनें आई हैं, उससे प्रसन्नता हो रही है कि देश जिस दिशा में जा रहा है और जिस विकसित भारत की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। वह मातृशक्ति के आशीर्वाद से ही संभव है। शास्त्री चौराहे से पक्का तालाब चौराहे तक नारी शक्ति के जन समूह ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला ,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विरला शाक्य ,उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा , राधा पाल, श्याम राजपूत, रेखा पोरवाल, प्रमिला पालीवाल, गुड्डी बाजपेई, ममता गुप्ता, चंचल तिवारी, रेनू शुक्ला, कोषाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, रजनी भदौरिया मौजूद रहीं।

मैराथन में शामिल सदर विधायक सरिता भदौरिया, विरला शाक्य व अन्य।

चार शराब तस्कर गिरफ्तार, शेष आरोपियों को ढूढ़ रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 203 पेटी अंग्रेजी शराब, 01 कंटेनर दो कारें भी बरामद

अमृत विचार। लवेदी थाना पुलिस व एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर विधीपुरा व नवादा के बीच अवैध रूप से अग्रेजी शराब को कंटेनर से उतार कर कारों में लाद रहे चार अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उनके कब्जे से 203 पेटी अंग्रजी शराब के साथ एक कंटेनर व दो कारे बरामद की है। पकड़े गए शराब तस्करों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। एसएसपी ने शराब तस्करों को पकडने वाली टीम को 25 हजार रूपया का इनाम दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लवेदी थानाध्यक्ष सनत कुमार अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी विधीपुरा व नवादा के बीच एक मंदिर के पास कुछ लोग अवैध रूप से शराब को कंटेनर से उतार कर कारों में लाद रहे हैं। इस सूचना से उन्होने एसओजी टीम को अवगत कराया। दोनों टीमो ने मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर छापा मार कर चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 01 ट्रक कंटेनर, 01 कार टाटा टिआगो एवं 01 कार होण्डा सिटी कार बरामद की। तलाशी में कार व कंटेनर से 203 पेटी विभिन्न कम्पनी की अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। पकडे गए लोगो ने अपने नाम हिम्मत सिंह पुत्र जतन सिंह निवासी कुम्हारेडी भरत पुर राजस्थान विनय पुत्र संजीव निवासी नवादा खुर्द लवेदी नंद किशोर उर्फ नंदू पुत्र रघुराज निवासी मुरली पुरा थाना भरथना मोनू तोमर उर्फ राघवेद्र उर्फ बजरंगी पुत्र राम सजीवन निवासी प्रिंस कालोनी उदी मोड बताया। उन्होने बताया कि हम लोग अवैध अंग्रेजी शराब को आगरा से कम पैसो मे खरीद कर बिहार में बेचते हैं जिसके लिये हम क्रॉकरी के बडे-बडे डिब्बों का प्रयोग करके अवैध अंग्रेजी शराब को कन्टेनर में छुपाकर शराब की तस्करी करते हैं यह कन्टेनर आगरा ट्रान्सपोर्ट नगर से मुजफ्फरपुर बिहार ले जाने के लिये लोड किया था। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि शराब की तस्करी के लिये हम लोग पंकज उर्फ वीरभान एवं 02 लोगों के माध्यम से पैसा इक्कठा करके अवैध अंग्रेजी शराब आगरा निवासी नितिन तिवारी से खरीदते हैं तथा अधिक दामों पर अन्य राज्यों में बेचकर धन लाभ अर्जित करते हैं और आपस में बाँट लेते हैं।

एसएसपी ने बताया कि सभी पकडे वाहनों को सीज कर दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

एक नजर

निधन पर शोक जताया

बिधूना, औरैया। उद्योग व्यापार संगठन उप्र के महामंत्री एवं समाजसेवी पूर्व सभासद सतीश शुक्ला का 65 वर्ष की उम्र में अचानक निधन हो गया। इस अवसर पर शोक में लोहिया बाजार में दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद सुब्रत पाठक, राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एलएस, नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अमित बाथम ललतू, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, सपा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर, प्रबंधक उमेश गुप्ता, वीरेंद्र मैथिल, महेंद्रनाथ गुप्ता, विनोद भदौरिया आदि ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। शाम को उनके पार्थिव शरीर का अरिंद नदी के घाट पर शोकाकुल माहौल में उनके पुत्र राहुल शुक्ला ने मुखाग्नि दी।

पत्नी लापता, पति ने साढ़ू पर लगाया आरोप

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला के गुम होने पर पति ने अपने साढ़ू पर उसे गुम करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम से गुहार लगाते हुए बताया कि 8 जनवरी को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी उसके साढ़ू के पुत्र रघुराज सिंह और शिवराज सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी खजुआ खेड़ा घर पर आए और बच्चे का जन्मदिन होने की बात कहकर उसकी पत्नी को अपने घर ले गए। जब पत्नी नहीं लौटी तो उसने वहां पता किया। लेकिन, पत्नी वहां नहीं थी और साढ़ू कुछ नहीं बता रहे थे। उसने थाना में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन हल्का इंचार्ज ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसे आशंका है कि उसके साढ़ू ने पत्नी को कहीं बेंच दिया है या मार डाला है। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके पुलिस बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है।

मकान की छत भरभरा कर गिरी, बाल-बाल बचा परिवार

ऐरवाकटरा, औरैया। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर रूरू में कच्चे मकान की छत और दीवार गिरने से गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। हमीरपुर रूरू गांव में रसूल मोहम्मद अपने बेटे नसीम के बच्चों के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। सोमवार दोपहर धूप निकली तो कच्ची छत भरभरा कर गिर पड़ी। आवाज सुनकर कमरे में बैठे नसीम, जीशान, रिजवान, रसूल मोहम्मद घर से बाहर निकल आए, लेकिन गृहस्थी का सामान, मवेशी मलबे में दब गए। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

तीन दिवसीय औरैया महोत्सव आज से, कलाकार मचाएंगे धूम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- महोत्सव के पहले दिन किसान जागरुकता के साथ होंगे कई कार्यक्रम

अमृत विचार। तीन दिवसीय औरैया महोत्सव मंगलवार से शुरू होगा। सोमवार को महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। तैयारियों का डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित एम सिंह ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 4 बजे शाम तक कृषि विभाग द्वारा कृषकों को जागरूक करने के लिए विचार गोष्ठी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति की जाएगी। इसके बाद 4 से 5:30 बजे तक संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत ग्रुप धर्मेंद्र अपने सुगम संगीत की सुर लहरियों से दर्शकों का मन मोहेंगे। रात्रि 8:30 बजे से देर रात तक कवि सम्मेलन में विनीत चौहान (अलवर), मनवीर मधु (दिल्ली), डॉ. रूचि चतुर्वेदी (मथुरा), अजय अंजाम (औरैया), रमेश मुस्कान (आगरा) एवं हेमन्त पांडेय (कानपुर) काव्यपाठ करेंगे।

निरीक्षण करती डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम। अमृत विचार

व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

औरैया। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम ने तीन दिवसीय औरैया महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पुराना नुमाइश मैदान में पहुंचकर जायजा लिया। डीएम व एसपी ने परिसर की साफ - सफाई, विद्युत पेय जलापूर्ति, आवागमन के रास्तों के साथ-साथ मंचीय व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यक्रम के दौरान अनावश्यक चहल कदमी किसी के द्वारा न की जाए, क्योंकि इससे दर्शकों को कार्यक्रम देखने में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि स्थलवार ड्यूटी निर्धारित की जाए, जिससे जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के समय आने वाली भीड़ को व्यवस्थित ढंग से बैठाया जाए और वाहनों को निर्धारित स्थान पर रोका जाए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की जाम की स्थिति न बनें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

धमाके के साथ फटा मोबाइल

अछल्दा, औरैया। कस्बे के स्टेशन रोड पर शादी समारोह में डीजे पर नाच रहे युवक का अचानक से स्मार्ट फोन गर्म होकर तेज धमाके से फट गया। युवक बाल बाल बच गया। कस्बा के स्टेशन रोड स्थित गेस्ट हाउस में रविवार को शादी समारोह चल रहा था। इस दौरान डीजे पर डांस कर रहे युवक के स्मार्ट फोन पर बार-बार कॉल आ रही थी। डीजे के तेज आवाज की बजह फोन नहीं उठा सका। डांस करते समय उसे जेब में कुछ गर्म लगने का अहसास हुआ तो युवक ने जैसे ही मोबाइल जेब से बाहर निकाला वैसे ही तेज धमाके की आवाज के साथ फोन फट गया।

जाम ने किया परेशान, दिनभर सड़कों पर रेंगकर चले वाहन

बोर्ड परीक्षा और सहालग के चलते बने हालात, परीक्षार्थियों को हुई खासी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर नगर में सोमवार सुबह से लगा जाम देर शाम तक रहा, जिससे राहगीरों समेत परीक्षार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की अंग्रेजी परीक्षा थी, जिससे करीब आठ बजे से परीक्षार्थियों और अभिभावकों की आवाजाही से सड़कों पर भीड़भाड़ होने से जाम लग गया। इसके बाद दोपहर में जब हाईस्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों से निकले तो काफी जाम लग गया। वहीं, शाम पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट, भौतिक विज्ञान के पेपर होने से परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्रों पर जाने से भीड़ रही। वहीं, सहालग होने से बाजार में खरीददारों के भी पहुंचने से जाम शाम तक रहा। कई स्थानों पर आटो चालकों द्वारा बीच सड़क में सवारी भरने से भी जाम बढ़ता हुआ नजर आया। फुटपाथ तक भारी अतिक्रमण और सड़क किनारे बिजली के लगे हुये पोल भी जाम लगने की मुख्य बजह साबित हो रही हैं। सभासद राजीव शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन अतिक्रमण कारियों से फुटपाथ खाली कराने के साथ यदि आटो चालकों पर सख्ती बरतें तो जाम से निजात मिल सकती है। वहीं उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता पैराडाइज ने बताया कि उन्होंने संगठन के माध्यम से जिला प्रशासन को नहरपुल पर लगे हाइट गेजों की चौड़ाई बढ़ाये जाने की मांग की थी लेकिन आश्वासन के कई दिनों से चौड़ाई नहीं बढाये जाने से हालात बदतर हो रहे हैं। जरूरी काम से जाने वाले लोग जहां लेट होते हैं वहीं एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती है। लोगों ने जिलाधिकारी से नहर बाजार में फुटपाथ खाली कराने की मांग की है।

जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

पुल पर लगा जाम। अमृत विचार

नहर पुल पर लगा जाम पुलिस ने खुलवाया

अछल्दा, औरैया। कस्बा के नहर पुल पर सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पुल के दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया। नहर पुल सकरा होने के चलते दोनों तरफ से वाहन निकल नहीं पाते हैं। जब पुल के एक तरफ वाहन खड़े हो जाते हैं तो दूसरी तरफ के वाहन निकल नहीं पाते। वाहनों के आमने-सामने फंसने से 500 मीटर लम्बा जाम लग गया। नहर पुल पर जाम की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। थाना इंचार्ज विकास कुमार ने बताया कि जाम की सूचना पर पुलिस भेजकर जाम खुलवाया गया है।

राशन डीलर की पत्नी करती है अभद्रता डीएम से शिकायत

फफूंद, औरैया। ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत खगीपुर के राशन डीलर की पत्नी की दबंगई से लाभार्थी परेशान हैं। डीलर की पत्नी से परेशान लाभार्थियों ने प्रधान से गुहार लगाई। इस पर ग्राम प्रधान ने जिला अधिकारी को शिकायती शपथ पत्र देकर राशन डीलर की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। फफूंद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खगीपुर के ग्राम प्रधान राजेश तिवारी ने सोमवार को जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी ग्राम पंचायत का राशन डीलर दीपक बाबू है जो बाहर कहीं नौकरी करता है। राशन की दुकान का काम उसकी पत्नी करती है जो दबंगई से हर राशन कार्ड पर एक से दो किलो गल्ला कम देती है। अगर कोई गरीब लाभार्थी पूरा गल्ला देने की कहता है तो वह उसके साथ अभद्रता करती है, जिससे पूरा गांव परेशान है। आरोप लगाया कि हाल ही में दयालनगर निवासी राशन लेने आई महिला के साथ मारपीट की गई। बताया कि सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर के पेमेंट को निकालने में केयर टेकर से पैसे मांगती है। ग्राम प्रधान ने शिकायती शपथ पत्र देकर डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

गेल पेट्रो केमिकल पाता में अग्नि संरक्षा सप्ताह के दौरान ध्वजारोहण कर कार्यक्रम शुरू करते अधिकारी। अमृत विचार

अग्नि संरक्षा सप्ताह शुरू बताया कैसे रहें सुरक्षित

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- गेल इंडिया के पैट्रोकेमिकल संयंत्र में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार। गेल इंडिया लिमिटेड के पाता पैट्रोकेमिकल संयंत्र में अग्नि एवं संरक्षा विभाग द्वारा 53वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह समारोह का शुभारम्भ गेल पाता के मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एवं कार्यवाहक प्रभारी अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। उन्होंने कार्मिकों को संरक्षा की शपथ दिलाई और सेफ वर्कर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सोमवार को गेल पाता के पेट्रो केमिकल प्लांट में चार से दस मार्च तक चलने वाले अग्नि संरक्षा सप्ताह की शुरुआत की गई। मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एवं कार्यवाहक प्रभारी अधिकारी गेल पाता एसके मेहरोत्रा ने गेल और संविदा कर्मियों को संबोधित करते हुए संरक्षा के महत्व तथा संरक्षित उपायों से होने वाले लाभ की जानकारी दी। साथ ही गेल प्लांट में सुरक्षित तरीके से कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को बेस्ट सेफ वर्कर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उप महाप्रबंधक उमेश अकोटे ने सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक रवि मेहरोत्रा, एसके सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, एसके मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक, जोयंतो पैंगिंग एवं रवि शर्मा, उप महाप्रबंधक पीटी बिसेन मौजूद रहे।

नाबालिग को अगवा कर किया दुष्कर्म, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- रविवार शाम को शौच के लिए खेतों पर गई थी किशोरी
- पुलिस ने किशोरी को आरोपी के घर से बरामद किया

अमृत विचार। दादी के साथ खेतों पर शौच करने के लिए गई नाबालिग को कार सवार पिता-पुत्र ने अगवा कर लिया। इसके बाद एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म कर अपने घर में बंद कर लिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को आरोपी के घर से बरामद किया है।

अयाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की 14 वर्षीय बेटी रविवार शाम सात बजे के करीब अपनी दादी के साथ खेतों पर शौच के लिए गई थी। इस बीच वहां पहुंचे कार सवार गांव भासौन निवासी दिनेश उर्फ गोलू व उसके पिता अरविंद सिंह वहां पहुंचे। आरोपी किशोरी को जबरन कार में डालकर अपने साथ ले गए। उसकी दादी ने घर जाकर परिजनों को जानकारी दी। इसी बीच आरोपी दिनेश ने किशोरी के पिता को फोन कर किशोरी को अगवा करने की बात कही। इसपर पिता पुलिस के साथ आरोपी के घर पहुंचा तो वहां उसकी बेटी एक कमरे में बंद थी। घर पर आरोपी दिनेश की मां आशा देवी मौजूद थी। पुलिस ने किशोरी को कमरे से बाहर निकलवाया। इस पर बेटी ने उसे बताया कि आरोपी दिनेश ने खेतों पर उसके साथ दुष्कर्म किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवाया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

बाढ़ पीड़ितों ने डीएम से मांगा आवासीय पट्टा

ककोर, औरैया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास पिछले तीन वर्षों से बाढ़ पीड़ित अपनी झोपड़ी रखकर गुजर बसर कर रहे थे लेकिन, इस स्थान को प्रशासन द्वारा चिन्हित करने के बाद नौरी राजपुर में 91 ग्रामवासियों के लिए आवास पट्टे दे दिए गए। इसके बाद बचे हुए ग्रामवासियों को आज तक पट्टा नहीं मिला। वंचितों ने अपर जिलाधिकारी से तीन माह पहले बचे हुए आवासीय पट्टे की मांग की थी तब उन्हें आश्वासन दिया गया कि सरकारी काम में समय लगेगा। आपको पट्टे मिल जाएंगे लेकिन, आज तक कोई भी पट्टा आवंटित नहीं हुआ। वंचित सदर विधायक गुड़िया कठेरिया व जिला अध्यक्ष से भी पट्टे की मांग कर चुके हैं, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बाद भी पट्टे का आवंटन नहीं हो पा रहा है। इन सभी ग्रामीणों ने आज जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना दर्द जिला अधिकारी को बताया। जिला अधिकारी ने जल्द ही कार्रवाई का अश्वासन दिया।

धरना देकर शिक्षक बोले, सरकारी टैबलेट में नहीं लगाएंगे व्यक्तिगत सिमकार्ड

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक औरैया के अध्यक्ष अरविंद दुबे व ब्लॉक मंत्री ओम नारायण पाल के नेतृत्व में शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र औरैया पर एकत्र होकर 21 सूत्री मांगों को लेकर महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बीईओ के न होने पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में कहा कि विभाग ने टैबलेट उपलब्ध कराया है तो सिम भी विभाग की तरफ से उपलब्ध कराएं।

शिक्षक व्यक्तिगत आईडी से सिम का प्रयोग कदापि नहीं करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद दुबे ने कहा कि पुरानी पेंशन, 31 उपार्जित अवकाश आदि मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूली शिक्षा को ज्ञापन भेजा जा रहा है। पत्रक में शिक्षकों को राज्यकर्मियों की तरह साल में 31 दिन का उपार्जित अवकाश, हर माह के दूसरे शनिवार को अवकाश, विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड, पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, अर्ध आकस्मिक अवकाश देने संबंधित 21 सूत्रीय मांग की गयी। शिक्षक संघ के संरक्षक डॉ राजीव उपाध्याय ने कहा कि हमारी सभी मांगें वाजिब है, जिसे सरकार को मानना चाहिए। पुरानी पेंशन समेत ज्यादातर मुद्दों को लेकर हमारी लड़ाई लंबे समय से चल रही है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद दुबे के अतिरिक्त ब्लॉक मंत्री ओम नारायण पाल, संजीव सविता, सत्यम दुबे, निर्मल कुमार, माधवी, नवीन पोरवाल, सचिन द्विवेदी, आशुतोष चतुर्वेदी, बृजेन्द्र ओझा, अनुजा सेंगर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रदर्शन करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

भागवत कथा आनंद का केंद्र है : आचार्य अवधेश

कथा सुनाते आचार्य अवधेश।

अछल्दा, औरैया। क्षेत्र के खुमानपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिन सोमवार को आचार्य अवधेश नारायन ने भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, पृथु चरित्र व हिरणकश्यप बध, नृसिंह अवतार व समुद्र मंथन का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद। उन्होंने कहा भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा हिरणाकश्यप के पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरणकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाई तो खंभा फटा और खंभे से विष्णु भगवान नृसिंह का रूप धारण प्रगट हुए। भगवान नृसिंह ने हिरणाकश्यप का बध कर दिया। इस दौरान आयोजक गणेश यादव, ओमप्रकाश यादव, ब्रजकिशोर, सत्यवीर, रामवीर यादव, देवेश, अरविंद आदि मौजूद रहे।

गंदगी से लोग परेशान, संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका

कुदरकोट, औरैया। कस्बे के प्राइमरी विद्यालय के आसपास बने कूड़ेदानों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाईकर्मियों के न आने से समस्या बनी हुई है। प्रधान से कई बार समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एवं स्कूल में तैनात अध्यापक व अन्य स्टाफ को गंदगी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को संक्रामक बीमारी फैलने का डर सता रहा है।

विद्यार्थियों का नई कक्षाओं में प्रवेश, किया स्वागत

बच्चों के साथ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य। अमृत विचार

बिधूना, औरैया। ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय में सोमवार को नए सत्र में जूनियर, 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं का रोली अक्षत एवं पुष्पों से स्वागत किया गिया और उन्हें नई कक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी गईं। इस मौके पर ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के उप प्रधानाचार्या कल्पना वर्मा के द्वारा दृढ़ संकल्प कराया गया कि हम मेहनत से ज्ञानार्जन करेंगे, समय को बर्बाद नहीं करेंगे। परिवार एवं समाज में कुछ बनकर दिखाएंगे। इसी श्रृंखला में ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज भानू प्रताप सिंह ने भी बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर कल्पना वर्मा, विनय शुक्ला, कपिल भदौरिया, अनूप सक्सेना, सागर सक्सेना, गीता यादव, एताशी सेंगर, पूनम चतुर्वेदी, शिवनाथ सिंह, कौशलेंद्र सिंह, मोहित सिंह, शैलेंद्र सिंह, साहिल सक्सेना, विशाल श्रीवास्तव आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

बैठक के दौरान चर्चा करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अजीतमल, औरैया। अजीतमल विकास खंड में मंगलवार को लोकसभा में आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय ब्लॉक प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत बाबरपुर-अजीतमल अखिलेश चक, मुकेश दीक्षित, रामू तिवारी, शिक्षक नेता विपिन तिवारी, संतकुमार शुक्ला, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

मिलेगी सुविधा बिजली विभाग ने खंभे शिफ्ट करने का कार्य किया शुरू, चार किमी तक बनेगी मेडिकल कॉलेज की सड़क

समाधान से मेडिकल कॉलेज तक जल्द चमाचम होगी सड़क

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिला मुख्यालय के निकट समाधान पुरवा से मेडिकल कालेज बरमुपुर की सड़क जल्द ही चमाचम होने की उम्मीद है। इससे बाबा ब्रह्मदेव जमौली से कंचौसी तथा प्लास्टिक सिटी जाने का सफर आसान होगा। लोक निर्माण विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों को आवागवन में सुविधा होगी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह सड़क टू लेन सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी, विभाग अप्रैल माह तक सड़क निर्माण का काम शुरू करने की बात कह रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बिजली के खंभे शिफ्ट करने के लिए बिजली विभाग को 45 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा, जिसकी कुछ राशि बिजली विभाग को दी जा चुकी है। बिजली विभाग ने सर्वे करने के बाद बिजली के पोल शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। सड़क बनने से मेडिकल कालेज पहुंचने का रास्ता सुगम हो जायेगा। गांव बरमूपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के इसी साल जल्द ही शुरू होने की उम्मीद पर पीडब्ल्यूडी इसे जल्दी पूरा करने के लिए तैयार है। इस सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल माह में शुरू होने की जानकारी दी गई है।

बताते चलें कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य दो भाग में किया जा रहा है। पहला भाग ग्राम पंचायत सेहुद के मजरा बरमूपुर गांव में तथा दूसरा भाग चिचौली गांव तक बनाया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज बरमूपुर में एकेडमिक ब्लॉक हॉस्टल आदि बनाया जा रहा है। जो पिछले कई सालों से बन रहा है। लोक निर्माण विभाग को पिछले साल औरैया, दिबियापुर रोड पर स्थित समाधान पुरवा से मेडिकल कॉलेज की सड़क निर्माण की स्वीकृति शासन द्वारा मिल गई थी। निर्माण कार्य के लिए नौ करोड़ रुपये का बजट पास हुआ था। अब बिजली विभाग खंबे शिफ्ट करने में जुट गया है। इसके बाद सात मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

समाधान गांव से मेडिकल कॉलेज तक की जर्जर सड़क। अमृत विचार

हजारों लोगों को मिलेगी सहूलियत

- समाधान पुरवा से लेकर मेडिकल कॉलेज होकर प्लास्टिक सिटी, कंचौसी झीझक जाने का मार्ग सुगम हो जायेगा। जिससे 10 हजार से अधिक लोगों को इसका भरपूर फायदा होगा। पिछले तीन सालों से इस सड़क मार्ग की हालत जर्जर होने से ग्राम पंचायत प्रधान सुदेश राजपूत कईबार शासन से निर्माण कार्य कराने की मांग कर चुके हैं। इस सड़क निर्माण से अजमतपुर, बहादुरपुर, बरमूपुर, सेहुद, समाधान, कटारी पुरवा, चमरौआ, जमौली, अजब पुरवा आदि दर्जनों गांव में यातायात सुगम होगा। खंभे शिफ्ट होने पर सड़क निर्माण की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव ने बताया कि शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त हो चुकी है। बिजली के खंभे हटाने का काम चल रहा है। अप्रैल माह से सड़क बनना प्रारंभ हो जाएगी।

धर्म दर्शन

आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4)में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक- प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रदेश

बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत, चार घायल

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

- रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे
- पुलिस ने बस को कब्जे में लिया चालक हुआ फरार

अमृत विचार : मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

दक्षता और न्यायिक संतुलन न्याय प्रणाली की आवश्यकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लंबा आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों को जमानत देने से पहले उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि दक्षता और न्याय के बीच संतुलन बनाना कानूनी कार्यवाही का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है। आपराधिक न्याय प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाय, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकने के साथ-साथ गलत काम करने वालों को उनके कार्यों का परिणाम भुगतना तय हो।

कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक दुखद सत्य है कि जघन्य अपराधी कानूनी कार्यवाही में खामियों का फायदा उठा कर बच जाते हैं। कानूनी खामियां आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीड़ित ठगा हुआ सा महसूस करता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने भरत सिंह की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। आरोपी के खिलाफ झांसी के नवाबाद पुलिस स्टेशन में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मालूम हो कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास होने के कारण उसे दो मामलों में दोषी ठहराया गया है और पहली जमानत याचिका खारिज होने का कारण उसका आपराधिक इतिहास ही है।

जयाप्रदा कोर्ट में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को दोपहर ढाई बजे कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। जमानत मिलने के बाद वह 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। जिस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

वर्ग पहेली-362

बाएं से दाएं

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

ऊपर से नीचे

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।



वर्ग पहेली - 361 का हल

1 प	ल	■	2 उ	ट	3 ज
शु	■	■	ता	■	ग
दे	■	4 यु	व	ती	■
5 व	शी	■	ला	■	6 का
वा	■	7 उ	प	ता	प
8 द	ह	क	न	■	टि
■	■	ठा	■	9 रैं	क

सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6	9		1			
1			2	4				
2		4				9		5
		7			9		4	
6		3	5		4			9
	8		1			6		
9		8				2		6
				2	8			7
			6		3	1		

सुडोकू - 78 का हल

4	7	3	6	9	5	1	8	2
1	9	5	2	4	8	3	7	6
8	2	6	3	1	7	4	9	5
6	1	7	4	2	3	9	5	8
9	5	2	7	8	1	6	4	3
3	4	8	9	5	6	7	2	1
7	8	1	5	3	4	2	6	9
5	6	9	1	7	2	8	3	4
2	3	4	8	6	9	5	1	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

वृष — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

मिथुन — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

कर्क — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

सिंह — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

कन्या — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

तुला — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

वृश्चिक — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

धनु — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

मकर — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

कुंभ — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

मीन — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 11.34
- परदेसी बाबू — रात : 08.00

SONY MAX
- पागलपंती — सुबह : 09.00
- अफवाह — रात : 07.00

SONY PIX
- सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
- एक्वामैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
- हैक्ड — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- परंपरा — सुबह : 10.58
- बिल्लू — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

एक नजर

भूपेंद्र चौधरी बने रालोद मीडिया सेल के राष्ट्रीय संयोजक

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल ने सोमवार को पार्टी के मीडिया सेल के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। भूपेंद्र चैधरी मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक बनाये गये हैं, जबकि अनिल दुबे, अजय वीर सिंह, मनोज चैधरी व जैनब सिकंदर राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये गये हैं। प्रदेश मीडिया सेल में सुनील रोहटा को संयोजक बनाया गया है।

पहले दिन कोई नामांकन नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशी 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 मार्च को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन मतगणना होगी।

सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी बर्खास्त, होगी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चकबंदी आयुक्त का एक्शन, मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला व वन भूमि कर दी थी लोगों के नाम

अमृत विचार: चकबंदी आयुक्त ने सोमवार को सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी प्रभाकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला और वन विभाग की भूमि मनमाने तरीके से लोगों के नाम कर दी थी।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बिसौला हस्तिनापुर मवाना मेरठ और ग्राम फिरोजपुर किठौर, मवाना, मेरठ में चकबंदी के कामों में अनियमितता की शिकायत जांच समिति बनाते हुए कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम बिसौला और फिरोजपुर में चकबंदी के कामों में अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बाद बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जमीन को भी वापस लिया जाएगा।

धोखाधड़ी से भूमि प्राप्त करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबंदी विभाग में कुल 22 अधिकारियों को निलंबित, चार को बर्खास्त और एक को उसके मूल पद पर भेजते हुए 40 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

संतरी और कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही

अमृत विचार, लखनऊ: थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी।

अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

खेतों में उतरे अधिकारी, कर रहे सर्वे

खराब मौसम और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए योगी ने दिया था निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ छूटे हुए किसानों के लिए आयोजित होगा विशेष क्षेत्रीय शिविर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश मिलते ही सोमवार को विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी हरकत में नजर आए। वे सुबह से ही किसानों से संपर्क साधकर खेतों में पहुंचे और फसलों के नुकसान का जायजा लिया, फिर सर्वे रिपोर्ट राहत विभाग को सौंपी।

दरअसल, लगभग सभी जिलों में निरंतर सर्वे कार्य चल रहा है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से हुई जनहानि व पशुहानि का भी सर्वे कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अधिकारियों को खेत-खलिहानों में जाकर ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया था।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ओलावृष्टि व भारी वर्षा के कारण सभी फसलों के नुकसान का सर्वे शाम तक लगभग पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छूटे हुए किसानों के लिए विशेष क्षेत्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके डेटा से जुड़ी जानकारी राहत पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि झांसी, इटावा, ललितपुर, सहारनपुर समेत सभी जिलों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों के अधिकारी सोमवार सुबह ही फील्ड में पहुंचे और नुकसान की हकीकत देख लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी (वित्त-राजस्व) ने तहसील कोंच व उरई के ग्राम पिंडारी व सोमई में जाकर नुकसान का अवलोकन किया। एडीएम (न्यायिक) ने माधौगढ़ ग्राम मिझौना व बंगरा का निरीक्षण किया। एडीएम (नमामि गंगे) ने ओलावृष्टि से प्रभावित तहसील कालपी के ग्राम आटा व चमारी संधी में जाकर नुकसान हुई फसलों को देखा और वहां की रिपोर्ट राहत कार्यालय भेजी।

24 घंटे में मिले क्षतिपूर्ति धनराशि

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे में प्रभावित किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी थी। इसके बाद सोमवार को सहारनपुर के जिलाधिकारी, इटावा, जालौन, मुजफ्फरनगर, झांसी समेत अनेक जिलों के अफसरों ने किसानों से संपर्क साधा और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

प्रदेश में आ रहे यहां की आबादी से दोगुने पर्यटक

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी ने दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि उप्र. में आज यहां की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य के सभी 75 जिलों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। उप्र. अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है।

▸▸ 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

▸▸ एआई टेक्नोलॉजी की मदद से पूरे प्रदेश में हो पर्यटकों की गिनती

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला, नीरज वोहरा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम सहित प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा।

पीड़ित किसानों को फौरन मुआवजा दे सरकार

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भारी वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को राज्य सरकार फौरन मुआवजा देकर राहत पहुंचाये। क्योंकि नुकसान के चलते कई किसान हताश हैं और आत्महत्या भी कर सकते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

आठ दिन शेष, होने हैं 17 हजार विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोस चुनाव को लेकर 12 मार्च को लग सकती है आचार संहिता

▸▸ आचार संहिता लगते ही रुके जाएंगे सामूहिक विवाह

अमृत विचार: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रह है। लोकसभा चुनाव को लेकर 12 मार्च को अधिसूचना लग सकती है और आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों का विवाह कराना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति युगल के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में शिविर लगाकर योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण कराया गया। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हुए। अभी तक प्रदेश के 75 जिलों में 95 हजार युगलों का विवाह कराया जा चुका है। लगभग 55 हजार युगलों के विवाह का भुगतान भी कर दिया गया है। जबकि 40 हजार युगलों के विवाह पर खर्च हुई राशि के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। 12 मार्च की शाम या 13 मार्च को लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है। ऐसे में विभाग को लक्ष्य हासिल करने के लिए आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों के विवाह कराने होंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अधिसूचना लगने के बाद समारोह बंद हो जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष युगलों का विवाह कराया जाएगा।

चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ पिछले लोस चुनाव में 'चौकीदार चोर है' के जवाब में शुरू हुआ था 'मैं भी चौकीदार'

▸▸ 'मोदी का परिवार' बनने की भाजपा नेताओं में मची होड़

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'मोदी का परिवार' बनने की होड़ सी मच गई है। पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से 'चौकीदार चोर है' के हमले से ऐसा ही एक हथियार 'मैं भी चौकीदार' से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए 'मोदी का परिवार' बनने का अभियान चलाकर बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है, समूचा देश चुनावी माहौल में रंगता नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था, 'नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया'।

मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में होंगी 10 रैली

लखनऊ। भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होगीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

नड्डा, शाह समेत योगी ने बदला बायो, जोड़ा- 'मोदी का परिवार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया।

सुनियोजित विकास के साथ आय की संभावनाएं तलाशें प्राधिकरण

▸▸ मुख्यमंत्री ने महायोजना-2031 नियोजित विकास के दिए दिशा-निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 को देखा और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

उन्होंने कहा, स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

सहारनपुर महायोजना में व्यावसायिक गतिविधियों का हो विकास

मुख्यमंत्री के मुताबिक, सहारनपुर देवभूमि का प्रवेश द्वार है। बीते 06-07 साल में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना हो रही तैयार

अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रिल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इससे जोड़ें। हैवी ट्रैफिक से नगर का आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता रामदास आठवले ने मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। अमृत विचार

नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार की ओर से नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी है। इससे गरीबों के लिए घर बनाने, आवश्यकता के आधार पर सड़क, पार्क या फिर अन्य सरकारी योजनाओं के लिए प्राथमिकता पर देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सोमवार को उप्र. नजूल संपत्तियों के सर्वाजनिक उपयोगार्थ अधिनियम का प्रस्तुतीकरण किया गया। शहरी क्षेत्रों में गरीबों के घर बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि नहीं मिल पा रही है। इसीलिए अधिनियम में यह प्रावधान किया जा रहा है कि खाली पड़ी और गैर पट्टा वाली नजूल भूमि आवास विभाग को देकर उस पर गरीबों के लिए जरूरत के आधार पर मकान बनाए जाएं।

ओपन जेल की व्यवस्था की योजना पेश करने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी।

न्यायालय ने अपने पूर्वे के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है ताकि पूर्ण सुधारात्मक व्यवस्था को लागू किया जा सके।

एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एमपी, छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों के बनाते थे फर्जी दस्तावेज

▸▸ फर्जी आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट व वोटर आईडी बरामद

अमृत विचार: छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरुण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ टीम बुलन्दशहर क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक करने वाले गैंग के सदस्यों की तलाश में सक्रिय थी। उसी दौरान मिली सूचना पर एसटीएफ ने उन तीनों तो दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो विभिन्न राज्यों के फर्जी कागजात जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट, वोटर आईडी आदि बनाते है।

छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवकों को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। क्योंकि, इन राज्यों में उप्र की तुलना में कम अंकों पर मेरिट बनती है, जिससे उन्हें लाभ मिलता है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रुपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रुपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

लगभग 13 करोड़ ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

अमृत विचार, लखनऊ : जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। कभी जल की राह देख रहा बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन वमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 4,80,205 से अधिक महिलाओं को पानी जांच की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। कभी पानी के लिए तरसते बुंदेलखंड में डबल इंजन सरकार ने शत-प्रतिशत साफ पानी भी पहुंचा दिया है तो वहीं विंध्य क्षेत्र में भी लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

यूपी बोर्ड: डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तर पुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे। बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्याकंन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि कापियों के मूल्यांकन में पूरी तरह शुचिता बरती जाए इसके लिए परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा।

स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी (पिछड़े) नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा, जबकि 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9.27 लाख और कुल 36.89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2.5 लाख और कुल 22.87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए कुल 6.56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,872.29	22,405.60
बढ़त	66.14	27.20
प्रतिशत में	0.09	0.12

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 5 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5600-5800
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	3900-4000
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12000-12200
चनादाल	7150-7250
मटरदाल	5050-5150
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-4950
अलसी	4500-4600 रुपये।

मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7

प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।''

मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों

(आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,300
गिन्नी (प्रति नग)	48,600-48,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,350
सोना जेवरात गिन्नी	63,350
चांदी पक्की	721 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,600
चांदी आभूषण	72,800।

आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

नई दिल्ली। उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

एआई पर परामर्श बड़े मंचों के लिए है स्टार्टअप के लिए नहीं: चंद्रशेखर

- राज्यमंत्री बोले-परामर्श का उद्देश्य एआई मंचों को है रोकना

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे बड़े मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों

के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, ''जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए हैं। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

राष्ट्रीय

मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर पर खत्म किए

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं विक्रमादित्य ने पार्टी नेतृत्व से बात की

- राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के सूत्रों ने किया यह दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। एक पार्टी सूत्र ने कहा-सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।'' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते। सूत्रों ने दावा किया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद अब सदन में सदस्यों की कुल संख्या 62 रह गई है और सरकार के पास बहुमत के जरूरी आंकड़े 32 से अधिक विधायकों का समर्थन है। उन्होंने दावा किया कि बागी विधायक माफी मांग रहे हैं और संदेश भेज रहे हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात की है और अपने मुद्दों से अवगत कराया है।

जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

जयपुर। जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक

एनएचएआई रिश्वत रैकेट

का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के दो आरोपी गोवा में गिरफ्तार

चंडीगढ़/नई दिल्ली। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा, ''मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है।'' संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या राज्य के किसी अन्य विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

रॉय ने कहा कि वह इस सबंध में ''उचित समय'' पर निर्णय लेंगे। रॉय को समझाने के अपने आखिरी प्रयास में मंत्री ब्रत्य बसु और पूर्व तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष सोमवार सुबह उनके आवास पर पहुंचे। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय का उत्तरी कोलकाता क्षेत्र से पार्टी के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय के साथ कथित तौर पर मतभेद चल रहा है और वह पिछले कुछ समय से पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे।

रॉय ने मध्य कोलकाता में अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए इस साल 12 जनवरी को ईडी के छापे के बाद उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। रॉय ने कहा, ''मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि ईडी शाहजहां शेख को निशाना बना रही है। मैं उम्मीद कर रहा था कि वह मेरे घर पर छापे के बारे में भी एक या दो शब्द बोलेंगी, लेकिन उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला।''

कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

वड़ोदरा। गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

कोर्ट ने महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका की खारिज

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे

और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। बाद में उन्होंने पक्षकारों की सूची से सभी मीडिया घरानों और सोशल मीडिया कंपनियों को हटा दिया था।

ईडी पर हमला: जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने राज्य पुलिस पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया और कहा कि यद्यपि शेख के खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे वर्षों से लंबित हैं, लेकिन पुलिस ने संदेशखाली में टीएमसी नेता के यहां छापेमारी के दौरान लगभग 1,000 लोगों की उग्र भीड़ द्वारा ईडी अधिकारियों पर किए गए हमले के बाद उसे (शेख को) गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि शेख की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी।

एक नजर

अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

वाशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

दुबई। ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

वाशिंगटन। अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में प्रमुख सड़कमार्ग पर यातयात बंद हैं। हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3.6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3.5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तेज हवाएं चल रही हैं। रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही। सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है।

पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

शिमला। हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नही है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चल है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन आप कोई कॉल तभी कर सकेगा, जब आप उसे इजाजत देंगे। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं। इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको 'ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें:' विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

कॉल पर होंगे ये फीचर्स

एक्स पर वीडियो-ऑडियो कॉल के दौरान यूजर्स स्पीकर, कैमरा फ्लिप, म्यूट और कट के ऑप्शन मिलते हैं। अगर आप कॉल को स्पीकर पर रखना चाहते हैं तो इसके लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। कैमरा बटन पर टैप कर आप कॉलिंग के दौरान फ्रंट से बैक कैमरा स्विच कर सकते हैं। माइक्रोफोन पर टैप कर म्यूट कर सकते हैं। इसके साथ कॉल कट करने के लिए आपको कैंसिल बटन पर टैप करना होगा।

फीचर कैसे करें एक्टिवेट

एक्स पर कॉलिंग फीचर को इनेबल करने के लिए डायरेक्ट मैसेजेज (डीएम) के आइकन पर क्लिक करना है। फिर इसके बाद डीएम ऑप्शन में ऑडियो और वीडियो कॉलिंग फीचर को इनेबल करना होगा। कॉलिंग फीचर इनेबल होते ही आप एक्स पर यह भी सलेक्ट कर पाएंगे कि कौन से एक्स यूजर्स - वेरिफाई यूजर्स, फॉलोअर्स या ऐड्रेस बुक में मौजूद यूजर्स आपको कॉल कर पाएंगे।

इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त

इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

पोर्ट-ऑ-प्रिंस। कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। इस हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हुए हैं। घटना को देखते हुए सरकार ने देश में इमरजेंसी लागू की है।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार बीते दिनों दो जेलों पर हमला किया, खतरे को देखते हुए देश में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

काठमांडू। नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- **बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

बीएपीएस मंदिर में उमड़े भक्त...

अबु धाबी : संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

अमेरिकाः 4 नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना, 6 माह तक मौजूद रहेंगे

केप केनवरल, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था। दो चरणों वाला फाल्कन-9 राकेट फ्लोरिडा के अटलांटिक तट के साथ केप केनवरल में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रात 10:53 बजे लांच किया गया था।

ट्रंप के खिलाफ निक्की की पहली जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- **रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद**

निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था। अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। वहीं निक्की हेली को 24 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है। मंगलवार को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं। ट्रंप अब तक आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, साउथ कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत चुके हैं।

जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

पारिवारिक वीजा की आय बढ़ने से प्रवासी परेशान

- **ब्रिटिश सरकार के न्यूनतम आय 40.6 लाख करने से 20 लाख भारतीयों पर होगा असर**

लंदन, एजेंसी

ब्रिटिश सरकार ने प्रवासियों की संख्या घटाने के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत पारिवारिक वीजा के लिए न्यूनतम आय सीमा 19.5 लाख से बढ़ाकर करीब 40.6 लाख रुपये कर दी जाएगी। इस फैसले का 20 लाख ब्रिटिश भारतीयों पर सीधे तौर पर असर हो रहा है। इससे हजारों भारतीयों की शादी की योजना पर ब्रेक लग गया है।

ब्रिटिश सरकार की इस योजना को लेकर अप्रवासियों में आक्रोश है। बता दें, सबसे बड़ा असर नर्स जैसे देखभाल कर्मियों पर पड़ रहा है, जो अकेले रह रही हैं। मैनचेस्टर में वैज्ञानिक ब्रिटिश भारतीय हरतोष सिन्हा ने बताया कि मैं दिल्ली में रह रहीं मंजूषा से शादी की तैयारी कर रहा था। मेरी आय 26 लाख ही है। ऐसे में मंजूषा के साथ शदी का सपना टूट गया है। ब्रिटिश नागरिक जेसिंडा मैथ्यू भारतीय पति के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वे मां-पिता के पास ब्रिटेन जाने की सोच रही थीं। पर लैब असिस्टेंट के रूप में 38 लाख की नौकरी मिलना नामुमकिन है। बता दें, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) ने सुनक सरकार को पत्र लिखा है। इसमें कहा, 'विदेशी देखभाल कर्मियों को अपने आश्रितों को ब्रिटेन लाने से रोकने की योजना हमारे सदस्यों के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली है। ब्रिटेन में स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों का वर्क वीसा में हिस्सा लगभग आधा है। कम वेतन होने से उनके पास अपने परिवार को साथ लाने का विकल्प नहीं बचेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सुम्पशन ने कहा, 'परिवार के सदस्यों के अलग देशों में रहने के कारण लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

आश्रितों को सिर्फ वो ही लाएं, जो आर्थिक मदद कर सकें

पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत ब्रिटिश निवासी अपने जीवनसाथी को साथ रखने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी कारण प्रवासी भारतीयों द्वारा शादी की योजना के साथ इसके लिए आवेदन किया जाता है। पिछले साल 5,870 भारतीयों को पारिवारिक वीजा दिया गया था। तब न्यूनतम सालाना आय 19.54 लाख रुपये की बाध्यता थी। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इस वीजा के लिए आय सीमा बढ़ाकर हम यह तय करेंगे कि लोग केवल उन आश्रितों को लाएं जिनकी सहायता वे आर्थिक रूप से कर सकें। ये वृद्धि जरूरी थी, क्योंकि 2012 से आय सीमा नहीं बढ़ाई गई थी।

अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

किंग सिटी (अमेरिका)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, "किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।" पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। वहीं, इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

विज्ञान इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।